PART-1

बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1935

(बिहार एवं उड़ीसा अधिनियम 6, 1935)

बिहार [------] राज्य में सहकारी सोसाइटी संबंधी विधि को समेकित तथा संशोधित करने के लिये अधिनियम।

प्रस्तावना—चूँकि कृषकों तथा सामान्य आवश्यकता वाले अन्य व्यक्तियों के बीच मितव्ययिता, स्वयं साहाय्य एवं उक्त साहाय्य की उन्नति के लिए सहकारी सोसाइटी का गठन, कार्यान्वयन तथा समेकन को आसान करना एवं आपसी प्रयोजनार्थ बिहार एवं उड़ीसा राज्यों में सहकारी समिति संबंधी विधि को समेकित तथा संशोधित करना शामिल है, और चूँकि इस अधिनियम को पारित करने के लिए भारत अधिनियम की धारा 80 (क) की उपधारा (3) के अधीन राज्यपाल की पूर्व अभिमत मिल चुकी है अतः एतद्वारा यथा निम्न रूप में अधिनियमित किया जाता है।

टिप्पणी

[जहाँ अत्यधिक संख्या में जलकरों की बन्दोबस्ती करनी हो, ऐसे मामलों में पचास प्रतिशत जलकरों की बन्दोबस्ती अधिनियम, 1935 के अन्तर्गत निबन्धित समितियों के साथ की जा सकती है। शेष बची पचास प्रतिशत की अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत निबन्धित समितियों के बीच उनके सदस्यों की संख्या के अनुपात में की जानी चाहिए। फिर भी अधिनियम, 1935 के अन्तर्गत निबन्धित समितियाँ जलकरों की बन्दोबस्ती के मामले में अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत निबन्धित समितियों पर अपनी अधिमानता का दावा नहीं कर सकती हैं। सिमरी बख्तियारपुर प्रखण्ड मत्स्यजीवी स्वावलम्बी सहकारी समिति सीमित बनाम बिहार राज्य, 2005 (3) पी०एल० जे०आर० 681]

अध्याय 1

प्रारम्भिक

1. संक्षिप्त नाम तथा विस्तार (1) इस अधिनियम को' खबिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1935, कहा जायेगा ।

(2)[1] [इसका विस्तार संपूर्ण बिहार राज्य में होगा।]

टिप्पणी

[सहकारी सोसाइटी विधि—सम्मत है। **शेख मुहम्मद अली बनाम बिहार स्टेट हाउसिंग बोर्ड**, 1989 पी०एल० जे०आर० 447: 1989 बी०एल० जे० 613: **डा० गीता सिंह बनाम बिहार स्टेट हाउसिंग बोर्ड**, 1989 बी०एल० जे० 613 ।]

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 81 (1) (ग) के प्रावधानों के तहत् सहकारी सोसाइटी के उस आय को कर मुक्त किया गया है जो समिति के सदस्यों द्वारा समिति कार्य हेतु विपणन कार्य हेतु परिलक्षित है। जो समिति के कार्यकलाप को प्रोत्साहित करता है। (1989) 2 एस०सी०सी० 679।

2. **परिभाषा**—इस अधिनियम में, अन्यथा विषय अथवा प्रसंग प्रतिकूल न हो—

(क) "उपविधि'' से अभिप्रेत है तत्समय प्रवृत्त निबंधित उपविधि एवं उसमें उपविधि का निबंधित संशोधन शामिल है;

(ख) "सहकारी परिसंघ'' से अभिप्रेत है वह निबंधित सोसाइटी जिसका मुख्य उद्देश्य अन्य निबंधित सोसाइटियों के कार्यकलापों को समन्वित तथा आसान बनाना तथा सहकारी आन्दोलन के विकास को समन्वित करना है;

[2] [(खख) **"सहकारी वर्ष**'' से अभिप्रेत है[1] [1 अप्रील, से प्रारम्भ होनेवाला और [31 मार्च'' को समाप्त होनेवाला वर्ष];

1. बिहार अधिनियम 5, 1989 द्वारा प्रतिस्थापित ।

2. बिहार अधिनियम 39, 1982 द्वारा अन्तःस्थापित ।

[6][(ग) ''**वित्तदाता बैंक**'' से अभिप्रेत है स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, राष्ट्रीयकृत वाणिज्य बैंक, राज्य सहकारी बैंक, कन्द्रीय सहकारी बैंक, भूमि विकास बैंक या राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया जानेवाला कोई अन्य बैंक, जिसको उद्देश्य हैं ऐसे निधि का निर्माण करना जिससे सहकारी सोसाइटी या अन्य संस्था अथवा दोनों को धन का कर्ज दिया जाय];

[4][''2 (ग ग) ''**सरकार**'' से अभिप्रेत है बिहार राज्य सरकार''];

(घ) ''**परिसमापक**'' से अभिप्रेत है निबंधित सोसाइटी के कामकाज के परिसमापनार्थ धारा 44 की उपधारा (1) के अधीन निबन्धक द्वारा नियुक्त एक या अधिक व्यक्तिय;

[5][(ङ) ''**बोर्ड**'' से अभिप्रेत है निदेशक बोर्ड अथवा शासी निकाय अथवा प्रबन्ध समिति, चाहे जो भी इसका नाम हो, जिसे सहकारी समिति के कामकाज का प्रबन्धन सौंपा गया हो।;

(च) ''**सदस्य**'' में शामिल हैं सोसाइटी के निबंधनार्थ आवेदन में सम्मिलित होनेवाला व्यक्ति एवं ऐसी सोसाइटी की नियमावली तथा उपविधियों के अनुसार निबन्धन के पश्चात् सदस्य रूप में प्रविष्ट व्यक्ति;

[1][(चच) ''**बहुबंधी सहकारी सोसाइटी**'' वह प्राथमिक सोसाइटी है जिसका गठन अपने सदस्यों को एक से अधिक प्रकार की सेवायें प्रदान करने के लिये किया गया हो और इसमें ईख उत्पादक सहकारी सोसाइटो के रूप में निबंधित कोई सोसाइटी शामिल है];

2[(चचच) ''**नाममात्र या सह–सदस्य**'' से अभिप्रेत है वह सदस्य जो सोसाइटी के सदस्य का वैसा विशेषाधिकार या अधिकार रखता हो और जो सदस्य के मात्र वैसे दायित्वों के अधीन रहे जो उप–विधियों द्वारा विहित किये जायें];

(छ) ''**पदाधिकारी**'' में शामिल है अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, प्रबन्ध समिति का सदस्य अथवा सोसाइटी के कारबार के संबंध में निदेश देने के लिए इस अधिनियम अथवा सोसाइटी की नियमावली या उपविधियों के द्वारा या अधीन अधिकार प्राप्त कोई अन्य व्यक्ति;

[5][''(छछ) ''**पदधारी**'' से अभिप्रेत है सहकारी समिति के सभापति, उपसभापति, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव अथवा कोषाध्यक्ष तथा किसी सहकारी समिति के बोर्ड द्वारा निर्वाचित कोई अन्य व्यक्ति।''

(छछछ) ''**प्राथमिक सोसाइटी**'' वह सोसाइटी है जिसका कोई सदस्य निबन्धित सोसाइटी न हो];

2 [(छछछछ) ''**प्राथमिक कृषि साख (क्रेडिट) सोसाइटी**'' से अभिप्रेत है ऐसी सहकारी सोसाइटी जिसका प्राथमिक उद्देश्य किसानों, ग्रामीण कारीगरों और कृषि मजदूरों को आर्थिक या अन्य सहायता देना है और इसमें कृषक सेवा सोसाइटी और बहुद्देशीय सहकारी सोसाइटी भी शामिल है];

(ज) ''**निबन्धित सोसाइटी**'' से अभिप्रेत है इस अधिनियम के अधीन निबन्धित अथवा पंजीकृत मानी जानेवाली सोसाइटी;

(झ) ''**निबन्धक**'' से अभिप्रेत है इस अधिनियम के अधीन सहकारी सोसाइटियों के निबन्धक के कर्त्तव्य पालन के लिए नियुक्त; एवं

(ञ) ''**नियमावली**'' से अभिप्रेत है इस अधिनियम के अधीन निर्मित नियमावली।

[3] [(ट) ''**परिवार**'' से अभिप्रेत है पति, पत्नी एवं उनके आश्रित पुत्रों तथा अविवाहित पुत्रियों की इकाई।

टिप्पणी

[किसी भी संयुक्त परिवार के एक से अधिक बालिग सदस्य सहयोग समिति के सदस्य नहीं हो सकते हैं। ऐसा होने से सभी सदस्य समिति से कर्ज लेने का प्रयास करेंगे जिसके कारण समिति के निधि को नुकसान पहुँच सकता है। लालजी भगत बनाम हंसदीन सहयोग समिति, एल०पी०ए० सं० 14, 1942, दिनांक 28—10—1942, पटना।]

4[(ठ) ''**अल्पकालीन सहकारी साख संरचना**'' में शामिल है राज्य सहकारी बैंक, केन्द्रीय सहकारी बैंक तथा प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी;

1. बिहार अधिनियम 39, 1982 द्वारा अन्तःस्थापित।
2. बिहार अधिनियम 21, 1976 द्वारा अन्तःस्थापित।
3. बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा अन्तःस्थापित।
4. बिहार अधिनियम 18, 2008 द्वारा अन्तःस्थापित।
5. बिहार अधिनियम सं० 6, 2013 दिनांक 22—5—2013 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. बिहार अधिनियम 39, 1982 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ड) ''**राष्ट्रीय बैंक**'' से अभिप्रेत है राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम, 1981 (अधिनियम 61, 1981) की धारा 6 के अधीन स्थापित राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक;

''**रिजर्व बैंक**'' से तात्पर्य है भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (अधिनियम 2, 34) के अधीन स्थापित भारतीय रिजर्व बैंक;

(ण) ''**सम्बद्धक सोसाइटी**'' से अभिप्रेत है निबंधित सोसाइटी जिसका दूसरी निबंधित सोसाइटी सदस्य है, और सम्बद्ध सोसाइटी का अर्थ है निबंधित सोसाइटी जो सम्बद्धक सोसाइटी का सदस्य है।

(त) ''**पंचायत**'' से अभिप्रेत है बिहार पंचायती राज अधिनियम, 2006 की धारा 11 एवं समय–समय पर उक्त में संशोधन के द्वारा अधिसूचित ग्राम पंचायत।]

[1]["(थ) ''**सामान्य निकाय**'' से अभिप्रेत है उस सहकारी समिति के सम्मिलित रूप से सभी सदस्य अथवा सभी सदस्यों के प्रतिनिधि।"

[1][''(द) ''**कृत्यकारी निदेशक**' 'से अभिप्रेत है उस नियमावली अथवा सहकारी समिति के उपविधियों में विनिर्दिष्ट समिति के कृत्यकारी कार्यपालक निदेशक।"

[1][''(ध) ''**पिछड़े वर्गों** '' से अभिप्रेत है तथा इसमें सम्मिलित है ''बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम–1991''

(बिहार अधिनियम सं०–3, 1992) की अनुसूची–2 में विनिर्दिष्ट पिछड़े वर्गों के नागरिकों की सूची, समय–समय पर यथासंशोधित;

[1]['' (न) ''**अति पिछड़े वर्गों**'' से अभिप्रेत है तथा इसमें सम्मिलित हैं ''बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए अधिनियम 1991'' (बिहार अधिनियम सं०–3, 1992) की अनुसूची–1 में विनिर्दिष्ट पिछड़े वर्गों के नागरिकों की सूची, समय–समय पर यथासंशोधित।]

3. भारतीय कम्पनी अधिनियम, 1913 लागू नहीं होगा–(1) निबन्धित सोसाइटी पर भारतीय कम्पनी अधिनियम, 1913 (7 सन् 1913)] [2] लागू नहीं होगा।

4. विद्यमान सोसाइटी की व्यावृत्ति–(1) इस समय विद्यमान प्रत्येक सोसाइटी जो सहकारी क्रेडिट सोसाइटी अधिनियम, 1904 (10 सन् 1904) के अधीन अथवा सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1912 (2 सन् 1912) के अधीन निबन्धित हुई है, इस अधिनियम के अधीन पंजीकृत मानी जायगी और इसकी उपविधियाँ, जब तक परिवर्त्तित या समाप्त न हों उस हद तक प्रवृत्त रहेंगी जिस हद तक वे इस अधिनियम के स्पष्ट प्रावधानों से असंगत नहीं हों।

(2) उक्त अधिनियम के अधीन की गई सारी नियुक्तियाँ, निर्मित नियमावली और आदेश, निर्गत अधिसूचनाएँ तथा सूचनायें, किये गये सारे संव्यवहार, संस्थित वाद एवं अन्य कार्यवाहियाँ, यथाशक्य इस अधिनियम के अधीन क्रमशः निर्मित, निर्गत किये गये तथा संस्थित माने जायेंगे ।

टिप्पणी

[''आदेश'' शब्द से अभिप्रेत है नियमानुसार पारित आदेश। **केदारनाथ लाल बनाय शिवनारायण राम**, ए०आई०आर० 1957 पटना 4081।]

5. अधिनियम में सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1912 के निदेशों का अर्थ लगाया जाना– भारत में किसी प्राधिकार द्वारा निर्मित तथा बिहार एवं उड़ीसा के प्रदेशों में तत्समय प्रवृत्त अधिनियम में किये जानेवाले सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1912 के सारे निर्देश उक्त राज्यों के वैसे किसी अधिनियम के प्रयोग में इस अधिनियम के निर्देश वैसे ही लागू माने जायेंगे।

अध्याय 2

सोसाइटियों का पंजीयन

6. निबन्धक–(1) राज्य सरकार राज्य अथवाउसके किसी भाग में सहकारी सोसाइटियों के लिए किसी व्यक्ति को निबन्धक के रूप में नियुक्त कर सकेगी और उस निबन्धक के सहायतार्थ अन्य व्यक्तियों को नियुक्त कर सकेंगी।

1. बिहार अधिनियम 6,2013 दिनांक–22–05–2013 द्वारा अन्तःस्थापित।
2. अब देखें–कम्पनी अधिनियम, 1956

(2) राज्य सरकार शासकीय राजपत्र में अधिसूचित सामान्य अथवा विशेष आदेश द्वारा निम्नांकित शक्ति सौंप सकेगी–

(क) निबन्धक के सहायतार्थ उपधारा (1) के अधीन नियुक्त किसी व्यक्ति को इस अधिनियम के अधीन धारा 26 के अधीन शक्तियों को छोड़कर निबन्धक की सारी अथवा कोई शक्ति, तथा

(ख) किसी सहकारी परिसंघ अथवा वित्तदाता बैंक को घारा 20, धारा 28 की उपधारा (3) तथा ख्भाग 34, धारा 35 और धारा 36, के अधीन निबन्धक की सभी अथवा कोई शक्ति ।

[2][(3) जहाँ राज्य सरकार की राय हो कि कार्यों के शीघ्र निबटारे के लिए निबन्धक को अपर निबन्धक की सहायता अपेक्षित है वहाँ वह राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा उतने अपर निबन्धक, नियुक्त कर सकेगा जितना वह उचित समझे ।

(4) अधिनियम के किसी अन्य उपबन्ध में किसी प्रतिकूल बात के होने पर भी निबन्धक, अपर निबन्धक को थे शक्तियाँ, कृत्य और कर्त्तव्य प्रत्यायोजित, अन्तरित या समनुदेशित कर सकेंगा जो वह आवश्यक समझे जिसमें धारा 26 और 56 के अधीन की शक्तियाँ भी शामिल है। तब, अपर निबन्धक को इस प्रकार प्रत्यायोजित, अन्तरित या समनुदेशित मामलों में निबन्धक की शक्तियाँ होगी।]

अधिसूचना, दिनांक 20–11–1991 बिहार गजट (असाधारण) दिनांक 27–11–1991 में प्रकाशित)– बिहार को–ऑपरेटिव सोसाइटीज ऐक्ट, 1935 की धारा 6 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार के राज्यपाल द्वारा उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 में निम्नांकित पदाधिकारी को उनके नाम के समक्ष स्तम्भ 3 में वर्णित शक्तियों, स्तम्भ 4 में वर्णित शक्ति सीमा के अधीन उक्त अधिनियम एवं बिहार सहकारी समिति नियमावली (बिहार को–ऑपरेटिव सोसाइटीज नियम), 1959 के अन्तर्गत निबंधक, सहयोग समितियों की शक्तियाँ प्रदान की जाती–

क्रमांक	पदाधिकारी का नाम	शक्तियाँ	शक्ति सीमा
1.	श्री सुभाष शर्मा, भा०प्र०से, अपर निबन्धक, सहयोग समितियाँ (औद्योगिक) बिहार, पटना ।	उक्त अधिनियम की धारा 26 एवं 56 तथा बिहार को–ऑपरेटिव सोसाइटीज (औद्योगिक) नियम, 1956 के एतद् संबंधी नियम को छोड़कर अधिनियम और नियम की सारी शक्तियाँ।	सभी स्तर की सहकारी समितियों के संबंध में।

उपर्युक्त शक्तियों का प्रयोग उनके पदस्थापन क्षेत्र के अन्तर्गत ही किया जाएगा।

टिप्पणी

[निबंधक की शक्तियाँ राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर भूतलक्षी प्रभाव से सहायक निबंधक को नहीं सौंपी जा सकती है। अच्युतानन्द सिंह बनाम राज्य, 1972 बी०आर०एल० जे० (रेभन्यु) 15 : ए०आई०आर० 1971 एस०सी० 2001: 1972 पी०एल० जे०आर० 146।

निबन्धक के सहायतार्थ नियुक्त व्यक्ति, धारा 26 के सिवाय, अधिनियम के अधीन निबन्धक की सभी या किसी भी शक्ति का प्रयोग करने का हकदार है, ऐसे सहायक कानून के द्वारा अभिव्यक्ततः अपवर्जित विस्तार के सिवाय राज्य सरकार द्वारा अधिनियम के अधीन प्रदत्त शक्ति का कानून की क्रिया द्वारा, प्रयोग करने के हकदार हैं। **योगेन्द्र प्रसाद बनाम अपर निबन्धक**, 1992 (1) पी०एल० जे०आर० 9 (एस०सी०)।

अधिनियम के अधीन निबंधक का केवल यह कार्य है कि वह इस बात को देखे कि अपेक्षाओं का अनुपालन किया गया है कि नहीं और यदि अनुपालन किया गया है उसे निबंधित करने के अलावा और कोई विवेकाधिकार नहीं है। सरकार इसमें किसी प्रकर का काट–छाँट अथवा उसमें कोई परिवर्तन नहीं कर सकती है, न ही वह किसी विपरीत कार्यकारी निदेशों के द्वारा उसे विशेषित कर सकती है। इस आशय की अधिसूचना कि आपवादिक मामलों में अधिनियम के अधीन निबंधक को किसी सहकारी समिति का निबंधन मंजूर करने के पूर्व सरकार का अनुमोदन

1. बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा प्रतिस्थापित ।

2. विहार अधिनियम 39, 1982 द्वारा अन्तः स्थापित ।

लेना चाहिए, बिना किसी क्षेत्राधिकार के है तथा गलत ढंग से निर्गत किया गया है। अधिनियम सरकार को ऐसा कोई अधिकार प्रदान नहीं करता, जो निबंधक को अधिकार से वंचित कर सके, तथा उसे सरकार के अनुमोदन के अधीन बना सके। तरडीह प्रखंड मत्स्यजीवी स्वावलम्बी सहकारी समिति बनाम बिहार सरकार, 2008 (1) पी०एल० जे०आर० 667 1,

7. सोसाइटी जो निबन्धित हो सकती है–' ख(1) इस अधिनियम के प्रावधानों के अध्यधीन, समय–समय पर यथा संशोधित उक्त अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार गठित सहकारी समिति, जिसका उद्देश्य सहकारिता सिद्धान्त के अनुरूप सदस्यों के समान हित की अभिवृद्धि करने के साथ भारत–संविधान के खण्ड।ट में निहित किसी या सभी निर्देशों की पूर्ति सुनिश्चित करना है, को इस अधिनियम के अधीन, सीमित या बिना सीमित दायित्व के रजिस्ट्रीकृत किया जा सकेगा ।,

(2) जहाँ सोसाइटी का दायित्व सीमित होगा वहाँ सभी सदस्य, भूतपूर्व सदस्य अथवा मृत सदस्य की सम्पत्ति का दायित्व में परिसमापन की दशा में उसके सदस्य द्वारा धारित अंशों पर असंदत्त राशि तक यदि हो, अथवा जहाँ दायित्व गारंटी के द्वारा सीमित होगा वहाँ वैसी गारंटी की राशि तक अथवा जहाँ किसी अन्य रीति से सीमित होगा वहाँ धारा 32 के प्रावधानों के अध्वधीन नियमावली अथवा उपविधियों में जिस प्रकार से विनिश्चित हो सकेगा उस प्रकार से सीमित होगा ।

(3) जहाँ सोसाइटी का दायित्व असीमित होगा वहाँ प्रत्येक सदस्य, भूतपूर्व सदस्य तथा मृत सदस्यों की सम्पत्ति, परिसमापन की स्थिति में धारा 32 के प्रावधानों के अनुसार सभी प्रभारों के लिए संयुक्त रूप से तथा पृथक् पृथक् दायी होंगे ।

8. **पंजीकरण की शर्तें**–(1) कोई भी सोसाइटी, उस सोसाइटी को छोड़कर जिसका एक सदस्य पंजीकृत सोसाइटी हो, इस अधिनियम के अधीन पंजीकृत नहीं की जायगी जो अठारह वर्ष से ऊपर की आयु के कम–से–कम दस व्यक्तियों की नहीं होगी एवं जिस सोसाइटी का प्राथमिक उद्देश्य अपने सदस्यों को ऋण देने के लिए निधियों का सृजन करना होगा, जब तक वैसे व्यक्ति–

(क) एक ही शहर अथवा ग्राम दल के निवासी न होंगे, अथवा

(ख) एक ही जनजाति, वर्ग अथवा धंधा के सदस्य न होंगे, किन्तु निबन्धक का अन्यथा निदेश अपवाद होगा ।

2 [(1–क) राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा सहकारी सोसाइटी के किसी विशिष्ट वर्ग के लिये इन व्यक्तियों की न्यूनतम सदस्य संख्या घटा सकेगी।]

3 ख(ख) बिहार सरकारी सोसाइटी अधिनियम, 1935 अथवा किसी अन्य बिहार अधिनियम अथवा उसके तहत् गठित नियमावली अथवा किसी सहकारी समिति या सहकारी समितियों के वर्ग की उपविधि अथवा राज्य सरकार या निबंधक, सहयोग समितियाँ द्वारा निर्गत किसी आदेश में अन्तर्विष्ट किसी प्रतिकूल प्रावधान के होते हुए भी, एक प्रखण्ड में मात्र एक निबन्धित मत्स्यजीवी सहयोग समिति होगी, जिसका कार्यक्षेत्र प्रखण्ड की भौगोलिक सीमा तक विस्तारित होगा ।

9. **पंजीकरण हेतु आवेदन**–(1) सोसाइटी के निबन्धन हेतु आवेदन–पत्र निबन्धक के पास दिया जायगा, तथा उसके साथ सोसाइटी की प्रस्तावित उपविधियों की एक प्रति रहेगी और जिन व्यक्तियों के द्वारा अथवा के तरफ से वैसा आवेदन–पत्र दिया जायगा वे सोसाइटी के संबंध में वैसी जानकारी देंगे जैसा निबन्धक अपेक्षा करे ।

(2) आवेदन–पत्र पर निम्नांकित हस्ताक्षर करेंगे–

[4] [(क) यदि आवेदक में कोई भी रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी नहीं हो, तो धारा 8 की उप–धारा (1) या उप–धारा (क) की अपेक्षानुसार अर्हता प्राप्त कम–से–कम दस या इससे भी कम व्यक्तियों द्वारा।]

1. बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा प्रतिस्थापित ।

2. बिहार अधिनियम 39, 1982 द्वारा अन्तःस्थापित ।

3. बिहार अधिनियम 22, 2010 द्वारा अन्तःस्थापित ।

4. बिहार अधिनियम 39, 1982 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[1][परन्तु यह कि आवेदक पृथक परिवारों के पुरुष अथवामहिला होंगे।]

(ख) यदि आवेदकों में कोई निबंधित सोसाइटी हो तो वैसी प्रत्येक निबंधित सोसाइटी की ओर से सम्यक् रूप से प्राधिकृत व्यक्ति, एवं यदि सोसाइटी के सभी सदस्य निबन्धित सोसाइटी में हो तो दस अन्य सदस्य अथवा, यदि दस अन्य सदस्यों से कम सदस्य हों तो वे सभी सदस्य ।

[1][(3) प्रत्येक ऐसा आवेदन के साथ निम्नलिखित संलग्न किया जायेगा–

(क) संप्रवर्त्तक सदस्यों द्वारा यथा अंगीकृत सहकारी समिति की प्रस्तावित उपविधि की चार प्रतिक,

(ख) सदस्यों के नामों की सूची, उनका पता, पेशा एवं हिस्सा भागीदारी,

(ग) संप्रवर्त्तक सदस्यों द्वारा निर्वाचित प्रथम बोर्ड के व्यक्तियों के नामों की सूची,

(घ) अध्यक्ष द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित उस बैठक के संकल्प की सच्ची प्रतिलिपि, जिसमें उपविधि अंगीकृत की गयी हो।,

10. कतिपय प्रश्नों पर निबन्धक द्वारा निर्णय लेने की शक्ति–जब प्रश्न उत्पन्न हो कि इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ अमुक व्यक्ति कृषक है अथवा गैर कृषक, या कोई व्यक्ति अमुक नगर या ग्राम या ग्राम दल का निवासी है, अथवा दो या अधिक ग्राम मिलाकर एक दल समझा जाय अथवा कोई व्यक्ति किसी विशेष जनजाति, वर्ग या धंधा का है तो उस प्रश्न का निर्णय निबन्धक करेगा और उसका निर्णय अन्तिम होगा।

11. पंजीकरण–[2] [(1) यदि रजिस्ट्रार का यह समाधान हो जाय कि समिति ने इस अधिनियम के प्रावधानों तथा नियमावली का अनुपालन किया है और उसकी प्रस्तावित उपविधियाँ इस अधिनियम अथवा नियमावली के प्रतिकूल नहीं है तो वह समिति एवं उसकी उपविधि को रजिस्ट्रीकृत कर सकेगा तथा समिति के संगठनकर्ताध्संप्रवर्तक को आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख से नब्बे दिनों के भीतर रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र एवं स्वयं द्वारा सम्यक्रूप से हस्ताक्षरित एवं मुहरबंद रजिस्ट्रीकृत उपविधियों की मूल प्रति रजिस्ट्रीकृत डाक से भेज देगा।

(2) यदि रजिस्ट्रार की राय में उपरोक्त उपधारा (1) के अधीन अनुबद्ध शर्तों को पूरा किया गया प्रतीत न हो तो इन्कार करने के कारणों को अभिलिखित करते हुए, आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख से नब्बे दिनों के भीतर समिति का रजिस्ट्रेशन करने से वह इन्कार कर देगा और संगठनकर्त्ताध्संप्रवर्तक को निबन्धित डाक से अपने निर्णय को प्रेषित करेगा। नियत अवधि के भीतर इनका प्रेषित नहीं किये जाने की स्थिति में सहकारी समिति रजिस्ट्रीकृत समझी जायेगी और ऐसी स्थिति में रजिस्ट्रार एक माह के भीतर रजिस्ट्रीकृत समझे जाने का प्रमाण–पत्र और स्वहस्ताक्षरित एवं मुहर सहित रजिस्ट्रीकृत उपविधि की मूल–प्रति निबन्धित डाक से प्रेषित करेगा ।

(3) जहाँ उपधारा (2) के प्रावधानों के अनुसार रजिस्ट्रीकरण का आदेश संगठनकर्त्ताध्संप्रवर्त्तक को प्राप्त हो गया हो अथवा विहित अवधि के भीतर समझा गया रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र संगठनकर्ताध्संप्रवर्त्तक को प्राप्त नहीं हुआ हो, तो यदि ऐसा आदेश धारा 6 की उपधारा (2) के खण्ड (क) के अधीन रजिस्ट्रार की सहायता के लिए नियुक्त व्यक्ति द्वारा दिया गया हो तो वह सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार के पास अपील कर सकेगा और यदि ऐसा आदेश सहकारी समिति के रजिस्ट्रार द्वारा दिया गया हो तो, राज्य सरकार के पास अपील संस्थित किया जाएगा ।

परन्तु ऐसी अपील इन्कार आदेश के प्राप्ति के साठ दिनों के भीतर अथवा समझा गया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र के संसूचन हेतु विहित की गई अवधि के समाप्ति से साठ दिनों के भीतर की जा सकेगी।

(4) यदि रजिस्ट्रार की राय में सोसाइटी के संगठनकर्त्ताध्संप्रवर्त्तक द्वारा सोसाइटी का रजिस्ट्रेशन छल या गलती से करा लिया गया है तो रजिस्ट्रार उक्त रजिस्ट्रेशन को रद्द करने हेतु राज्य सरकार के पास अपील कर सकेंगे,

परन्तु वह अपील रजिस्ट्रेशन आदेश के साठ दिनों के भीतर ही की जा सकेगी ।,

टिप्पणी

[आवश्यकता नहीं होने पर किसी कर्मचारी को तीन माह पूर्व एतदर्थ सूचना देकर या तीन माह का वेतन देकर पदच्यूत किया जा सकता है। **चतुर्भुज सहाय बनाम चेयरमैन, निदेशक पर्षद, बिहार राज्य को–ऑपरेटिव बैंक लि०,** ए०आई०आर० 1955 पटना 223।

उप विधियों जो अधिनियम एवं नियमावली के प्रावधानों के अनुकूल न हो। अविधिमान्य समझी जायेगी। 1959 बी०एल० जे०आर० 38 ।

निबंधक को पूर्व में दिए गए अधिकार से वंचित करने संबंधी अधिसूचना के बाद सहायक निबंधक द्वारा निर्गत सहकारी समिति के निबंधन का प्रमाण–पत्र। सहकारी समिति को स्वीकृत निबंधन तकनीकी तौर पर गलत हो सकता

1. बिहार अधिनियम 10,2002 द्वारा अन्तःस्थापित ।

2. प्रतिस्थापित तत्रैव ।

है, लेकिन कानूनी तौर पर गलत नहीं है, क्योंकि निबंधन के लिए निबंधक के पास आवेदन दिया गया था तथा सरकार से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त उसने सहायक निबंधक को उक्त निबंधन करने का निर्देश दिया। इसका प्रभाव यह है कि गलत व्यक्ति ने सक्षम व्यक्ति के निर्देशन में अपने अधिकार का प्रयोग किया। निबंधक द्वारा अपने वैधानिक कार्य करने में असफल रहने के लिए सहकारी समिति को जवाबदेह नहीं ठहराया जा सकता। **तरडीह प्रखंड मत्स्यजीवी स्वावलम्बी सहकारी समिति बनाम बिहार सरकार**, 2008 (1) पी०एल० जे०आर० 6671,

1[''11–क. सहकारी समितियों का निबन्धन जो इस अधिनियम द्वारा निबंधित नहीं है। जहाँ बिहार स्वावलम्बी सहकारी समिति अधिनियम, 1996 की धारा 5 के अन्तर्गत निबंधित समिति इस अधिनियम के अधीन सहकारी समिति के रूप में सम्परिवर्तित करने का निर्णय लेती है, इस प्रयोजनार्थ इस अधिनियम के अधीन लिखित प्रावधानों एवं सरकार के निर्णय के अनुरूप निबंधन हेतु आवेदन करेगी।'',

[2][11.ख. बिहार अधिनियम ट५ 1935 या किसी अन्य अधिनियम अथवा उसके तहत् गठित नियमावली अथवा किसी सहकारी समिति या सहकारी समितियों के वर्ग की उपविधि अथवा राज्य सरकार या निबंधक, सहयोग समितियाँ द्वारा निर्गत किसी आदेश में अन्तर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, सभी विद्यमान प्रखण्डस्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति, जिनका कार्यक्षेत्र प्रखण्ड के भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित हो, एक समिति में संविलित माने जाएँगे तथा बिहार अधिनियम ट५ 1935 के अन्तर्गत एक नई समिति स्वतः निबन्धित समझे जाएँगे एवं निबंधक, सहयोग समितियाँ निबंधन प्रमाण–पत्र निर्गत करेगा,

परन्तु, ऐसा पुनर्गठन होने पर विद्यमान सहयोग समिति अथवा बिहार अधिनियम ट५ 1935 अथवा बिहार स्वावलम्बी सहकारी समिति अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत निबन्धित सहकारी समिति के सभी सदस्य पुनर्गठित समिति के सदस्य समझे जाएँगे एवं सदस्यों को वैसे समिति के सदस्यों के सभी अधिकार एवं दायित्व प्राप्त होंगे ।

परन्तु, यह और कि, वैसे पुनर्गठन के बाद, निबंधक ध्सरकार, पुनर्गठित समिति एवं वैसे सम्बद्ध समितियों, जिसके मत्स्यजीवी सहयोग समिति सदस्य हो, के कार्य संचालन हेतु तदर्थ प्रबन्ध समिति गठित करेगा, जिसकी अवधि एक वर्ष से अनधिक होगी तथा जिसके अधीन निर्वाचन के बाद नई प्रबन्ध समिति का गठन किया जाएगा।

12. **रजिस्ट्रार का साक्ष्य**– जबतक यह सिद्ध न हो कि सोसाइटी का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है तब तक निबन्धक द्वारा हस्ताक्षरित पंजीकृत प्रमाण–पत्र इस बात का निश्चयात्मक साक्ष्य होगा कि उसमें कित सोसाइटी विधिवत् पंजीकरण है।

अध्याय 3

पंजीकृत सोसाइटी के निगमन–कार्य एवं विशेषाधिकार

13. **सोसाइटी निगम निकाय होगी**– सोसाइटी का पंजीकरण जिस नाम से वह पंजीकृत होगी उसके अधीन शाश्वत् उत्तराधिकार तथा सामान्य मुहर एवं सम्पत्ति अर्जित तथा धारित करने, संविदा करने, वादों और अन्य विधिक कार्यवाहियों को संस्थित तथा प्रतिरक्षित तथा जिन प्रयोजनों के लिये इसका गठन हुआ है उनके लिये सब आवश्यक कार्य करने की शक्ति के साथ उसे निगम निकाय बना देगा।

[3] [13–क. राज्य सरकार के द्वारा सहकारिता आन्दोलन का उन्नयनः ख'' (1) राज्य में सहकारी समितियों के स्वैच्छिक गठन, स्वायत्त कार्यकलाप, जनतांत्रिक नियंत्रण एवं व्यावसायिक प्रवन्धन को

प्रोत्साहित एवं उन्नय करना और इस ओर ऐसे कदम उठाना, जिसकी आवश्यकता हो, राज्य सरकार का दायित्व होगा ।

[4][(2) उप–धारा (1) के प्रावधानों के अधीन सहकारी समिति के प्रोत्साहन एवं उन्नयन हेतु राज्य सरकार, यदि आवश्यक समझे तो–

(क) किसी सामान्य या निबंधित सहकारी समिति के किसी वर्ग के विकास में सहायता के विचार से सहकारी समिति की हिस्सा–पूँजी में सीधे अंशदान दे सकेगीय

(ख) किसी सहकारी समिति की हिस्सा पूँजी के निर्माण एवं सम्बर्द्धन के लिए सहायता कर सकेगीय

(ग) सहकारी समिति को ऋण या अग्रिम दे सकेगी या सहकारी समिति के द्वारा निर्गत डिबेंचर पर मूल धन के पुनर्भुगतान और सूद के भुगतान की गारंटी दे सकेगी या किसी सहकारी समिति को दिये गये ऋण या अग्रिम के मूलधन के पुनर्भुगतान औरसूद के भुगतान की गारंटी दे सकेंगी।'',

1. बिहार अधिनियम 18, 2008 द्वारा अन्तः स्थापित ।

2. बिहार अधिनियम 22, 2010 द्वारा अन्तःस्थापित ।

3. बिहार अधिनियम 5, 1989 द्वारा अन्तः स्थापित ।

4. बिहार अधिनियम 6, 2013 दिनांक–22–05–2013 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[13–ख. नाम का संप्रदर्शन (1) प्रत्येक सहकारी सोसाइटी बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1935 के अधीन अपने रजिस्ट्रोकृत कार्यालय का नाम एवं पता सुपाठ्य अक्षरों में तथा ऐसे प्रत्येक कार्यालय के स्थान पर जहाँ इसका कारबार होता हो, सहज दृश्य स्थानों और निम्नलिखित में भी संप्रदर्शित करेगा –

(क) प्रत्येक सूचना एवं प्राधिकृत प्रकाशन में,

(ख) अपने सभी सविया, कारबार के पत्रों, माल के लिए आदेश, बीजक, लेखा–विवरणी, रसीद एवं प्रत्यय–पत्रों पर,

(ग) सभी विनिमय–पत्रों, वचन–पत्रों, पृष्ठांकन, चेकों एवं भुगतान आदेश पर जिन पर उसकी या उसकी ओर से हस्ताक्षर किया जाता हो,

(2) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत सहकारी सोसाइटी अपने नाम में, राजभाषा में ''कोआपरेटिव'' तथा ''लिमिटेड'' अनलिमिटेड'' अथवा राज्य–सूची में मान्यता प्राप्त अन्य भाषाओं के पर्यायवाची शब्दों को अवश्य रखेगी।,

14. **पंजीकृत सोसाइटी के पास प्रबन्ध समिति आदि होंगे**–(1) प्रत्येक निबंधित सोसाइटी का नियमावली के अनुसार एक निबन्धित पता होगा जिस पर सारी सूचनायें तथा संचार प्रेषित किए जा सकेंगे एवं उक्त पता में कोई परिवर्तन होने पर इसकी लिखित सूचना निबन्धक को, उस किसी वित्तपोषक बैंक को, जिसका वह शेयरधारक, हो, तथा सहकारी परिसंघ को, यदि रहे वैसे परिवर्तन के पन्द्रह दिन के भीतर प्रेषित करनी होगी।

[2][(2) रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी का प्रबन्धन इस अधिनियम एवं इस अधिनियम के अधीन बनाई गई नियमावलीध उपविधियों के प्रावधानों के अनुसार गठित प्रबन्ध समिति में निहित होगा।

इस अधिनियम या इस अधिनियम के अधीन बनाई गई सोसाइटी नियमावलीध्उपविधियों के किसी प्रावधान में किसी बात के अन्तर्विष्ट होते हुये भी सोसाइटी की प्रबन्ध समिति में पदधारक या पदधारकों सहित शीर्ष एवं राज्य स्तरीय समिति में अधिकतम सत्तरह, केंद्रीय सहकारी सोसाइटी में पन्द्रह तथा प्राथमिक सोसाइटी में तेरह सदस्य होगा।

3 ["परन्तु यह कि प्रत्येक सहकारी सोसाइटी के बोर्ड में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति के लिए दो स्थान, पिछड़े वर्गों के लिए दो स्थान और अति पिछड़े वर्गों के लिए दो स्थान आरक्षित होगाः

परन्तु और यह कि उपर्युक्त परन्तुक में यथाविहित स्थानों के आरक्षण के ध्येय से राज्य सरकार, सामान्य अथवा विशेष आदेश के द्वारा, वैसी समितियों अथवा समितियों के वर्ग को जिनमें सदस्यों के रूप में व्यष्टि अन्तर्विष्ट नहीं हैं अथवा जिनमें उपर्युक्त आरक्षण श्रेणियों से सदस्य नहीं हैं, को अपवर्जित कर सकेगीः

परन्तु और यह कि उपर्युक्त के अधीन आरक्षित स्थानों की कुल संख्या कुल स्थानों के पचास प्रतिशत से अनधिक होगा :

परन्तु और भी कि उपर्युक्त के अधीन आरक्षित स्थानों की कुल संख्या के पचास प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम किन्तु इससे अनधिक स्थान यथास्थिति अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जन जातियों, पिछड़े वर्गों और अति पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे :

परन्तु यह और भी कि अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जन जातियों पिछड़े वर्गों एवं अति पिछड़े वर्गों के लिए जो स्थान आरक्षित नहीं नहीं किये गये हैं, उनमें से पचास प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम किन्तु इससे अनधिक स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे :

परन्तु यह और भी कि इस प्रकार महिलाओं के लिए आरक्षित कुल स्थानों की संख्या दो से अन्यून होगीः

इस प्रकार आरक्षित स्थान, अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति के सदस्यों, पिछड़े वर्गों और अति पिछड़े वर्गों के सदस्यों तथा महिलाओं के बीच से, निर्वाचन या/और सहयोजन द्वारा भरे जायेंगे। यह प्रावधान प्राथमिक सोसाइटी से शीर्ष सोसाइटी तक की सभी सोसाइटियों पर लागू होगा :

परन्तु और भी कि प्राथमिक समिति तथा शीर्ष समिति तक ऐसा आरक्षण इस प्रयोजनार्थ इस अधिनियम के अधीन बनायी गयी नियमावली द्वारा शासित होगा।''

[4][(3) जब राज्य सरकार का कोई पदाधिकारी किसी निबंधित सोसाइटी में प्रबंध निदेशक, कार्यपालक पदाधिकारी अथवा उसका उस तरह के किसी अन्य पद पर प्रतिनियुक्त होता है तो वह मुख्य कार्यपालक होगा और प्रबन्ध समिति के सामान्य निदेश एवं नियंत्रण के अध्यधीन उसकी निम्नलिखित शक्तियाँ एवं कृत्य होंगे–

1. बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा प्रतिस्थापित ।

2. बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा अन्तःस्थापित ।

3. बिहार अधिनियम सं०–6, 2013 दिनांक–22–05–2013 द्वारा प्रतिस्थापित ।

4. बिहार अधिनियम 5, 1989 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(i) निबंधित सोसाइटी के प्रशासन पर सामान्य नियंत्रण रखनाय

(ii) प्रबंध समिति की बैठक आहूत करनाय

(ii) निबंधित सोसाइटी की ओर से सभी रुपये तथा प्रत्याभूति प्राप्त करना तथा निबंधित सोसाइटी के नगद शेष तथा अन्य सभी सम्पत्तियों के संधारण एवं अभिरक्षा के लिए व्यवस्था करना।

(iv) निर्बोधत सोसाइटी की ओर से प्रोमिसरी नोट, सरकारी तथा अन्य प्रत्याभूतियों का पृष्ठांकन एवं अन्तरण करना और चेकों तथा अन्य नेगोशियेबुल इन्स्ट्रूमेंट का पृष्ठांकन, उसपर हस्ताक्षर तथा पराक्रमण करनाय

(v) निबंधित सोसाइटी के दैनिक कारोबार एवं कार्यकलापों का सामान्य संचालन, पर्यवेक्षण एवं प्रबंधन के लिए उत्तरदायी होनाय

(vi) बैंकों में निबन्धित सोसाइटी का लेखा संचालन करना तथा सभी प्राप्तियाँ तथा जमा पर हस्ताक्षर करनाय

(vii) निबन्धित सोसाइटी के पक्ष में सभी बन्ध—पत्रों तथा अनुबन्धों पर हस्ताक्षर करनाय

(viii) निबन्धित सोसाइटी के कर्मचारियों के अधिकारों, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों का निर्धारण करनाय

(ix) निबन्धित सोसाइटी की उप—विधियों के अन्तर्गत प्रबन्ध समिति में निहित शक्तियों को छोड़कर निबन्धित सोसाइटी के किसी वेतनभोगी कार्मिक को नियुक्त, पदोन्नत, स्थानान्तरित, दंडित, निलम्बित, सेवामुक्त अथवा बर्खास्त करनाय

(x) निबन्धित सोसाइटी के विरुद्ध अथवा पक्ष में मुकदमा दायर करना अथवा किसी मुकदमें या अन्य न्यायिक कार्यवाही का संचालन करना, प्रतिवाद करना समझौता करना एवं वापस लेना तथा किसी दावा के भुगतान अथवा पूत्ति के लिए समय स्वीकृत करना या समझौता करनाय

[(xi) उनके नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में निबंधित सोसाइटी के किसी कर्मचारी अथवा कर्मचारियों को सभी अथवा कोई शक्ति प्रत्यायोजित करना ।

[1][(4—क) इस अधिनियम के किसी प्रावधान अथवा इसके अधीन बनायी गयी नियमावली अथवा किसी रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी की उपविधियों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुये भी जहाँ रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी में राज्य सरकार तीस लाख रुपये से अधिक हिस्सा पूँजी सीधे निवेश की हो उस दशा में उस सोसाइटी की प्रबन्ध समिति में राज्य सरकार तीन व्यक्तियों को सदस्य के रूप में नाम निर्देशित कर सकेगीः

परन्तु उन नाम निर्देशित सदस्यों में दो सरकारी सेवा से एवं तीसरा सोसाइटी के क्रियाकलापों से सम्बन्धित सहकारीधवित्तीय संस्थान का पदधिकारी होगा :

परन्तु और कि सोसाइटी की उपविधियों में यथा उपबंधित पदेन सदस्यों की गणना नाम निर्देशन हेतु उपबंधित कोटाधनियत संख्या में की जायगी :

परन्तु और भी कि ऐसे नाम निर्देशित सदस्य इस अधिनियम या इसके अधीन बनाई गई नियमावली या समिति की उपविधि के अनुसार आहूत की गई रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी की प्रबन्ध समिति की किसी बैठक और अथवा शेयरधारकों की सामान्य बैठक में भाग ले सकेंगे और प्रबन्ध समिति की बैठक में मत दे सकेंगे, किन्तु शेयरधारकों की सामान्य बैठक में मत देने के हकदार नहीं होंगे ।,

[2][''(4) (ख) इस अधिनियम के किसी प्रावधान अथवा इसके अधीन बनायी गयी नियमावली अथवा किसी सहकारी समिति की उपविधियों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, समिति के बोर्ड में बैकिंग, प्रबन्धन, वित्त अथवा समिति के उद्देश्यों और कार्यकलाप के अनुरूप दूसरे क्षेत्रों के विशिष्ट योग्यता प्राप्त व्यक्तियों को सदस्य के रूप में समिति द्वारा सहयोजित किये जा सकेंगे;

परन्तु इस प्रकार सहयोजित सदस्यों की संख्या दो से अधिक नहीं होगी और यह उप–धारा (2) में विनिर्दिष्ट बोर्ड की अधिकतम संख्या के अतिरिक्त होगीय

परन्तु और कि ऐसे सहयोजित सदस्यों को सहकारी समिति के किसी निर्वाचन में ऐसी सदस्यता के अधीन मत देने का अधिकार नहीं होगा और न वे बोर्ड में पदधारी के रूप में निर्वाचित होने के पात्र होंगेय

परन्तु और भी कि सहकारी समिति के कृत्यकारी निदेशक भी बोर्ड के सदस्य होंगे और उप–धारा (2) में विनिर्दिष्ट निदेशकों की कुल संख्याकी गणना के प्रयोजनार्थ ऐसे सदस्य अपवर्जित किये जायेंगे ।

1. बिहार अधिनियम सं०–6,2013 दिनांक–22–05–2013 द्वारा पुर्नसंख्यांकित ।

2. अन्तःस्थापित तत्रैव ।

1 [(5) इस अधिनियम के किसी प्रावधान, इसके अधीनबनायी गयी नियमावली एवं सोसाइटी की उपविधियों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुये भी, रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी की प्रबन्ध समिति में राज्य सरकार द्वारा पूर्व में मनोनीत सदस्य एवं पधारी इस संशोधन अधिनियम, 2002 के गजट में प्रकाशन की तिथि से नब्बे दिनों के अन्दर पदमुक्त हो जायेंगे, और वह रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी रिक्त पदों पर अपनी पदावधि की अवशेष अवधि के लिए निर्वाचन करायेगी।

परन्तु और कि अवक्रमित समितियों में सोसाइटी के प्रशासक इस संशोधन अधिनियम, 2002 के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से बारह महीने के भीतर निर्वाचन द्वारा नई प्रबन्ध समिति का गठन करायेंगे अन्यथा रजिस्ट्रार अगले तीन महीने के लिए उस सोसाइटी के लिए एक नया प्रशासक नियुक्त करेगा और निर्वाचन द्वारा नई प्रबन्ध समिति गठित करायगा ।,

(6) [2][xxxx],

[1][(7) उप–धारा (9) के प्रावधानों के होते हुए भी प्रबंध समिति का नाम निदेशित सदस्य राज्य सरकार के प्रसाद पर्यन्त पद धारण करेंगे।

(8) [2][xxxx],

3 ['' (9) किसी सहकारी समिति के नियमों या उपविधियाँ में किसी बात के अन्तर्विष्ट होने पर भी, किसी सहकारी समिति की बोर्ड के निर्वाचित सदस्यों एवं पदाधिकारियों की पदावधि निर्वाचन की तिथि से पाँच वर्षों की होगी और पदाधिकारियों की पदावधि बोर्ड के पदावधि के सह–विस्तारी होगी,

परन्तु बोर्ड आकस्मिक रिक्ति को उसी वर्ग के सदस्यों से, मनोनयन द्वारा भर सकेगा, जिससे संबंधित आकस्मिक रिक्ति उत्पन्न हुई हो, यदि बोर्ड की मूल अवधि के आधे से कम की बाकी होय

परन्तु यह और यदि बोर्ड की अवधि उसकी मूल अवधि के आधे से अधिक बाकी हो, और यदि सदस्यों अथवा पदाधिकारियों के निर्वाचन के लिए चाहे जिस किसी कारण से कोई भी रिक्ति उत्पन्न होती है तो शेष अवधि के लिए, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार उप–निर्वाचन कराकर रिक्ति को भरेगा।''

ख(10) बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार किसी सहकारी समिति, जहाँ राज्य सरकार ने हिस्सापूँजी अथवा ऋण अथवा वित्तीय सहायता अथवा कोई सरकारी गारंटी दी हो, में बोर्ड का निर्वाचन संचालित करने में यदि कारणवश असफल हुआ हो तो बोर्ड अवधि की समाप्ति की तिथि से स्वतः अधिक्रमित समझा जायेगा तथा निबन्धक, सहयोग समितियाँ, विधि के अनुसार नये बोर्ड के गठन हेतु छः माह से अनधिक अवधि के लिए किसी व्यक्ति को प्रशासक के रूप नियुक्त करेंगे। इस प्रकार नियुक्त प्रशासक बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को निर्वाचन के संचालन में हर संभव सहायता करेगा। यह व्यवस्था पूर्णतः अन्तरिम व्यवस्था होगी और प्रशासक, विहित अवधि के भीतर, निर्वाचन के उपरान्त नये बोर्ड को समिति का प्रबन्धन सौप देगा,

परन्तु जहाँ सरकार हिस्सा–पूँजी अथवा ऋण अथवा वित्तीय सहायता अथवा किसी प्रकार की गारंटी नहीं दी हो और जहाँ बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार बोर्ड की अवधि की समाप्ति के पूर्व निर्वाचन संचालित करने में असफल रहता है, तो निबंधक, सहकारी समितियाँ निर्वाचन संचालन करने के प्रयोजनार्थ एक तदर्थ बोर्ड की नियुक्ति के लिए सदस्यों की एक विशेष आम सभा आयोजित करने का आदेश दे सकेंगे,

परन्तु यह और कि निर्वाचन संचालन करने के प्रयोजनार्थ तदर्थ समिति में बोर्ड के वहिर्गामी सदस्य अथवा पदधारी सम्मिलित नहीं किये जायेंगे,

परन्तु और भी कि इस प्रकार नियुक्त तदर्थ बार्ड की अवधि छः माह से अधिक की नहीं होगी, और, वह तदर्थ बोर्ड बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को निर्वाचन के संचालन में हर संभव सहायता प्रदान करेगा। यह व्यवस्था पूर्णतः अंतरिम व्यवस्था होगी और इस प्रकार नियुक्त तदर्थ बोर्ड, विहित अवधि के भीतर, निर्वाचन के उपरान्त नये बोर्ड को समिति का प्रबन्धन सौंप देगा।''

(11) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी अपने निबन्धित पता पर हर समुचित समय निम्नांकित कागजात निःशुल्क निरीक्षण के लिए खुली रखेगी–

(क) इस अधिनियम की प्रति,

(ख) उस सोसाइटी को प्रशासित करनेवाली नियमावली की प्रति,

1. बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपधारा (6) ''और उपधारा (8)'' निरसित तत्रैव ।
3. बिहार अधिनियम सं०–6, 2013 दिनांक–22–05–2013 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ग) उस सोसाइटी की उपविधियों की प्रति, तथा

(घ) अपने सदस्यों की पंजी

[1][XXXX]

टिप्पणी

[प्रार्थी, सहकारिता बैंक में सावधिक पदस्थापन पर चेयरमैन का प्रभारधारी, प्रार्थी इस आधार पर अपने पद से हटने में विलम्ब नहीं कर सकता कि शासकीय राजपत्र में इसके प्रकाशन होने पर भी उन्हें संशोधन की शीघ्र जानकारी नहीं हुई क्योंकि अधिनियम में संशोधित प्रावधान केवल सरकार द्वारा मनोनीत पधारकों को ही प्रभावित करने को आशयित था और संशोधन तत्क्षण से प्रभावकारी होना आज्ञापित था। नवल किशोर यादव बनाम बिहार राज्य, 2002 (4) पी०एल० जे०आर० 426।]

[14क–कुछ रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी के प्रबन्ध समिति का निर्वाचन ख'' (1) इस अधिनियम तथा उसके अधीन बनी नियमावली तथा निबन्धित समिति की उप–विधि के किसी प्रावधानों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, इस अधिनियम के अधीन निबन्धित समिति के प्रबंध समिति के निर्वाचन का संचालन, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 के अधीन गठित बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 तथा उसके अधीन बनी नियमावली सपठित बिहार सहकारी सोसाईटी अधिनियम, 1935 तथा उसके अधीन बनी नियमावली के अधीन निर्वाचन के संचालन के लिए विहित रीति से किया जायेगा,

परन्तु विद्यमान प्रावधानों के अधीन सक्षम प्राधिकार द्वारा संचालित निबन्धित सहकारी सोसाईटी के सभी पूर्व निर्वाचन सुरक्षित रहेंगे,

परन्तु, और कि, सहकारी समितियों के प्रबंध समिति का निर्वाचन सम्पन्न कराने संबंधी कोई कार्रवाई, आदेश, निर्णय इस संशोधन के अधीन किया गया समझा जायेगा तथा वैसा सम्पन्न कोई निर्वाचन किसी न्यायालय के निर्णय, आदेश अथवा डिक्री के होते हुए भी, विधिमान्य समझा जायेगा।''

3ख'' (2) इस अधिनियम तथा उसके अधीन बनी नियमावली तथा निबंधित समिति की उप–विधि के किसी प्रावधान में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुये भी, इस अधिनियम के अधीन निबन्धित सहकारी समितियों के प्रबंध समिति का निर्वाचन, इस धारा के प्रावधान के अधीन सम्पन्न होगा यदि निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी हो परन्तु निर्वाचन का परिणाम घोषित नहीं हुआ हो।''

[3][''(3) इस अधिनियम तथा उसके अधीन बनी नियमावली तथा निबंधित समिति की उपविधि के किसी प्रावधान में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुये भी इस अधिनियम के अधीन निबन्धित सहकारी समितियों के प्रबंध समिति का निर्वाचन इस अधिनियम की धारा 14 की उप–धारा (9) में यथा विहित प्रबंध समिति की कालावधि की समाप्ति के पूर्व अथवा इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन पारित प्रबंध समिति के अधिक्रमण आदेश की तिथि से नौ माह के भीतर संपन्न होगा,

परन्तु इस संशोधन के अधिसूचना की तिथि को प्रबंध समिति के अधिक्रमण के मामले में, प्रबंध समिति का निर्वाचन नौ माह के भीतर होगा।''

[XXX]

4[XXX]

6. उप–धारा (1) के तहत अधिसूचित वर्गों अथवा किसी वर्ग की कोई भी रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी के निर्वाचन के परिणाम के 90 दिनों के अन्दर दाखिल एक निर्वाचन याचिका को छोड़ कर किसी भी रीति से प्रश्न नहीं उठाया जाएगा एवं उसे इस अधिनियम के धारा 48 के अधीन विवाद के रूप में विनिश्चय किया जाएगा। ऐसे निर्वाचन याचिका को रजिस्ट्रार अथवा इस अधिनियम की धारा–6 के अधीन रजिस्ट्रार के सहायतार्थ नियुक्त ऐसे अन्य पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया जा सकेगा ।,

15. **ऋण लेने पर प्रतिबन्ध**– पंजीकृत सोसाइटी मात्र सदस्यों तथा गैर सदस्यों से उस सीमा तक एवं उन शर्त्तों के अधीन जमा और ऋण प्राप्त करेगी जो नियमावली अथवा उपविधियों में विहित होंगे ।

16. **ऋण देने पर प्रतिबन्ध**–(1) बिना निबंधक की सामान्य अथवा विशेष मंजूरी के तथा उसके द्वारा अधिसेपित प्रतिबन्धों के अधीन निबन्धित सोसाइटी–

1. उपधारा 11 का परन्तुक बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा निरसित ।
2. बिहार अधिनियम 18,2008 द्वारा अन्तः स्थापित ।
3. बिहार अधिनियम 3, 2012 दिनांक 10–02–2012 द्वारा प्रतिस्थापित ।
4. उपधारा (4) और (5) विलोपित तत्रैव ।

(क) सदस्यों को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति को ऋण नहीं देगी, अथवा

(ख) चल सम्पत्ति की प्रतिभूति पर रुपये उधार नहीं देगी।

1 [परन्तु यदि कोई निर्देश प्राप्त होता है तो रजिस्ट्रार उसकी प्राप्ति के तीन माह के भीतर उसका निपटारा करेगा]

(2) राज्य सरकार सामान्य अथवा विशेष आदेश के द्वारा किसी पंजीकृत सोसाइटी अथवा पंजीकृत सोसाइटियों के वर्ग को अचल सम्पति के बन्धक पर रूपये कर्ज देने से प्रतिषिद्ध या प्रतिबंधित कर सकेगी।

(3) जहाँ निबन्धक ने उप–धारा (1) के प्रावधानों के अधीन वित्तदायी बैंक को मंजूरी दी हो, वहाँ निबंधित सोसाइटी, जो वैसे वित्तपोषक बैंक का सदस्य हो. मंजूरी के शत्तों जो निबन्धक द्वारा विहित किये जायें, वितपय बैंक के लिए अभिकर्ता के रूप में काम कर सकेगी और वैसे अभिकर्ता के रूप में वह कमीशन (शुल्क)। अथवा कमीशन के बिना वित्तदायी बैंक द्वारा दिये गए अथवा दिये जानेवाले ऋणों अथवा अग्रिमों से सम्बन्धित अथवा कोई सव्यवहार पूरा कर सकेगी।

17. गैर–सदस्य के साथ अन्य संव्यवहार प्रतिबन्ध– सदस्य के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों के पंजीकृत सोसाइटी का संव्यवहार और भी वैसे रुकावट एवं प्रतिबन्धों के अध्यधीन होगा जो राज्य सरह नियमावली के द्वारा विहित करे।

18. आरक्षित निधि (1) निबन्धित सोसाइटी के शुद्ध लाभ का न्यूनतम पैंतीस प्रतिशत प्रतिवर्ष आर निधि में जमा कर दिया जायगा, परन्तु राज्य सरकार किसी सोसाइटी अथवा सोसाटियों के वर्ग के लिए इस अनुच में नियमानुसार कमी या वृद्धि कर सकेगी।

(2) उस सीमा तथा उस रीति, को छोड़कर जो नियमानुसार विहित किये जा सकेंगे, आरक्षित निधि ३ प्रयोग सोसाइटी के कारबार पर नहीं किया जायगा ।

2[(3) सभी निबन्धित सोसाइटियों द्वारा अपने शुद्ध लाभ का न्यूनतम दस प्रतिशत राशि 'सहकारी शिक्षा विकास निधि' में हस्तान्तरित किया जायेगा ।

(4) उन निबन्धित सोसाइटियों में जिनके हिस्सा पूंजी में राज्य सरकार का अंशदान हो, शुद्ध लाभ के न्यूनतम दस प्रतिशत राशि 'हिस्सा मोचन निधि' में तब तक हस्तान्तरित किया जायेगा जब तक वह राशि सरका के हिस्सा पूँजी के बराबर न हो जाये ।,

3[(5) सोसाइटी के कारबार में अप्रयुक्त आरक्षित निधि का कोई अंश धारा 19 में विनिर्दिष्ट एक अथर अधिक तरीकों से उस नियमावली के अध्यधीन, जो राज्य सरकार एतदर्थ निर्मित कर सकेगी, निवेशित अधर निक्षिप्त किया जाएगा ।

19. निधियों का निवेशन– धारा 16 की उप–धारा (2) के प्रावधानों के अध्यधीन पंजीकृत सोसाइवे अपनी निधियों को–

4 [(क) सरकारी बचत बैंक में, अथवा

(ख) अपने वित्तदाता बैंक में, अथवा

(ग) भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 (अधिनियम 2, 1882) की धारा 20 में विनिर्दिष्ट किसी प्रतिभूति में, अथवा

(घ) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट प्रतिभूतियों में, अथवा

(ङ) रजिस्ट्रार के सामान्य अथवा विशेष मंजूरी से और उन शत्तों पर जो वह अधिरोपित करे,

(i) किसी अन्य निबंधित सोसाइटी की प्रतिभूति पर अथवा शेयरों में, अथवा

(ii) किसी अनुसूची बैंक में अथवा रजिस्ट्रार के मंजूरी से बैंक का कारबार करने वाले किसी रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी के पास

(च) नियमावली द्वारा अनुमत किसी अन्य रीति से, निवेशित अथवा जमा कर सकेगी।,

1. बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा अन्तःस्थापित ।
2. उपधारा (3) और (4) बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा अन्तःस्थापित ।
3. उपधारा (3) उपधारा (5) के रूप में पुर्नसंख्यांकित ।
4. प्रति स्थापित तत्रैव ।

20. दातव्य प्रयोजन में दान धारा 18 की उपधारा (1) अथवा किसी नियम के द्वारा अपेक्षित राशि

को आरक्षित निधि में डाल देने के बाद कोई निबन्धित सोसाइटी दातव्य विन्यास अधिनियम, 1890 (6 सन् 1890) की धारा 2 में परिभाषित की अनुसार किसी दातव्य प्रयोजन के लिए शुद्ध लाभ का दस प्रतिशत से अनाधिक रकम दे सकेगी:

निबन्धक अपने सामान्य अथवा विशेष आदेश से किसी सोसाइटी अथवा सोसाइटियों के वर्ग को इस धारा के अधीन दान करने पर प्रतिषेध लगा सकेगा ।

21. निधियों के विभाजन पर प्रतिबन्ध — पंजीकृत सोसाइटी की निधियों का कोई अंश उसके सदस्यों में बोनस या लाभांश या अन्यथा विभाजित नहीं किया जायगा :

परन्तु, धारा 18 को उपधारा (1) अथवा किसी नियम द्वारा अपेक्षित रकम को आरक्षित निधि में डाल देने

के बाद, शुद्ध लाभ के किसी अवशेष को, विगत वर्षों के किसी उपलब्ध लाभ के साथ, सदस्यों में विभाजित अथवा सोसाइटी की विशेष सेवा करने के लिए किसी सदस्य को बोनस अथवा पारिश्रमिक के रूप में अदायगी करने अधवा सदस्यों के सामान्य लाभ के लिए प्रयुक्त करके, उस परिमाण तथा उन शत्तों के अधीन वितरित किया जा सकेगा जो नियमावली अथवा उपविधियों द्वारा विहित होंगे।

22. सदस्य के शेयर अथवा हित विषयक् प्रभार एवं समंजन— किसी सदस्य, भूतपूर्व सदस्य अथवा

मृत सदस्य की सम्पत्ति से बाकी सोसाइटी का किसी सदस्य, उस सदस्य, भूतपूर्व सदस्य अथवा मृत सदस्य के पूंजी का शेयर अथवा हित तथा निक्षेप अथवा अंशदान पर तथा लाभ में से किसी सदस्य, भूतपूर्व सदस्य अथवा मृत सदस्य की सम्पत्ति को संदेय किसी रकम पर निबन्धित सोसाइटी का प्रभार होगा और किसी सदस्य, भूतपूर्व सदस्य अथवा मृत सदस्य की सम्पत्ति को दी जानेवाली अथवा संदेय किसी रकम को वैसे ऋण की अदायगी में अथवा की ओर समजित कर सकेगी ।

23. सहयोग समिति का पूर्व दावा— भू—राजस्व या लोक माँग जैसा वसूलीय धन संबंधी किसी सरकारी दावा अथवा जमींदार का लगान या लगान जैसा वसूलीय धन संबंधी किसी दावा के अध्यधीन, किसी सदस्य, भूतपूर्व सदस्य अथवा मृत सदस्य की सम्पत्ति से निबंधित सोसाइटी बाकी कोई ऋण परादेय माँग पूर्विक प्रभार होंगे :

(क) यदि उक्त माँग बीज अथवा खाद की आपूर्ति अथवा क्रय हेतु अनुदत्त किसी ऋण के संबंध में बाकी हो तो, वैसी आपूर्ति अथवा ऋण की अन्तिम किस्त के प्रतिसंदेय होने की तिथि से दो वर्ष के भीतर किसी समय वैसे सदस्य अथवा भूतपूर्व सदस्य अथवा वैसे मृत सदस्य की सम्पत्ति की उपज अथवा अन्य कृषि उत्पादन पर,

(ख) यदि उक्त माँग पशु, पशु के लिए चारा, कृषि कार्य संबंधी अथवा औद्योगिक उपकरण अथवा यंत्र अथवा उत्पादनार्थ कच्चे माल की आपूर्ति अथवा ऐसे किसी ऋण के पूरे अथवा अंश से क्रीत किसी पशु अथवा वस्तु पर अथवा इस प्रकार से आपूरित अथवा क्रीत कच्चे माल से उत्पादित किसी सामग्री पर ।

टिप्पणी

ख परिसमापनाधीन समिति के ऋणों के लिए भूतपूर्व सदस्य के दायित्व का उल्लेख अधिनियम की धारा 23 में है और उसे सोसाइटी के किसी सदस्य का सोसाइटी के प्रति ऋण से कोई सम्बन्ध नहीं है। बरही टोला सहकारी समिति बनाम शम्भुनाथ सिंह, 23 पी०एल०टी० 104।,

23—क. गैर सदस्यों के प्रति धारा 23 का प्रवर्त्तन— किसी गैर—सदस्य अथवा मृत गैर—सदस्य की सम्पत्ति से धारा 16 की उपधारा (1) की कण्डिका (क) के अधीन प्राधिकृत, पंजीकृत सोसाइटी को वसूलीय कोई ऋण अथवा परादेय माँग वैसे परिमाण' तक तथा वैसे दावों, शत्तों एवं प्रतिबन्धों के अध्यधीन गैर—सदस्य की सम्पत्ति अथवा मृत गैर—सदस्य की सम्पत्ति पर पूर्विक प्रभार होंगे। जैसे किसी सदस्य अथवा मृत सदस्य की सम्पत्ति से निबंधित सोसाइटी का बाकी ऋण अथवा परादेय माँग धारा 23 के अधीन उस सदस्य की सम्पत्ति अथवा मृत सदस्य की सम्पत्ति पर पूर्विक प्रभार होती है।

24. सदस्य की मृत्यु होने पर हित का अन्तरण (1) निबंधित सोसाइटी, किसी सदस्य की मृत्यु होने

पर सोसाइटी की पूंजी में उसका शेयर अथवा हित नियमानुसार मनोनीत व्यक्ति को अथवा, यदि ऐसा मनोनीत व्यक्ति न हो तो, ऐसे व्यक्ति को, जो सोसाइटी अथवा प्रबन्ध समिति को उस मृत सदस्य का उत्तराधिकारी

अथवा वैध प्रतिनिधि प्रतीत हो, अंतरित कर सकेगी, अथवा वैसा मनोनीत व्यक्ति, उतराधिकारी अथवा वैध प्रतिनिधि को, यथास्थिति नियम उपविधियों के अनुसार विनिश्चित उस सदस्य के शेयर अथवा हित अथवा वैध प्रतिनिधि प्रतीत हो, अन्तरित कर सकेगी, अथवा वैसा मनोनीत व्यक्ति, उत्तराधिकारी अथवा धारा मूल्यानुसार राशि दे सकेगीः

परन्तु—

(i) असीमित दायित्व वाली सोसाइटी के मामले में वैसा मनोनीत व्यक्ति उत्तराधिकारी अथवा धारा 22 के अधीन शुल्क की राशि की कटौती करने के बाद सोसाइटी से लेने की अ₂ (5 प्रतिनिधि यथास्थिति, मृत सदस्य के शेयर अथवा हित का उपर्युक्त अनुसार विनिश्चित कर सकेगा,

(ii) सीमित दायित्व वाली सोसाइटी के मामले में सोसाइटी मृत सदस्य के शेयर अथवा हित को घार के अधीन विद्यमान शुल्क के अध्यधीन वैसे मनोनीत व्यक्ति उत्तराधिकारी अथवा वैध प्रतिनि को यथास्थिति, जो नियमावली एवं उपविधियों के अनुसार सोसाइटी के सदस्य होने योग्य हो मृत सदस्य की मृत्यु के तीन महीने के भीतर आवेदन देने पर उस आवेदन पत्र में वर्णित व्य को, जिसमें वैसी योग्यता हो, अन्तरित कर देगी :

परन्तु और भी यह कि सदस्य की मृत्यु की तिथि से छः माह की समाप्ति तक अथवा उस अवधि भीतर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किया गया किसी दावा का धारा 48 के अधीन निबटारा एक सौ रुपये से अधिक बुलाने की राशि का भुगतान उस उत्तराधिकारी अथवा वैध प्रतिनिधि को नहीं किया जायगा जो नियमावली के अनुम् अथवा मनोनीत न हो ।

(2) ऊपर लिखे अनुसार, निबन्धित सोसाइटी वैसे मनोनीत व्यक्ति, उत्तराधिकारी अथवा वैध प्रतिनिधिक यथास्थिति सोसाइटी के मृत सदस्य का सारा अन्य धन आदाय कर सकेगी ।

(3) पंजीकृत सोसाइटी द्वारा इस धारा के प्रावधानों के अनुसार किये गये सारे अन्तरण एवं भुगतान कियों अन्य व्यक्ति द्वारा सोसाइटी पर की गई किसी माँग के प्रति मान्य और प्रभावी होंगे ।

24—क. पंजीकृत सोसाइटी और उसके लेनदारों के बीच सुलह मंजूर करने की निबन्धक को शक्ति (1) इस अधिनियम में किसी बात के होते हुए भी जहाँ किसी पंजीकृत सोसाइटी और उसके लेनदा अथवा उनके किसी वर्ग में सुलह या व्यवस्था प्रस्तावित होगी, वहाँ निबन्धक सोसाइटी अथवा किसी उत्तमां अथवा वैसी सोसाटी की दशा में जिसके विषय में परिसमापन का आदेश पारित हो चुका हो, परिसमापक आवेदन पर, लेनदार अथवा लेनदारों के वर्ग की यथास्थिति, बैठक वैसी रति से बुलाकर संक्षिप्ततः संचालन का सकेगा जो नियमों द्वारा विहित होगी ।

(2) यदि मूल्य में तीन—चौथाई का प्रतिनिधित्व करनेवाले अधिसंरक्षक लेनदार अथवा लेनदारों के वर्ग स्वा अथवा परोक्षी के द्वारा बैठक में उपस्थित होकर किसी सुलह या व्यवस्था के लिए सम्मत हों तो वह सुलह सो व्यवस्था निबन्धक के आदेश से मंजूर हो जाने पर यथास्थिति सारे उत्तमणों अथवा उत्तमर्णों के वर्ग पर तथ सं सोसाइटी पर भी अथवा वैसी सोसाइटी की दशा में जिसके विषय में समापनादेश पारित हो चुका हो, परिसमाफ पर तथा उन सारे व्यक्तियों पर जिन्हें धारा 44 की उपधारा (3) की कंडिका (ग) के अधीन कार्य करते हैं। परिसमापक ने सोसाइटी की आस्तियों में अंशदान करने की अपेक्षा की हो, आबद्धकर होगी।

(3) यदि किसी समय निबन्धक का ऐसा समाधान हो कि निबन्धित सोसाइटी और उसके लेनदारों अथव उनके किसी वर्ग के मध्य किसी सुलह अथवा व्यवसाय में, जो बिहार सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनिय 1942 (विहार अधिनियम 7, सन् 1942) की आरम्भ तिथि को प्रवृत्त विधि के अनुसार अन्तिम हो चुकी थी अथवा जिसे इस धारा की उपधारा (2) के अधीन रजिस्ट्रार ने तिथि के बाद मंजूर कर लिया था, सोसाइटी अभय उसके लेनदार अथवा लेनदारों के कथित वर्ग के हितार्थ नवीन सुलह या व्यवस्था करके पुनरीक्षित अथव प्रतिस्थापित करना अत्यावश्यक है तो वह स्वेच्छा से अथवा सोसाइटी अथवा किसी लेनदारों के आवेदन ए यथास्थिति लेनदार अथवा लेनदारों के वर्ग की वैसी रीति से बैठक बुलाकर संचालित करने का आदेश दे सकेगा नियमों के अनुसार विहित होगी, और यदि मूल्यानुसार तीन—चौथाई का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिसंख्यक लेनदार अथवा लेनदारों का वर्ग यथास्थिति स्वयं अथवा परोक्षी के द्वारा बैठक में उपस्थित होकर पूर्ववर्त्ती सुलह व्यवस्था में पुनरीक्षण अथवा किसी नवीन सुलह अथवा व्यवस्था के लिए सहमत होवें तो निबंधक वैसी पुनरीक्षित सुलह अथवा व्यवस्था अथवा वैसी नई सुलह अथवा व्यवस्था की मंजूरी दे सकेगा।

(4) उपधारा (3) के अधीन मंजूरी कोई भी पुनरीक्षित सुलह अथवा व्यवस्था अथवा नवीन सुलह बा व्यवस्था उस समान रीति से तथा उन समान शतों के अध्यधीन नई सुलह या व्यवस्था के द्वारा पुनरीक्षित अथवा प्रतिस्थापित की जा सकेगी जिस रीति से तथा जिन शर्तों के अध्यधीन कोई सुलह या व्यवस्था नई सुलह अश्वा व्यवस्था के द्वारा उपधारा (3) के अधीन पुनरीक्षित अथवा प्रतिस्थापित की जा सकती है।

(5) उपधारा (3) अथवा उपधारा (4) के अधीन निबन्धक द्वारा स्वीकृत कोई भी पुनरीक्षित सुलह या आबद्धकर होगी ।

(6) उपधारा (2) के अधीन सुलह या व्यवस्था अथवा उपधारा (3) या उपचारा (4) के अधीन पुनरीक्षित अन्य आधार पर गुण–दोष के कारण अपास्त, संशोधित, पुनरीक्षित अथवा निरस्त घोषित नहीं की जा सकेंगी और न उसे चुनौती दी जा सकेगी।

(7) उपधारा (1) अथवा उपधारा (3) के अधीन यथास्थिति लेनदार अथवा लेनदारों के वर्ग की बैठक बलाने के लिये निबन्धक का आदेश तथा उपधारा (2) के अधीन सुलह अथवा व्यवस्था अथवा उपधारा (3) निबंधक का आदेश शासकीय राजपत्र में प्रकाशित किये जायेंगे । अथवा उपधारा (4) के अधीन पुनरीक्षित सुलह अथवा व्यवस्था नई सुलह या व्यवस्था को मंजूर करते हुए निबंधक का आदेष शासकीय राजपत्र में प्रकाषित किये जायेंगे।

टिप्पणी

इस अधिनियम के अनुसार की गई सुलहनामा और निजि एकरारनामा में अन्तर है। सहयोग समिति के विरुद्ध लेनदार द्वारा लाया गया वाद के दौरान सुलह की योजना रहती है जिसे निबन्धक का अनुमोदन प्राप्त होता है।

स्पष्ट बहुमत द्वारा स्वीकृत सुलहनामा निबन्धक की स्वीकृति के पश्चात् सभी लेनदारों के लिए आबद्धकर होगी ।,

25. पंजीकृत सोसाइटी की उपविधियों का संशोधन— जब तक कोई संशोधन इस अधिनियम के अधीन निबन्धित न हो जाए तबतक निबंधित सोसाइटी की उपविधियों में कोई भी संशोधन विधिमान्य नहीं होगी।

1 ख(2) यदि रजिस्ट्रार का समाधान हो जाय कि उपविधि का संशोधन इस अधिनियम अथवा नियमावली के प्रतिकूल नहीं हैं तो वह संशोधन हेतु प्रस्ताव के उपस्थापन की तारीख से नब्बे दिनों के भीतर संशोधन को रजिस्ट्रीकृत करेगा ।,

(3) जब निबन्धक किसी निवन्धित सोसाइटी की उपविधियों के संशोधन को निबंधित करेगा तो वह सोसाइटी को अपने द्वारा प्रमाणित उस संशोधन की प्रति निर्गत करेगा जो इस बात का निश्चायक प्रमाण होगा कि संशोधन सम्यक् रूप से निबन्धित हो चुका है।

2 (4) यदि उपधारा (2) में अधिकथित शर्तें पूरी नहीं की गयी हों तो रजिस्ट्रार प्रस्ताव उपस्थापन की तारीख से नब्बे दिनों के भीतर अस्वीकृति आदेश के साथ–साथ उसके कारणों को निबन्धित डाक द्वारा भेजेगा ।

(5) नब्बे दिनों के भीतर अस्वीकृति आदेश नहीं भेजने की दशा में संशोधन रजिस्ट्रीकृत समझा जायेगा। ऐसे मामलों में अपने हस्ताक्षर एवं मुहर से निबन्धन प्रमाण–पत्र निर्गत करना रजिस्ट्रार के लिए अनिवार्य होगा जो निश्चयात्मक साक्ष्य होगा कि संशोधन सम्यक् रूप से रजिस्ट्रीकृत कर दिया गया है।

(6) उपधारा (4) के अधीन रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी द्वारा अस्वीकृति आदेश प्राप्त होने अथवा उपधारा (5) के अधीन संशोधन से सम्बन्धित निश्चयात्मक साक्ष्य नहीं प्राप्त होने पर, यदि ऐसा आदेश अथवा निश्चयात्मक साक्ष्य की अप्राप्ति ऐसे रजिस्ट्रार से संबन्धित हो जिसमें सहकारी समिति के रजिस्ट्रार की शक्ति प्रत्यायोजित हो तो सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार के पास अपील हो सकेगी और यदि ऐसा आदेश सहकारी समिति के रजिस्ट्रार का हो तो राज्य सरकार के पास अपील हो सकेगी :

परन्तु ऐसी अपील आदेश–प्राप्तिध्साक्ष्य अप्राप्ति के दो महीने के भीतर दायर की जायेगी।,

1. बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा अन्तःस्थापित।

26. **पंजीकत सोसाइटी की उपविधियों में संशोधन निदेशित करने की रजिस्टार की शक्ति–** (1) यदि निबन्धक को ऐसा प्रतीत हो कि पंजीकृत सोसाइटी उपविधियों में संशोधन उसके हित में आव निबन्धित डाक से लिखित आदेश जारी करके उस आदेश में विनिर्दिष्ट समय के भीतर सोसाइटी से एसपी अथवा समीचीन है तो सोसाइटी के सम्बद्धक सोसाइटी/संघ की राय लेने के बाद, वह उस सोसाइटी को निबंधित डाक से लिखित आदेश जारी करके उस आदेश में विनिर्दिष्ट समय के भीतर सोसाइटी से ऐसे संशोधन की अपेक्षा कर सकेगा।

(2) यदि कोई सोसाइटी विनिर्दिष्ट समय के भीतर ऐसा संशोधन करने में विफल हो जाए तो निबन् सोसाइटी को सुनवाई का उचित अवसर देने के बाद ऐसे संशोधन को निबंधित करके उस संशोधन की स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपि सोसाइटी को निबन्धित डाक से भेज सकेगा जो इस बात का निश्चायक प्रमाण होगा संशोधन सम्यकरूपेण निबंधित हो गया है एवं वह संशोधन उस सोसाइटी के सदस्यों के लिए आबद्धकर होगा। संशोधन सम्यक्रूपेण निबंधित हो गया है एवं वह संशोधन उस सासाइटी के सदस्यों के लिए आबद्धकर होगा।

(3) उपधारा (2) के अधीन पारित किसी आदेश के जारी होने की तिथि से दो माह के भीतर उस आक के विरुद्ध राज्य सरकार के पास अपील होगी। अपील पर राज्य सरकार के आदेश तथा उस अपील के परिणाम के अध्यधीन निबन्धक का आदेश अन्तिम होगा ।

टिप्पणी

[सहयोग समिति की आम सभा ही केवल निर्वाचन और अपनी उपविधियों में संशोधन करने के विषय निबंधक के निदेश को नहीं मानने के लिए सक्षम है। विजय कुमार मिश्र बनाम बिहार सरकार, 198 पी०एल० जे०आर० 846 : 1989 बी०एल०जे०आर० 636: 1989 (1) बी०एल०जे०आर० 420।]

30 में सदस्य किसी डि 1909) प्राप्त ि(

अध्याय 4

पंजीकृत सोसाइटी के सदस्यों के अधिकार एवं दायित्व

2[''27. सदस्य का अधिकार– (1) सहकारी समिति का कोई भी सदस्य नियमों या समिति के उपविधि में विहित सदस्यता विषयक अदायगी कर देने के बाद समिति के सदस्य के अधिकारों का प्रयो कर सकेंगे,

परन्तु इस अधिनियम के किसी प्रावधान में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुये भी किसी सहकारी समिति का सदस्य, इस अधिनियम के अधीन बनायी गयी नियमावली अथवा उपविधियों द्वारा विहित यथास्थिति, समिति के प्रबंधन में सहभागिता और न्यूनत्तम अपेक्षित सेवाएँ प्राप्त करने हेतु बुलाई गई बैठकों में यथोपेक्षित न्यूनतम उपस्थिति सुनिश्चित करने के बाद ही समिति के बोर्ड के सदस्यों के निर्वाचन में मताधिकार का प्रयोग का सकता है।

(2) प्रत्येक सहकारी समिति, प्रत्येक सदस्य की पहुँच की व्यवस्था, ऐसे सदस्यों अपने कारबार के नियमित संव्यवहार में रखे गये सहकारी समिति की बही, सूचना और लेखा तक, करेगी ।

(3) सहकारी समिति के प्रत्येक सदस्य को सहकारी समिति में संधारित अभिलेखों, सूचनाओं तथा व्यवसार से संबंधित नियमित संव्यवहारों के लेखाओं के संबंध में सभी जानकारीध्कागजात प्राप्त करने का अधिकार होगा। सहकारी समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारीध्प्रबंधक सभी वांछित जानकारीध्कागजातों तक सदस्यों को पहुँच सुनिश्चित करेगा।

(4) सहकारी समिति के सदस्यों को इस अधिनियम, किसी प्रावधान के अधीन बनायी गयी नियमावली तथ उपविधियों के अनुसार सहकारी शिक्षा तथा सहकारिता संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त करने का अधिकार होगा।''

28. सदस्य का मत–3 ख(1) इस धारा की उप–धारा (2) एवं धारा 14 की उप–धारा (4) के अध्यधीन पंजीकृत सोसाइटी के प्रत्येक सदस्य को सदस्य के रूप में पंजीकृत सोसाइटी के कार्य–कलापों में एक ही मत देर का अधिकार होगा, परन्तु बराबर मत प्राप्त होने की दशा में अध्यक्ष को निर्णायक मत देने का अधिकार होगा।।

(2) किसी पंजीकृत सोसाइटी को, जो किसी दूसरी पंजीकृत सोसाइटी का सदस्य हो, उतने मत होंगे जितन उस अन्य सोसाइटी की उपविधियों में विहित होंगे एवं वह ऐसी उप–विधियों के अनुसार मताधिकार के प्रयोग करने के लिए, वैसे मतों की संख्या से अनधिक संख्या में सदस्यों को नियुक्त कर सकेगी, परन्तु कोई भी सदस्य, जो किस नियम के अधीन वैसी नियुक्ति के लिए अयोग्य होगा, नियुक्त नहीं किया जायगा ।

1. बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा अन्तःस्थापित ।
2. बिहार अधिनियम सं० 6, 2013 दिनांक 22–05–2013 द्वारा प्रतिस्थापित ।
2. बिहार अधिनियम 10,2002 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(3) उपधारा (2) में उपबन्धित रीति को छोड़कर, निबन्धक को सामान्य अथवा विशेष स्वीकृति के बिना किसी सोसाइटी अथवा सोसाइटियों के वर्ग के लिए परोक्षी द्वारा मतदान अभिस्वीकृत नहीं किया जायगा।

टिप्पणी

[मताधिकार प्राप्त सदस्य को सभा की नोटिस नहीं देने से वहां सभा गलत होगी खासकर जब उसमें सहकारी सोसाइटी के अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव हो। गजानन नारायण पाटिल बनाम दत्तात्रेय विमन पाटिल, ए०आई०आर० 1990 एस०सी० 1023 (1990)) 3 एस०सी०सी० 634 (1990) आई० जे०टी० 5171]

29. सदस्य की धृति पर प्रतिबंध– राज्य सरकार अथवा अन्य पंजीकृत सोसाइटी को छोड़कर किसी भी पंजीकृत सोसाइटी के सदस्य को पंजीकृत सोसाइटी की पूँजी में कुल पूँजी का पंचमांश अथवा नियम के अधीन विहित वैसा न्यूनतम अनुपात से अनाधिक हित अथवा दावा नहीं होगा ।

30. शेयर अथवा हित जप्त नहीं होगा– धारा 22 के प्रावधानों के अध्यधीन पंजीकृत सोसाइटी की पूँजी में सदस्य का शेयर अथवा हित या अंशदान उस सदस्य द्वारा उपगत किसी ऋण अथवा दायित्व संबंधी न्यायालय की किसी डिक्री में जप्त या विक्रय नहीं किया जा सकेगा, न तो प्रेसिडेन्सी नगर शोधाक्षम्य अधिनियम, 1909 (3 सन् 1909) के अधीन शासकीय समनुदेशिती और न प्रान्तीय शोधाक्षम्य अधिनियम, 1920 (5 सन 1920) के अधीन प्राप्त (रिसीवर) वैसा शेयर, हित अथवा अंशदान का हकदार होगा अथवा दावा कर सकेगा।

31. शेयर अथवा हित के अन्तरण पर रोक (1) निबन्धित सोसाइटी की पूँजी में किसी सदस्य का

शेयर अथवा हित का अन्तरण या प्रभारण अधिकतम धृति के उन शत्तों के अध्यधीन होगा जो इस अधिनियम अथवा नियमावली में विहित किये जायेंगे ।

(2) असीमित दायित्व की पंजीकृत सोसाइटी की दशा में, सदस्य तबतक सोसाइटी की पूँजी अथवा सम्पत्ति अथवा उसके किसी भाग में अपने शेयर या हित का अन्तरण नहीं करेगा जबतक –

(क) वह वैसा शेयर अथवा हित कम–से–कम एक वर्ष तक नहीं धारित कर चुका हो, एवं

(ख) अन्तरण अथवा प्रभारण सोसाइटी को, अथवा सोसाइटी के सदस्य को, अथवा उस व्यक्ति को, जिसके सदस्यतार्थ आवेदन सोसाइटी ने स्वीकृत किया हो, नहीं किया जाए।

टिप्पणी

[सहयोग समिति के प्रति दायित्व पूरे संयुक्त परिवार का होता है। ए०आई०आर० 1953 उड़ीसा 300 ।,

32. भूतपूर्व सदस्य का तथा मृत सदस्य की सम्पदा का दायित्व – भूतपर्वं सदस्य अथवा मृत सदस्य की सम्पदा से पंजीकृत सोसाइटी के बाकी ऋण जो उसकी सदस्यता त्यागने अथवा मृत्यु की तिथि पर यथास्थिति, विद्यमान थे, का दायित्व वैसी तिथि से दो वर्षों की अवधि तक जारी रहेगा ।

टिप्पणी

[''पंजीकृत सहयोग समिति के कर्ज'' से अभिप्रेत हैं समिति को संदेय कर्ज। सदस्य की मृत्यु की तिथि से दो वर्ष तक ही समिति को संदेय कर्ज का दायित्व रहेगा। चन्दर सिंह बनाम कमलपुर को–ऑपरेटिव सोसाइटी, आई०एल०आर० 24 पटना 681 225 आई०सी० 120–12–बी०आर० 553 1]

अध्याय–4 क

सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा तथा वार्षिक विवरणी

1[32क. वार्षिक आम सभा (1) प्रत्येक सहकारी समिति का बोर्ड, वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद, छह माह के भीतर वार्षिक आम सभा बुलायेगी, जिसमें बोर्ड के सदस्यों एवं उसके पदाधिकारियों के निर्वाचन को छोड़कर, निम्नलिखित सूचीबद्ध विषयों में से सभी अथवा किसी पर चर्चा करेगी :–

(क) निबन्धक के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए बोर्ड द्वारा प्रस्तुत की गयी वार्षिक लेखा विवरणी पर विचारणय

(ख) बोर्ड द्वारा प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन पर विचारणय

(ग) सांविधिक अंकेक्षकों एवं आन्तरिक अंकेक्षकों की नियुक्ति एवं हटाया जानाय

1. बिहार अधिनियम सं० 6, 2013 दिनांक 22–05–2013 द्वारा अन्तःस्थापित ।

(घ) अंकेक्षण के रिपोर्ट और निबन्धक को दाखिल की जाने वाली अंकेक्षत लेखा विवरणी विचारणः

(ङ) अंकेक्षणधविशेष अंकेक्षण अनुपालन प्रतिवेदन का विचारणय

(च) जाँच प्रतिवेदन, यदि कोई हो, पर की गई कार्रवाई पर विचारणय

(छ) शुद्ध अधिशेष का निपटानय

(ज) संबालन घाटा, यदि कोई हो, का पुनर्विलोकनय

(झ) दीर्घकालीन भावी योजना और वार्षिक परिचालन योजना का अनुमोदनय

(ञ) बार्षिक बजट का अनुमोदनय

(ट) विनिर्दिष्ट आरक्षित एवं अन्य निधियों का सृजनय

(ठ) आरक्षित एवं अन्य निधियों की वास्तविक उपयोगिता का पुनर्विलोकनय

(ड) अन्य सहकारी समितियों में सहकारी समिति की सदस्यता पर प्रतिवेदनय

(ढ) जिस व्यक्ति की सदस्यता के लिए आवेदन अस्वीकृत कर दिया गया हो अथवा जिसकी सदस्यत बोर्ड द्वारा समाप्त कर दी गई हो, व्यक्ति की अपीलय,

(ण) किसी निदेशक, अंकेक्षक या आन्तरिक अंकेक्षण को उस हैसियत से उसके कर्त्तव्य अथव संबंधित बैठकों में उसकी उपस्थिति के संबंध में भुगतेय पारिश्रमिक,

(त) संघध्परिसंघ में सहकारी समिति की सदस्यता,

(थ) अन्य संगठनों के साथ सहयोग,

(द) उपविधियों का संशोधन,

(घ) निदेशकों एवं पदधारियों के लिए आचार संहिता बनाना,

(न) सदस्यों के नामांकन एवं सदस्यता समाप्ति पर टिप्पणी,

(प) सहकारी समिति का विघटन,

(फ) ऐसे अन्य कृत्य, जो उपविधियाँ में विनिर्दिष्ट हों।

(2) उप–धारा (1) के अधीन विनिर्दिष्ट कार्यों के लिए प्रावधानों के अनुसार सहकारी समिति के वार्षिक आम सभा, उपविधियों के अनुसार अधिसूचित समय, तिथि तथा स्थान पर होगी और यदि गणपूरि (कोरम) उपस्थित हो तो सहकारी समिति के अध्यक्ष सभा का सभापतित्व करेंगे,

परन्तु अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष अथवा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों की अनुपस्थिति में सदस्यों द्वारा अपने बीच से निर्वाचित कोई व्यक्ति सभा का सभापतित्व करेंगे,

परन्तु और कि ऐसी किसी समिति की दशा में जहाँ इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन प्रबंध समिी अधिक्रमित हो गयी हो, वहाँ प्रशासक आम सभा का सभापतित्व करेंगे और उनकी अनुपस्थिति में, उन द्वारा नाम निर्देशित कोई व्यक्ति सभा का सभापति होगा ।

(3) सभा का सभापतित्व करने वाला व्यक्ति सभा की कार्यवाही का संचालन उस रीति से करेगा वे कारबार के तीव्रता तथा संतोषजनक निपटारे के लिए हो और सभा में आदेश के सभी बिन्दुओं पर निर्णय लेगा।

(4) आम सभा की सूचना निर्गत होने की तिथि को समिति की कुल सदस्य संख्या जो होगी उसका पंचमांश आम सभा की गणपूर्ति (कोरम) होगी।

(5) यदि आम सभा के लिए निर्धारित समय से एक घंटा के भीतर गणपूर्ति उपस्थित न हो तो सभऐसी तिथि के लिए स्थगित कर दी जायेगी जो सात दिनों से पूर्व और इक्कीस दिनों के बाद न हो।

(6) स्थगित आम सभा के लिए किसी गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी ।

(7) आम सभा में सभी प्रश्नों पर निर्णय बहुमत से किया जायेगा और मतों की समता की स्थिति है. सभा के सभापति निर्णायक मत देंगे।

(8) परोक्षी मत स्वीकृत नहीं किया जायेगा, किन्तु किसी विशिष्ट निबंधित सहकारी समिति अथवा किसे विशिष्ट निबंधित सहकारी समिति के वर्ग के मामले में, निबन्धक ऐसा करने की अनुमति दे सकेंगे।

(9) आम सभा में हाथ उठाकर मतदान किया जायेगा और केवल आपवादिक मामले में, यदि निबन्धक स्वप्रेरणा से अथवा संबंधित समिति द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर इस प्रकार का निदेश दे तो, मतपत्र द्वारा मतदान अपनाया जा सकेगा ।

(10) आम सभा की कार्यवाहियों का कार्यवृत्त इस प्रयोजनार्थ रखी गई एक बही में अभिलिखित किया जायेगा और सभा का सभापतित्व करने वाले व्यक्ति द्वारा कार्यवृत हस्ताक्षरित किया जायगा ।

(11) किसी आम सभा में अपनायी गई प्रक्रिया संबंधी सभी मामलों में अपील निबन्धक के समक्ष संस्थित होगा और उस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा ।

'ख32ख. वार्षिक विवरणी दाखिल किया जाना प्रत्येक सहकारी समिति प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के छह माह के भीतर निबन्धक के समक्ष वार्षिक विवरणी दाखिल करेगी जिसमें निम्नलिखित विषय शामिल रहेंगे :–

(क) कार्यकलापों का वार्षिक रिपोर्ट,

(ख) लेखाओं का अंकेक्षित विवरण,

(ग) सामान्य निकाय द्वारा यथानुमोदित अधिशेष के निपटारे की योजना,

(घ) सहकारी समिति की उपविधियों में किये गये संशोधनों की सूची, यदि कोई हो,

(ङ) सामान्य निकाय की सभा के आयोजन की तारीख तथा निर्वाचन का संचालन, यदि देय हो, से संबंधित घोषणा,

(च) कोई अन्य जानकारी, जो निबन्धक द्वारा अधिसूचित अधिनियम के किसी प्रावधानों के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक, हो ।''

अध्याय 5
अंकेक्षण एवं निरीक्षण

2[''33. अंकेक्षण (1) सहकारी समिति अपनी लेखाओं का अंकेक्षण प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कम से कम एक बार, इस हेतु राज्य सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत प्राधिकार द्वारा अनुमोदित नामावली के अंकेक्षण द्वारा कराएगी। ऐसा अंकेक्षक चार्टड एकाउन्टेन्ट अधिनियम, 1949 के अर्थान्तर्गत या तो चार्टड एकाउन्टेन्ट होगा या निबन्धक के कार्यालय का अंकेक्षक होगा।

(2) राज्य सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत प्राधिकार द्वारा अनुमोदित नामावली के अंकेक्षक की न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण स्नातक (गणित के साथ) अथवा वाणिज्य स्नातक होगी। ऐसे अंकेक्षकों अथवा चार्टड एकाउन्टेन्ट फर्म से अंकेक्षण का कम से कम तीन वर्ष के अनुभव की अपेक्षा की जायेगी। ऐसे अंकेक्षक अथवा चार्टड एकाउन्टेन्ड फर्म ही सहकारी समिति के लेखाओं का अंकेक्षण करने हेतु पात्र होंगे।

(3) प्रत्येक सहकारी समिति के लेखाओं का अंकेक्षण सहकारी समिति के सामान्य निकाय द्वारा नियुक्त, उप–धारा (2) में विनिर्दिष्ट अंकेक्षक अथवा चार्टड एकाउन्टेन्ट फर्म द्वारा किया जायेगा ।

(4) प्रत्येक सहकारी समिति की लेखाओं का अंकेक्षण उस वित्तीय वर्ष की समाप्ति के छह माह के भीतर करना अनिवार्य होगा, जिस वित्तीय वर्ष से ऐसा लेखा संबंधित हो।

(5) शीर्ष सहकारी समिति, अपनी लेखा–विवरणी के अंकेक्षण के उपरान्त, अंकेक्षक का प्रतिवेदन, सामान्य निकाय के अनुमोदनोपरान्त, तीस दिनों के भीतर निबन्धक को अनिवार्य रूप से प्रेषित करेगी जिसे राज्य सरकार द्वारा, विधान मण्डल के पटल पर इस प्रयोजनार्थ अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार रखा जायेगा ।

(6) सहकारी समिति की लेखाओं पर प्रतिवेदन के अतिरिक्त अंकेक्षक का प्रतिवेदन में बोर्ड की बैठक में निदेशकों की उपस्थिति, निदेशकों द्वारा सहकारी समिति को मंजूर किए गए ऋण एवं अग्रिम या सहकारी समिति के साथ किए गए कारबार, बोर्ड की बैठकों पर हुये व्यय, निदेशकों को भुगतान किए गए पारिश्रमिक, निदेशकों को प्रतिपूर्ति किए गए व्यय, सदस्य, स्टाफ, निदेशक तथा अन्य की शिक्षा और प्रशिक्षण पर हुये व्यय भी अन्तर्विष्ट होंगे।

1. बिहार अधिनियम सं० 6, 2013 दिनांक 22–05–2013 द्वारा अन्तःस्थापित ।
2. बिहार अधिनियम सं० 6,2013 दिनांक 22–05–2013 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(7) यह सुनिश्चित करना बोर्ड का कर्तव्य होगा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पैंतालीस दिन वार्षिक वित्तीय विवरणी को तैयार की आय और अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत कर दी जाय।

(8) अंधक के पारिश्रमिक सहकारी समिति के सामान्य निकाय द्वारा नियत किया जायेयाप परन्तु यदि अंकेक्षण, निबन्धक के कार्यालय के अंकेक्षक द्वारा किया जाता है तो निबन्धक अंकेक्षण फोस का भुगतान सहकारी समिति करेगी।

(9) सामान्य निकाय उपस्थित सदस्यों के बहुमत से पारित संकल्प द्वारा किसी अंकेक्षण को पद से हटा सकेगा।

(10) किसी सहकारी समिति के अंकेक्षक की माँग पर सहकारी समिति के वर्तमान यापूर्व बोर्ड के सदस्य, सदस्य या कर्मचारी निम्नलिखित को उपलब्ध करायेंगे :–

(क) ऐसी जानकारी और ऐसा स्पष्टीकरण जिसे आवश्यक समझा जाय, तथा

(ख) सहकारी समिति के प्रत्येक ऐसे अभिलेखों दस्तावेजों बहियों लेखाओं और भाउचरीको अंकेक्षक की राय में जाँच करने और प्रतिवेदित करने में उसे समर्थ करने हेतु आवश्यक हो।

(11) जहाँ कोई सहकारी समिति समय पर अपने वार्षिक लेखाओं का अंकेक्षण कराने में अस हो वा नियत तारीख से नब्बे दिनों के भीतर निबन्धक, सहकारी समिति के लेखाओं का अंकेक्षण कारायेंगे।

(12) ऐसे अंकेक्षण संचालन करने का खर्च सहकारी समिति द्वारा वहन किया जायेगा।''

टिप्पणी

[अधिनियम के अधीन बनी नियमावली के अनुसार ही पंजीकृत समिति का औडिट होगा। युगल क्रिया सिंह बनाम रजिस्ट्रार, को–ऑपरेटिव सोसाइटी, बिहार, 1960 बी०एल० जे०आर० 49।

यदि बैंक निदेशक मंडल द्वारा पूर्णतः निजी तौर पर प्रबंधित और नियंत्रित हो, स्थिति भिन्न हो सकेंगी समिति अवक्रमित हो गई हो और निबंधक द्वारा विशेष पदाधिकारी की नियुक्ति कर दी गई हो तो सहकारी बैंक उसके कर्मचारियों का विवाद में रीट याचिका की अधिकारिता नहीं हो सकती है। एस० इतरत हुसैन बना निबंधक सहकारी समितियाँ, 2001 (2) पी०एल० जे०आर० 253 ।

बिस्कोमान की विद्यमान वस्तुस्थिति शोचनीय। बिस्कोमान के भवन में आवासित किरायेदार, अधिकर निगमित निकायों या सरकारी विभाग निःशुल्क आवास का उपयोग कर रहे हैं और बिस्कोमान को नुकसान पहुंच रहे हैं। बिस्कोमान एक निगमित निकाय, बढ़े दायित्वों तले चल रहा है। यह निगमित निकाय तदर्थवाद की स्कि में है जिसका लेखा अनंकेक्षित है, प्रबन्धन अवक्रमित है और छोटे पदाधिकारी तदर्थ प्रशासक बना दिये गये हैं बिस्कोमान अनेक मुकदमों का सामना कर रहा है। प्रशासक को निदेश दिया जाता है कि वह महालेखाका बिहार या अधिकार प्राप्त लेखाकार से लेखा को अंकेक्षित कराकर आस्तियों और दायित्वों का पूर्ण विवरण प्रस्तुत करें। प्रशासक, बिस्कोमान बनाम रामाधार शर्मा, 2002 (3) पी०एल० जे०आर० 46।,

ख ''33.क. विशेष अंकेक्षण (1) राज्य सरकार या अन्य सहकारी समिति या अन्य वाह्य व्यकि

या संस्था से निधियों का संव्यवहार करने वाली किसी सहकारी समिति का विशेष अंकेक्षण, ऋणदाताओं के अनुरोध पर या निबन्धक द्वारा स्वप्रेरणा से ऐसे लिखित विनिर्दिष्ट आदेशधनिदेश से आरंभ किये गए विशो अंकेक्षण के अधीन रहते हुए, होगा ।

(2) उप–धारा (1) के अधीन विशेष अंकेक्षण निबंधक के नियंत्रणाधीन जिला अंकेक्षण पदाधिकारीध्वरीय स्तर के अंकेक्षण पदाधिकारी या ऐसे पदाधिकारियों की किसी कमिटी द्वारा किया जायेगा ।

(3) जहाँ विशेष अंकेक्षण में गम्भीर कुप्रबन्धन का पता चले, वहाँ ऐसे विशेष अंकेक्षण का खर्च सहकारी समिति से या कुप्रवन्धन के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों से वसूल किया जा सकेगा।

(4) प्रत्येक विशेष अंकेक्षण आदेश निर्गमन की तारीख से एक सौ बीस दिनों के भीतर पूरा किया जायस और निबंधक को रिपोर्ट प्रस्तुत किया जायेगा।

(5) ऐसे विशेष अंकेक्षण रिपोर्ट में निम्नलिखित का विवरण अन्तर्विष्ट होगा :–

(क) प्रत्येक भुगतान, जो अंकेक्षक को अधिनियम, अथवा अधिनियम के अधीन बनी नियमावली अथवा सहकारी समिति के उपविधियों के प्रतिकूल प्रतीत हो,

1. बिहार अधिनियम सं० 6,2013 दिनांक 22–05–2013 द्वारा अन्तःस्थापित

(ख) किसी घाटे बर्बादी अथवा हानि की, जो किसी व्यक्ति को गंभीर उपेक्षा अथवा कदाचार के कारण हुई हो, की राशिः

(ग) प्राप्त कोई रकम, जो लेखा–जोखा में लानी चाहिये थी किन्तु किसी व्यक्ति द्वारा लेखा में नहीं लाई गई हो, एवं

(घ) कोई आस्तियों अथवा धन, जिससे कोई व्यक्ति सहकारी समिति के संगठन अथवा प्रबंधन के साथ संबंधित हो अथवा सहकारी समिति का कोई भूतपूर्व अथवा वर्तमान सदस्य समिति की किसी संपत्ति का दुर्विनियोग किया हो अथवा कपटपूर्वक रख लिया हो।

(6) विशेष अंकेक्षण रिपोर्ट की प्राप्ति की तारीख से तीस दिनों के भीतर, निबंधक उसकी प्रतियों निम्नलिखित को प्रेषित कर देगा–

(क) आवेदक ऋणदाता,

(ख) सम्बन्धित सहकारी समिति, और

(ग) जहाँ धारा 40 के अधीन आवश्यक हो, अधिभार की कार्यवाही दाखिल करने हेतु अधिकृत अंकेक्षण पदाधिकारी।

[33.ख. लेखाओं तथा अभिलेखों का संधारण (1) प्रत्येक सहकारी समिति अपने निबंधित कार्यालय में निम्नलिखित लेखाओं और अभिलेखों को रखेगीः–

(क) समय–समय पर किए गए संशोधन सहित इस अधिनियम की एक प्रति,

(ख) कार्यवृत्त पुस्तक,

(ग) निबंधन प्रमाण–पत्र तथा निबंधित उपविधियों की एक प्रति और संशोधन की तारीख के साथ समय–समय पर निबंधित संशोधनों की एक प्रति,

(घ) ऐसे संघध्परिसंघ की, जिसका वह सदस्य हो, तथा अपने प्रत्येक सदस्य सहकारी समिति के लिए अधिप्रमाणित उपविधियों की एक–एक प्रतिय

(ङ) सहकारी समिति द्वारा प्राप्त तथा खर्च की गई सभी राशि की लेखा तथा उनका प्रयोजन,

(च) सहकारी समिति द्वारा सामानों की सभी खरीद–बिक्री का लेखा,

(छ) सहकारी समिति की आस्तियों तथा दायित्वों का लेखा,

(ज) कुल सदस्यता तथा विभिन्न सेवाओं का सदस्यवार उपयोग प्रदर्शित करने वाली पंजी,

(झ) वित्तीय वर्ष की समाप्ति के तीस दिनों के भीतर अद्यतन की गई चालू वित्तीय वर्ष के लिए मताधिकार प्राप्त सदस्यों की सूची,

(ज) बोर्ड नीतियों की प्रतियाँ,

(ट) वार्षिक रिपोर्ट, अंकेक्षण प्रतिवेदन, विशेष अंकेक्षण प्रतिवेदन, जाँच प्रतिवेदन और उनका अनुपालनय

(ठ) अन्य विधियों तथा विनियमों की प्रतियाँ, जिनके अध्यधीन सहकारी समिति हो,

(ड) ऐसे अन्य दस्तावेज, जो सहकारी समिति की क्रियाओं से सुसंगत हो,

परन्तु जहाँ सहकारी समिति का शाखा कार्यालय हो, वहाँ शाखा–कार्यालयों संबंधी लेखा एवं अभिलेख, वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पचीस दिनों के भीतर किसी अवधि के लिए निबंधित कार्यालय में उपलब्ध रहेगाय

(ढ) नावार्ड, भारतीय रिजर्व बैंक तथा निबंधक द्वारा समय–समय पर, निर्गत परिपत्रोंध्प्रावधानों के अनुसार अपेक्षित सभी अन्य दस्तावेज, पंजी तथा परिपत्र आदि ।

(2) समर्थकारी अभिलेखों तथा भाउचरों सहित, प्रत्येक सहकारी समिति की लेखा पुस्तकें ऐसी अवधि के लिए जो तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अध्यधीन, उपविधियों में उपबंधित की गयी हो।

1. बिहार अधिनियम सं० 6,2013 दिनांक 22–05–2013 द्वारा अन्तःस्थापित।

टिप्पणी

[अधिनियम के अधीन बनी नियमावली के अनुसार ही पंजीकृत समिति का औडिट होगा। युगल किशोर सिंह बनाम रजिस्ट्रार, को–ऑपरेटिव सोसाइटी, बिहार, 1960 बी०एल० जे०आर० 49।

यदि बैंक निदेशक मंडल द्वारा पूर्णतः निजी तौर पर प्रबंधित और नियंत्रित हो, स्थिति भिन्न हो सकेगी यदि समिति अवक्रमित हो गई हो और निबंधक द्वारा विशेष पदाधिकारी की नियुक्ति कर दी गई हो तो सहकारी बैंक एवं उसके कर्मचारियों का विवाद में रीट याचिका की अधिकारिता नहीं हो सकती है। एस० इतरत हुसैन बनाम निबंधक सहकारी समितियाँ, 2001 (2) पी०एल० जे०आर० 253।

बिस्कोमान की विद्यमान वस्तुस्थिति शोचनीय। बिस्कोमान के भवन में आवासित किरायेदार, अधिकतर निगमित निकायों या सरकारी विभाग निःशुल्क आवास का उपयोग कर रहे हैं और बिस्कोमान को नुकसान पहुँचा रहे हैं। बिस्कोमान एक निगमित निकाय, बढ़े दायित्वों तले चल रहा है। यह निगमित निकाय तदर्थवाद की स्थिति में है जिसका लेखा अनंकेक्षित है, प्रबन्धन अवक्रमित है और छोटे पदाधिकारी तदर्थ प्रशासक बना दिये गये हैं। बिस्कोमान अनेक मुकदमों का सामना कर रहा है। प्रशासक को निदेश दिया जाता है कि वह महालेखाकार, बिहार या अधिकार प्राप्त लेखाकार से लेखा को अंकेक्षित कराकर आस्तियों और दायित्वों का पूर्ण विवरण प्रस्तुत करें। प्रशासक, बिस्कोमान बनाम रामाधार शर्मा, 2002 (3) पी०एल० जे०आर० 46।,

34. निबन्धक द्वारा निरीक्षण–समय–समय पर निबंधक स्वयं अथवा अपने सामान्य अथवा विशेष आदेश से एतदर्थ प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा निबंधित सोसाइटी का निरीक्षण कर सकेगा।

35. निबन्धक द्वारा जाँच– स्वेच्छा से तथा समाहर्ता के अनुरोध पर अथवा प्रबन्ध समिति के अधिसंख्यक अथवा सदस्यों की एक तिहाई से अन्यून के आवेदन पर किसी पंजीकृत सोसाइटी की संरचना, कामकाज एवं वित्तीय स्थिति के बारे में निबन्धक जाँच कर सकेगा अथवा अपने लिखित आदेश से एतदर्थ प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा जाँच करने को निर्देशित कर सकेगा ।

(2) उपधारा (1) के अधीन निबंधक अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति–

(क) सोसाइटी के किसी अधिकारी से सोसाइटी के मुख्यालय के स्थान पर वैसे समय में वैसी बातों पर विचारार्थ सामान्य बैठक बुलाने की अपेक्षा कर सकेगा जैसा वह निदेश करेगा, एवं

(ख) यदि सोसाइटी का अधिकारी वैसी बैठक बुलाने से इन्कार करे अथवा चूक जाए अथवा यदि वैसी संयोजित बैठक में कोरम न हो तो सोसाइटी की सामान्य बैठक बुलाने के लिए सूचना की अवधि को विहित करनेवाली किसी नियम अथवा उपविधि के होते हुए भी सदस्यों को स्वयं सूचना देकर वैसी बैठक उस रीति से बुला सकेगा जो वह उचित समझेगा। उपधारा (1) के अधीन निबन्धक अथवा उसका प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा संयोजित उस बैंक को सोसाइटी की उपविधियों के अधीन संयोजित सामान्य बैठक की सभी शक्तियाँ होंगी ।

(3) जब इस धारा के अधीन जाँच होगी तो निबन्धक उस सोसाइटी को, वित्तदायी बैंक को, यदि हो, जिससे सोसाइटी सम्बद्ध होगी तथा उन व्यक्तियों को अथवा प्राधिकार को, यदि हो जिसके अनुरोध पर जाँच की जाए जाँच के परिणामों को संसूचित कर देगा।

टिप्पणी

[जाँच प्रतिवेदन को संसूचित करना जरूरी होता है। रामाशंकर प्रसाद सिंह बनाम राज्य, ए०आई०आर० 1973 पटना 269।,

36. निबन्धक द्वारा पंजियों का निरीक्षण (1) पंजीकृत सोसाइटी के उत्तमर्ण के आवेदन पर निबन्धक स्वयं अथवा लिखित आदेश से एतदर्थ प्राधिकृत किसी व्यक्ति को निदेश देकर सोसाइटी की पंजियों का निरीक्षण कर सकेगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन तबतक कोई निरीक्षण नहीं होगा अथवा निरीक्षणार्थ निदेश नहीं दिया जायगा जबतक आवेदक–

(क) निबन्धक को संतुष्ट न कर दे कि ऋण की राशि बाकी है और उसने संदाय की माँग की है और समुचित समय के भीतर उसे संदत्त नहीं किया गया है, एवं

(ख) प्रस्ताविक निरीक्षण पर व्यय के लिए प्रतिभूति के रूप में उतनी राशि निबन्धक के पास जमा न करे निबंधक जितनी अध्यापेक्षा करे।

(3) जब उपधारा (1) के अधीन निरीक्षण के पश्चात निबन्धक सोसाइटी के लेनदार को तथा उस किसी वित्तदायी बैंक को, जिससे सोसाइटी को संबन्धन प्राप्त है, उस निरीक्षण का परिणाम संसूचित कर देगा।

37. वित्तदाता बैंक द्वारा बहियों का निरीक्षण–वित्तदाता बैंक किसी पंजीकृत सोसाइटी की, जो उससे संबद्ध प्राप्त है, बहियों का निरीक्षण करवा सकेगा तथा उस सोसाइटी को अपेक्षित जानकारी, विवरण एवं विवरणियाँ देने का निदेश दे सकेगा।

(2) सामान्य अथवा विशेष आदेश से निबन्धक द्वारा अनुमोदित वित्तपोषक बैंक का कोई अधिकारी अथवा उसका वेतनभोगी कर्मचारी वर्ग का कोई सदस्य उपधारा (1) के अधीन निरीक्षण कर सकेगा।

(3) वित्तपोषक बैंक उस निरीक्षण का परिणाम निबन्धक को तथा संबन्धित सोसाइटी को संसूचित कर देगा।

38. लेख्यों को माँगाने तथा सम्मन जारी करने की शक्ति–धारा 33 के अधीन सोसाइटी की लेखा का औडिट अथवा धारा 34, 35, 36 अथवा 37 के अधीन निरीक्षण अथवा जाँच करने के लिए–

(क) निबन्धक अथवा किसी प्राधिकृत व्यक्ति को हर समुचित समय पर सोसाइटी की अथवा उसकी अभिरक्षा में रहनेवाली बहियों, लेखा, लेख्यों, प्रतिभूतियों, नकद या अन्य सम्पत्तियों तक निर्वाध पहुँच रहेगी एवं वह उन बहियों, लेखाओं, लेख्यों, प्रतिभूतियों, नकद या अन्य सम्पत्तियों को अधिकार में रखनेवाला अथवा उसके लिए उत्तरदायी किसी व्यक्ति को उन्हें सोसाइटी के कार्यालय में अथवा उसके किसी शाखा में अथवा वित्तदायी बैंक की स्थिति को छोड़कर, उसके मुख्यालय के किसी स्थान पर, प्रस्तुत करने के लिए सम्मन कर सकेगा,

(ख) निबन्धक अथवा कोई प्राधिकृत व्यक्ति किसी व्यक्ति को, जिसके बारे में उसके पास विश्वास करने का कारण हो कि उसे सोसाइटी की बातों की जानकारी है, सोसाइटी के कार्यालय में अथवा उसकी किसी शाखा अथवा, वित्तपोषक बैंक की स्थिति को छोड़कर, मुख्यालय के किसी स्थान पर अपने समक्ष उपस्थित होने के लिए सम्मन कर सकेगा एवं उस व्यक्ति की शपथ पर परीक्षा कर सकेगा तथा

(ग) यदि निबन्धक या किसी प्राधिकृत व्यक्ति को ऐसी आशंका हो कि सोसाइटी की अथवा उसकी अभिरक्षा में रहनेवाली बहियों, लेखाओं, लेख्यों, प्रतिभूतियों, नकद तथा अन्य सम्पत्तियों में से किसी के संबंध में धोखाधड़ी, नुकसान या विकृति की जा सकती है तो वह दो व्यक्तियों की उपस्थिति में उपर्युक्त सामग्रियों को जप्त कर सकेगा और जप्त करनेवाला अधिकारी उसके लिए समुचित रसीद देगा और यदि वह अधिकारी निबन्धक के अलावा कोई अन्य होगा तो वह तुरन्त उस जप्ती का प्रतिवेदन अपने व्यवहित वरीय अधिकारी तथा निबन्धक के पास भेजेगा :

परन्तु इस कोंडका के अधीन शक्ति का प्रयोग केवल नियमावली द्वारा इसके लिए प्राधिकृत व्यक्ति होंगे ।

39. जाँच तथा निरीक्षण का व्यय– जब धारा 35 के अधीन जाँच की जाए अथवा धारा 36 के अधीन

निरीक्षण किया जाय तो निबन्धक, पक्षों को सुनवाई का अवसर देने के बाद तथा कारणों को अभिलिखित करने के बाद, ऐसी जाँच अथवा निरीक्षण का व्यय अथवा व्यय का वह अंश, जो वह उचित समझे जाँच अथवा निरीक्षण की माँग करनेवाले लेनदार अथवा सोसाइटी एवं सदस्यगण और सोसाइटी के अधिकारियों अथवा पूर्ववर्ती अधिकारियों के बीच विभक्त कर देगा।

टिप्पणी

खनिबन्धक, उप–निबन्धक अथवा सहायक निबन्धक के अनुरोध पर भी भारतीय दंड संहिता की धारा 409 के अधीन कानूनी कार्रवाई की जायगी।,

40. अधिशुल्क (1) अतः धारा 33 के अधीन अंकेक्षण ख्तथा धारा 33क. के अधीन विशेष अंकेक्षण, अथवा धारा 35 के अधीन जाँच, अथवा धारा 34, धारा 36 अथवा धारा 37 के अधीन निरीक्षण के परिणामस्वरूप निबन्धक को ऐसा प्रतीत हो कि किसी व्यक्ति ने, जिसने सोसाइटी के संगठन अथवा प्रबन्ध में भाग लिया है, अथवा सोसाइटी के किसी भूतपूर्व अथवा वर्त्तमान अधिकारी ने–

1. बिहार अधिनियम सं० 6, 2013 दिनांक 22–05–2013 द्वारा अन्तःस्थापित ।

(क) कोई ऐसी अदायगी की है जो सोसाइटी की विधि, नियमावली अथवा उपविधियों के प्रतिकूल है अथवा जो उस वित्तपोषक बैंक के निदेशों अथवा अनुदेशों के विरुद्ध है जिसके लिए सोसाइटी धारा 16 की उपधारा (3) के अधीन अभिकर्ता के रूप में कार्य कर रही है, अथवा

(ख) अपने आपराधिक अपेक्षा अधवा कदाचार के कारण सोसाइटी के अथवा उस वित्तप्रेषक बैंक को जिसके लिए वह धारा 16 की उपधारा (3) के अधीन अभिकर्ता के रूप में कार्य कर रहा है, किसी क्षति अथवा ऊणता में अर्न्तग्रस्त कर दिया है, अथवा

(ग) किसी ऐसी राशि को लेखा में लाने की चूक की है जिसे लेखा में लाना चाहिए या, अथवा

(घ) सोसाइटी की अथवा उस वित्तपोषक बैंक की जिसके लिए यह धारा 16 की उपचारा (3) के अधीन अभिकर्ता के रूप में कार्य कर रही है, सम्पत्ति का दुर्विनियोग किया है अथवा उसे छलपूर्वक अपने पास रख लिया है, निबन्धक वैसे व्यक्ति अथवा अधिकारी के आचरण की जाँच कर सकेगा और वैसे व्यक्ति अथवा अधिकारी को सुनवाई का अवसर देने के बाद, वैसी अदायगी अथवा क्षति अथवा राशि के संबंध में क्षतिपूर्ति के रूप में यथास्थिति सोसाइटी अथवा वित्तपोषक बैंक की आस्तियों में ऐसी राशि का अंशदान करने अथवा ऐसी सम्पत्ति का प्रत्यावर्त्तन करने की अपेक्षा करते हुए आदेश दे सकेगा जैसा निबन्धक इस धारा के अधीन कार्यवाही के व्यय पूरा करने के लिए ऐसी राशि देने का आदेश दे सकेगा जैसा वह निर्धारित करेगाः

परन्तु, किसी व्यक्ति अथवा अधिकारी को कोंडका (क) में निदेशित अदायगी के संबंध में अंशदान करने की अपेक्षा करते हुए किसी आदेश पारित करने के पहले उस व्यक्ति अथवा अधिकारी को प्रापक से वैसी अदायगी की राशि वसूलने के लिए तथा यथास्थिति सोसाइटी अथवा वित्तपोषक बैंक की निधियों में जमा करने के लिए युक्तियुक्त समय दिया जायगा :

' ख्परन्तु कि जिस तिथि को ऐसा काम हुआ अथवा चूक हुई उस तिथि से छह वर्षों के भीतर या प्रस्ताव दाखिल करने की तिथि से तीन वर्ष के भीतर, जो भी पहले हो, कण्डिका (क), (ख), (ग) अथवा (घ) में उल्लिखित किसी काम या चूक के सम्बन्ध में इस उपधारा के अधीन कोई आदेश पारित किया जायेगा ।,

(2) ऐसे व्यक्ति अथवा अधिकारी पर इस अधिनियम के अधीन अथवा किसी अन्य विधि के अधीन उपगत आपराधिक दायित्व होते हुए भी यह धारा लागू होगा ।

(3) निबन्धक के आदेश की संसूचना की तिथि से तीन मास के भीतर उस व्यक्ति अथवा अधिकारी के आवेदन पर, जिसके विरुद्ध वह आदेश पारित हुआ हो, राज्य सरकार के पास उस आदेश के विरुद्ध अपील होगी। अपील पर राज्य सरकार का आदेश, तथा उस अपील के परिणाम के अध्यधीन निबन्धक का आदेश अन्तिम होंगे ।

अध्याय 6

प्रबन्ध समिति का विघटन

[1][41. **प्रबंध समिति का विघटन**–[2]["(1) यदि निबन्धक की राय में किसी सहकारी समिति का बोर्ड, जिसमें राज्य सरकार ने हिस्सा पूँजी का अंशदान किया हो अथवा राज्य सरकार द्वारा ऋण अथवा वित्तीय सहायता

दी गई हो अथवा सहकारी गारंटी पर ऋण दिया गया हो।

(i) लगातार ऋण अदायगी में चूक की हो, अथवा

(ii) इस अधिनियम, नियमावली या उपविधियों द्वारा उसपर अधिरोपित कर्त्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही की हो, या

(iii) सहकारी समिति अथवा उसके सदस्यों के हित के विरूद्ध कार्य किया हो, या

(iv) बोर्ड के गठन अथवा कार्यकलाप में गतिरोध हो, तो वह समिति के बोर्ड को अपनी आपत्ति अधिकथित करने का, यदि कोई हो, अवसर प्रदान करने के पश्चात् कारणों सहित लिखित आदेश द्वारा सहकारी समिति के बोर्ड को अधिकतम छह माह के लिए अधिक्रमित कर सकेंगे और आदेश दे सकेंगे कि उसके सभी अथवा कोई सदस्य आदेश में विनिर्दिष्ट होने वाली पाँच वर्ष से अनधिक कालावधि तक के लिए सहकारी समिति के बोर्ड में निर्वाचन के लिए निरर्हित होंगे। निबन्धक इस धारा के अधीन पारित प्रत्येक आदेश को लिखित रूप में अभिलिखित करेंगे और निबंधित डाक से संबंधित सहकारी समिति को सूचित कर देंगे। तब बोर्ड कार्य करना रोक देगा,

1. बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा प्रतिस्थापित ।
2. बिहार अधिनियम, सं० 6, 2013 दिनांक 22–05–2013 द्वारा प्रतिस्थापित ।

परन्तु ऐसी सहकारी समिति के मामलेमें जो बैंकिंग का कारोबार कर रही हों, बैंकिंग रेगूलेशन ऐक्ट, 1949 के प्रावधान भी लागू होंगे,

परन्तु और कि बैंकिंग का कारोबार करने वाली ऐसी सहकारी समिति के मामले में, बोर्ड के अधिक्रमण की अवधि अधिकतम एक वर्ष की होगी:

परन्तु और भी कि बैंकिंग प्रचालन वाली सहकारी समिति के बोर्ड का अधिक्रमण भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से किया जायेगा।

(2) जहाँ उप–धारा (1) के अधीन कार्यवाही करते समय निबन्धक की राय में निबंधित समिति के हित में बोर्ड का निलंबन आवश्यक हो, तो वे बोर्ड को निलम्बित कर सकेंगे, जो उसके बाद कार्य नहीं करेगा और उप–धारा (1) की कार्यवाही की समाप्ति तक निबंधित समिति के कार्यकलाप के प्रबंधन के लिए ऐसी व्यवस्था करेंगे, जो वे उचित समझें:

परन्तु यदि इस प्रकार निलम्बित बोर्ड अधिक्रमित नहीं होता है, तो छह माह के उपरान्त कार्य करने लगेगा और निलंबन में रहने की अवधि की गणना उसकी अवधि में की जायेगी।

(3) जब कोई सहकारी समिति उप–धारा (1) के अधीन निलंबन के अधीन हो तो निवन्धक सहकारी समिति के कार्य संचालन के लिए प्रशासक नियुक्त करेंगे। नियुक्त प्रशासक उप–धारा (1) के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर सहकारी समिति के बोर्ड के नव निर्वाचन हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई करेंगे तथा नव निर्वाचित बोर्ड को प्रबंधन का कार्यभार सौंप देंगे:–

परन्तु निबंधक को अधिक्रमण की अवधि के दौरान प्रशासक को बदलने की शक्ति होगी।

(4) उप–धारा (3) के अधीन नियुक्त प्रशासक सहकारी समिति के कार्य संचालन के लिए ऐसा पारिश्रमिक प्राप्त करेगा, जो निबंधक द्वारा यथोचित नियत किया जाय। इस प्रकार नियत पारिश्रमिक सहकारी समिति के खाते से भुगतेय होगा:

परन्तु उप–धारा (3) के अधीन नियुक्त प्रशासक, निबन्धक द्वारा निर्मित सेवा शर्त्तों के अधीन कार्य करेंगे तथा इस अधिनियम, नियमावली एवं समिति की उपविधियों में बोर्ड को प्रदत्त सभी कर्तव्यों तथा दायित्वों का निर्वहन करेंगे।''

(5) रजिस्ट्रार किसी निबंधित सोसाइटी की प्रबंध समिति को विघटित कर देगा यदि–

(क) निबंधित सोसाइटी के बहुसंख्यक सदस्य और प्रबन्ध समिति के निर्वाचित पदधारी अपनी सदस्यता या पद से त्याग कर देय या

(ख) किसी निबन्धित सोसाइटी की प्रबन्ध समिति के स्थानों की कुल संख्या का आधा किसी कारणवश रिक्त हो जाय :

और निबन्धित सोसाइटी के बेहतर प्रबन्धन के लिए प्रशासक नियुक्त करेगा,

परन्तु यह कि यदि प्रवन्ध समिति के विघटन की अवधि के दौरान रजिस्ट्रार का यह समाधान हो जाय कि निर्बोधत सोसाइटी के कार्यकलाप में पर्याप्त सुधार हो गया है और किसी नवगठित प्रबन्ध समिति को प्रबन्ध समिति को प्रबन्धन प्रत्यावर्तित करना वांछनीय है तो वह आदेश द्वारा निदेश दे सकेगा कि प्रशासक नई

प्रबन्ध समिति के गठन की आवश्यक कार्रवाई करे और ऐसी समिति का गठन हो जाने पर प्रशासक ऐसे नवगठित प्रबन्ध समिति को तुरन्त प्रबन्ध सौंप देगा ।

(6) उप–धारा (1)[1] [एवं [उप–धारा (2) के अन्तर्गत रजिस्ट्रार द्वारा दिये गये आदेश सम्बन्धित निबन्धित सोसाइटी को संसूचना के' ख्एक महीने, के भीतर प्रबन्ध समिति के किसी सदस्य के आवेदन पर राज्य सरकार के यहाँ अपील होगी, अपील पर राज्य सरकार का आदेश और ऐसी अपील के प्रतिफल के अध्यधीन यदि कोई हो, रजिस्ट्रार के आदेश अन्तिम होगा।

(7) रजिस्ट्रार, प्रशासक कां उसकी शक्तियों और कृत्यों तथा निबंधित सोसाइटी के कार्यकलापों के संबंध में ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह वांछनीय समझे और प्रशासक रजिस्ट्रार के पास किसी समय अनुदेश हेतु अनुरोध करेगा कि प्रशासक किस रीति से निर्बाधत सोसाइटी के प्रबन्ध का संचालन करे।

(8) धारा 42 के अन्तर्गत समिति के परिसमापन अथवा धारा 44 की उपधारा (8) के अन्तर्गत समिति के निबन्धन को रद्द करने सम्बन्धी रजिस्ट्रार की शक्तियाँ इस धारा से प्रभावित नहीं हुई समझी जायगी ।]

1. बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा अन्तः स्थापित ।
2. प्रतिस्थापित तत्रैव ।

टिप्पणी

[समिति के प्रबन्ध को निर्धारित अवधि के लिए वापस लेने का कदापि अर्थ नहीं कि उसके संरचना में कोर परिवर्तन हो सके। कामता पाठक बनाम निबन्धक, को–आपरेटिव सोसाइटी लि०, 1971 बी०आर०एल०० (रेभन्यु) 117।

पूर्व सूचना दिए प्रबन्ध समिति को भंग कर देने का अधिकार राज्य सरकार को उस विशेष परिस्थिति में उपलब्ध है जहाँ सूचना देने से वह प्रयोजन हो विफल हो जायगा जिस प्रयोजन के लिए समिति को भंग करना, अपेक्षित हो। नई समिति के गठन संबंधी सरकारी अधिसूचना होने पर पुरानी समिति के सदस्यों को सुनवाई गर अवसर देना आवश्यक नहीं है।

सदस्यों के तीन वर्ष की पदावधि की समाप्ति के पश्चात् और धारा 14(9) की दृष्टि से 9 माह की विस्तारित अवधि के भीतर किसी कारण से निर्वाचन नहीं है तो इस अधिनियम की इस धारा के अधीन उस सहकारी सोसाइटी की प्रबन्ध समिति उक्त तिथि के प्रभाव से अधिक्रांत समझी जायेगी। नवल किशोर बनाम बिहार राज्य, 1991 (1) पी०एल० जे०आर० 572।

धारा 4 के अधीन आरंभ की गई कार्यवाही में निबन्धक इस धारा के अधीन कार्रवाई अग्रसर करते हुए निलम्बन का अंतरिम आदेश कर सकता है। अन्तरिम निलम्बन का आदेश समकालीन होने पर भी पृथक और स्वतंत्र आदेश समझा जायेगा और उसे सामासिक आदेश नहीं कहा जायेगा। साठी जोयान्ट फार्मिंग को–ऑपरेटिव सोसाइटी बनाम निबन्धक, 1991 (1) पी०एल० जे०आर० 625 1991 (1) बी०एल०आर० 265 1

बिस्कोमान की विद्यमान वस्तुस्थिति शोचनीय। बिस्कोमान के भवन में आवासित किरायेदार, अधिकतर निगमित निकायों या सरकारी विभाग निःशुल्क आवास का उपयोग कर रहे हैं और बिस्कोमान को नुकसान पहुँचा रहे हैं। विस्कोमान एक निगमित निकाय, बढ़े दायित्वों तले चल रहा है। यह निगमित निकाय तदर्शवाद की स्थिति में है जिसका लेखा अनंकेक्षित है, प्रबन्धन अवक्रमित है और छोटे पदाधिकारी तदर्थ प्रशासक बना दिये गये हैं। बिस्कोमान अनेक मुकदमों का सामना कर रहा है। प्रशासक को निदेश दिया जाता है कि वह महालेखाकार, बिहार या अधिकार प्राप्त लेखाकार से लेखा को अंकेक्षित कराकर आस्तियों और दायित्वों का पूर्ण विवरण प्रस्तुत करें। प्रशासक, बिस्कोमान बनाम रामाधार शर्मा, 2002 (3) पी०एल० जे०आर० 46।

किसी समिति का विघटन धारा 41 के उपबन्धों के अनुसार किया जा सकता है और समिति के विघटन के बाद निवन्धक द्वारा धारा 41 की उपधारा (1) या (5) के तहत् प्रशासक नियुक्त किया जा सकता है। बीरेन्द्र कुमार राय बनाम बिहार सरकार, 2005 (1) पी०एल० जे०आर० 423 ।

जिस क्षण समिति अपना अस्तित्व खो देती है, प्रबन्ध समिति का भी अस्तित्व समाप्त हो जाता है क्योंकि इसका अस्तित्व समिति के अस्तित्व या वैधानिक अवधि तक सहयोजित (ब्व–जमतउपदने) होता है। दो समितियों के विलयन के पश्चात् एक नयी समिति अस्तित्व में आती है तथा इसके निबन्धन के पश्चात् नयी समिति को अपनी प्रबन्ध समिति का चुनाव करना होगा। बीरेन्द्र प्रसाद राय बनाम बिहार सरकार, 2005 (1) पो०एल० जे०आर० 423।

निबन्धित समिति की असम्बद्धता एवं निदेशक पर्षद् के निलम्बन हेतु प्रथमतः एवं अनिवार्यतः कारण पृच्छा निर्गत करना सन्तुष्टि मात्र है जिसे निबन्धक द्वारा अभिलिखित किया जाना है एवं तद्नुसार विचार किया जाना है। अनुशंसाएँ जो विवादित थीं के आधार पर कारण पृच्छा सूचना मूलतः बिल्कुल अविधिक है। राजकिशोर प्रसाद बनाम बिहार सरकार, 2005 (3) बी०बी०सी० जे० (ट) 22।

सहयोग समिति का निलम्बन तथ्यों की अधिकम्य को सूचना निर्गत करते समय उपेक्षा नहीं की जा सकती है। विहार राज्य सहकारिता बैंक बनाम बिहार सरकार, 2005 (3) बी०वी०सी० जे० (ट) 107ः 2005 (2) पी०एल० जे०आर० 6851

आपत्ति दाखिल करने हेतु नोटिस निर्गत करने के पहले निबन्धक को यह अवधारित करना है कि इसके आधार क्या हैं। ऐसी अवधारण तथ्यों पर आधारित तथा तथ्यपरक (Subjective) होनी चाहिए। अगर प्राधिकारी के समक्ष अवधारण हेतु कुछ तथ्य हो तो इसकी अधिकारिता सूचना निर्गत करने के प्रारम्भिक प्रक्रम पर नकारा नहीं जा सकता है। बिहार राज्य सहकारी बैंक बनाम राज्य सरकार, 2005 (2) पी०एल० जे०आर० 6651]

[1]["42. **समापनादेश.**– निबन्धक अधिसूचना द्वारा किसी निर्वाधत सहकारी समिति का परिसमापन आदेश दे सकेंगे, यदि–

(क) कोई समिति के तीन चौथाई सदस्यों द्वारा पारित विशेष संकल्प द्वारा समिति के परिसमापन हेतु अनुरोध प्राप्त हुआ हो,

(ख) धारा–35 के अधीन जाँच अथवा धारा–34, धारा–36 अथवा धारा–37 के अधीन निरीक्षण के बाद यदि निबन्धक की राय हो कि सदस्यों के हित में उस सहकारी समिति का परिसमापन आवश्यक हो,

(ग) निबंधन के उपरांत सहकारी समिति द्वारा कोई कार्य प्रारम्भ नहीं किया है अथवा कार्य करना बन्द कर दिया गया हो,

(घ) निबंधन की शर्तों के प्रतिकूल सहकारी समिति के सदस्यों की संख्या कम होकर दस से कम हो गई हो,

परन्तु ऐसा आदेश, सहकारी समिति के हिस्साधारक सदस्यों तथा हितबद्ध व्यक्तियोंध्संस्थाओं को कम से कम एक माह का नोटिस देकर उन्हें सुनने के पश्चात् ही पारित किया जायेगा।''

टिप्पणी

[समिति के विरुद्ध अतिक्रमण का आदेश पूर्व सूचना कारण बताने हेतु देने के पश्चात् ही पारित किया जा सकता है। यदि निबन्धक धारा 42 की उपधारा (1) के अधीन कोई आदेश पारित करते हैं तो समिति के कार्य व्यवस्था का प्रबन्ध भी करना होगा क्योंकि निबन्धक का ऐसा आदेश मात्र अन्तरिम होता है। साठी जोयान्ट फार्मिंग को–ऑपरेटिव सोसाइटी बनाम निबन्धक, 1991 (1) पी०एल० जे०आर० 625 (1991) 1 बी०एल० जे० आर० 6251]

43. **परिसमापनादेश के विरूद्ध अपील**– [1]["(1) उस सहकारी समिति का कोई सदस्य अथवा हितबद्ध व्यक्तिध्संस्था, राजपत्र में धारा 42 के अधीन पारित आदेश के प्रकाशित होने की तिथि से दो माह के भीतर, उस आदेश के विरूद्ध राज्य सरकार के समक्ष अपील कर सकेगा।''

(2) धारा 2 के अधीन आदेश शासकीय राजपत्र में प्रकाशन होने की तिथि से दो माह व्यतीत हो जाने तक प्रभावी नहीं होगा अथवा यदि अपील की गई हो तो तबतक प्रभावी नहीं होगा जबतक अपील के बाद अधिसूचना से उसे संपुष्ट न कर दिया जाए।

(3) अपील पर राज्य सरकार का आदेश और उस अपील के परिणाम यदि कुछ निकले, के अध्यधीन रजिस्ट्रार आदेश अन्तिम होंगे।

44. **परिसमापक एवं विघटन**–(1) जहाँ निबन्धक किसी पंजीकृत सोसाइटी के परिसमापन के लिए आदेश पारित करेगा वहाँ वह एक अथवा अधिक व्यक्तियों को उस सोसाइटी का परिसमापक नियुक्त करेगा ।

(2) धारा 43 की उपधारा (2) में किसी बात के होते हुए भी, नियुक्ति के पश्चात परिसमापक को सोसाइटी की सभी आस्तियों तथा उसके संव्यवहार से सम्बन्धित एवं सांसाइटी के संव्यवहार को चलाने के लिए अपेक्षित सभी वहियों, अभिलेखों तथा अन्य लेख्यों को अपने कब्जा में अविलम्ब लेने की शक्ति होगी, एवं इस तरह से सोसाइटी के सारे अधिकार, कर्त्तव्य, आस्तियाँ एवं दायित्व परिसमापक में निहित और उस पर न्यायगत हो जाएँगे ।

(3) निबन्धक के नियन्त्रण तथा पुनरीक्षण की शक्ति के अध्यधीन वैसे परिसमापक को यह शक्ति भी होगी कि वह–

(क) सोसाइटी की ओर से अपने पदनाम पर वाद तथा अन्य कानूनी कार्यवाहियों को संस्थित तथा प्रतिरक्षित करे,

(ख) किसी व्यक्ति से सोसाइटी की बाकी सारी राशियाँ अवधारित तथा वसूल करे,

(ग) समय–समय पर, धारा 32 के प्रावधानों के अध्यधीन सोसाइटी की आस्तियों में सदस्यों अथवा भूतपूर्व सदस्यों अथवा मृत सदस्यों की सम्पदाओं, अथवा मनोनीत व्यक्तियों, उत्तराधिकारियों अथवा विधिसम्मत प्रतिनिधियों के द्वारा अथवा किसी अधिकारी अथवा पूर्ववर्ती अधिकारी के द्वारा किया जानेवाला अंशदान को अवधारित करें तथा समापन के पूर्ण होने तक अंशदान के किसी आदेश को पुनरीक्षित करे एवं वैसे अंशदानों को वसूल करे,

1. बिहार अधिनियम सं० 6, 2013 दिनांक 22–05–2013 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(घ) सोसाइटी के प्रति सारे दावों की छानबीन करे तथा इसअधिनियम के प्रावधानों के अध्यधीन सभी लेनदारों को सुनवाई का अवसर देने के बाद दावाकर्त्ताओं में उत्पन्न प्राथमिकता के प्रश्नों का निबटारा करें।

(ङ) सोसाइटी के परिसमापन सम्बन्धी आदेश देनेवाली अधिसूचना के शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तिथि तक सूद सहित सोसाइटी के प्रति दावों को प्राथमिकता के क्रमानुसार, यदि हों पूर्णतः या अनुपाततः सोसाइटी की आस्तियों की दृष्टि से, जैसा उचित हो, संदाय करें, एवं दावों की पूरी अदायगी के बाद शेष रहे आधिक्य को अपने द्वारा निश्चित दर, किन्तु हर हालत में सोसाइटी द्वास निर्धारित देय दर से अनधिक, पर उक्त तिथि से ब्याज की अदायगी में प्रयोग करें,

(च) जिन व्यक्तियों और सोसाइटी के बीच कोई विवाद हो उन व्यक्तियों से सुलह की व्यवस्था को अथवा ऐसा किसी विवाद को मध्यस्थता में निर्देशित करे,

(छ) अवधारित करे कि परिसमापन के व्यय को किन व्यक्तियों द्वारा और किस अनुपात में वहन किया जायगा, एवं

(ज) सोसाइटी की आस्तियों के समाहरण और वितरण के सम्बन्ध में वैसा निदेश दे जो सोसाइटी के कामकाज के परिसमापन के लिए उसे आवश्यक प्रतीत हो :

परन्तु किसी व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिये बिना परिसमापक उससे वसूले जाने वाले अंशदान, ऋण या आस्तियों का अवधारण नहीं करेगा।

(4) यदि धारा 43 के अधीन परिसमापन के आदेश के विरुद्ध की गई अपील राज्य सरकार मंजूर कर लें तो परिसमापक सोसाइटी की आस्तियों, बहियों, अभिलेखों तथा अन्य लेख्यों पर से अपना कब्जा त्यागकर उन सब को प्रबन्ध समिति को सूपूर्द कर देगा तथा सोसाइटी के संव्यवहार को चलाना बन्द कर देगा, परन्तु परिसमापक की हैसियत से उसके द्वारा किये गये सारे कार्यों की वैधिक मान्यता बनी रहेगी मानो वे सोसाइटी की प्रबन्ध समिति द्वारा किये गये हों।

(5) निबन्धक की विशेष स्वीकृति से, सम्बद्ध व्यक्ति उपधारा (3) की कंडिका (ख), (ग), (घ), (ङ), (च) अथवा (छ) के अधीन परिसमापक के आदेश की निबन्धित डाक से संसूचना प्राप्त करने की तिथि से तीन माह के भीतर जिला न्यायाधीश के न्यायालय में अपील कर सकेगा।

(6) पुनरीक्षण के दौरान निबन्धक द्वारा दिया गया किसी आदेश अथवा अपील के दौरान जिला न्यायाधीश के द्वारा दिया गया किसी आदेश के अध्यधीन परिसमापक का आदेश, पुनरीक्षण में निबन्धक का आदेश तथा अपील पर जिला न्यायाधीश का आदेश अन्तिम होंगे।

(7) जब सोसाइटी का कामकाज परिसमाप्त कर दिया जायगा तो परिसमापक सोसाइटी के अभिलेखों को उस स्थान पर जमा कर देगा जो स्थान निबन्धक निदेशित करेगा ।

(8) उपधारा (7) के अधीन सोसाइटी के अभिलेख्य जमा कर दिये जाने के वाद, निवन्धक सोसाइटी के निबन्धन को रद्द कर देगा और सोसाइटी का निगम निकाय का स्वरूप समाप्त हो जायगा।

[1][अध्याय 6–क

भूमि विकास बैंक

44–क. परिभाषाएँ– इस अध्याय में जबतक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो–

(क) 'बोर्ड' से राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक की प्रबन्धक समिति अभिप्रेत है,

(ख) 'भूमि विकास बैंक' के अन्तर्गत राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक और प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक भी है,

(ग) 'विहित' से इस अध्याय के अधीन बनाये गये नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है,

(घ) 'प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक' से उस नाम की कोई रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी अभिप्रेत है,

(ङ) 'राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक' से धारा 11 के अधीन रजिस्ट्रीकृत उस रकम की कोई सोसाइटी अभिप्रेत है, और इसके अन्तर्गत धारा ।। के अधीन उस रूप में रजिस्ट्रीकृत बिहार राज्य सहकारी भूमि बन्धक बैंक लिमिटेड भी है और

(च) 'न्यासी' से धारा 44 के निर्दिष्ट न्यासी अभिप्रेत है।

1. बिहार अधिनियम 39, 1982 द्वारा अन्तः स्थापित ।

44–ख. इस अध्याय का उपबन्ध भूमि विकास बैंकों को लागू होगा– इस अध्याय का उपबन्ध इसमें यहाँ दिये गये सभी या किन्हीं प्रयोजनों के लिए उधार देनेवाले भूमि विकास बैंक को लागू होंगे, अर्थात् –

(1) भूमि की उन्नति और उत्पादनकारी प्रयोजन।

(ii) भूमि के बन्धकों का मोचन।

(ii) अन्य मूल्यवान स्थावर सम्पत्ति के बन्धकों का, ऐसी शर्त्तों के अध्यधीन जो विहित की जाए, मोचन ।

(iv) कृषकों के ऋणों का ऐसे निबन्धनों के अध्यधीन जो विहित किये जाय समापन ।

(v) काश्तकारों द्वारा कृषि भूमि के हक का क्रय या अर्जन ।

(vi) कृषि–प्रयोजनों के लिए मकान उठाना, उन्हें फिर से बनाना या मरम्मत करना ।

स्पष्टीकरण' भूमि की उन्नति और उत्पादनकारी प्रयोजन' से कोई ऐसा संकर्म, निर्माण या क्रियाकलाप अभिप्रेत है जो भूमि की उत्पादन शक्ति को बढ़ाए और विशिष्टतः इसके अन्तर्गत निम्नलिखित भी है, अर्थात् –

(क) कृषि प्रयोजन के लिए या खेती में लगे व्यक्तियों और मवेशियों के उपयोग के लिए जल के संचय, प्रदाय या वितरण के लिए कुंओं (जिसके अन्तर्गत नलकूप भी है), तालाबों या अन्य संकर्मो का संनिर्माण और उनकी मरम्मत ।

(ख) पूर्वगामी किसी भी संकर्म का नवीकरण का पुनर्निमाण ।

(ग) सिंचाई के लिए भूमि की तैयारी।

(घ) कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग में लायी जानेवाली भूमि या कृषि योग्य बन्जर भूमि का जल निकास, नदी या अन्य जल प्रांगण से कर्षण का बाढ़ से अथवा जल से होने वाले कटाव या अन्य क्षति से बचाव ।

(ङ) बाँध निर्माण और इसी प्रकार की उन्नति ।

(च) कृषि के प्रयोजनार्थ–भूमि का कर्षण, उसकी सफाई और उन पर घेरा डालना या उसकी स्थायी उन्नति ।

(छ) बागवानी

(ज) इसमें उल्लिखित किसी भी प्रयोजन के लिए तेलचलित इंजनों, पम्पिंग सेटों और विद्युतचालित मोटरों का क्रय ।

(झ) ट्रैक्टरों या अन्य कृषि मशीनरी का क्रय ।

(ज) भूमि में विशेष किस्म की मिट्टी डालकर भूमि की उत्पादन शक्ति बढ़ाना ।

(ट) स्थायी खलिहान घर, मवेशी शेड और किसी भी प्रक्रम पर कृषि उपज को प्रसंस्कृत करने के लिए शेड बनानाय

(ठ) ऊख पेरने, गुड़ या खांडसारी चीनी या चीनी तैयार करने के लिए मशीनरी का क्रय ।

(ड) चकबन्दी के लिए भूमि का क्रय।

(ढ) नहरों की खुदाईय और

(ण) कुक्कुट पालन, मत्स्यपालन, डेयरी, सूअरपालन, भेड़पालन आदि उद्योगों की स्थापनाय तथा

(त) अन्य प्रयोजन जिन्हें राज्य सरकार, समय–समय पर, सरकारी गजट में अधिसूचना द्वारा, इस अध्याय के प्रयोजनार्थ भूमि–सुधार या उत्पादनकारी प्रयोजन घोषित करें।

44–ग. न्यासी की नियुक्ति तथा उसकी शक्तियाँ और कृत्य (1) निबन्धक या उस कक्षा में जब राज्य सरकार किसी अन्य व्यक्ति को इस निमित्त नियुक्त करे तब वह व्यक्ति बोर्ड द्वारा जारी किये गये डिवेंचरों को धारण करनेवाले व्यक्तियों के प्रति राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के दायित्वों की पूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयोजनार्थ न्यासी होगा।

(2) न्यासी की शक्तियाँ और कृत्य इस अध्याय के उपबन्धों से, और राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक तथा न्यासी के बीच निष्पादित और बोर्ड तथा न्यासी की पारस्परिक सहमति से समय–समय पर उपान्तरित न्यास लिखत से, शासित होंगे ।

44–घ. न्यासी का एकमात्र निगम होना– न्यासी, डिबेंचरों के लिए न्यासी नाम का एकमात्र निगम होगा और ''स रूप में उसे शाश्वत उत्तराधिकार होगा तथा उसकी सामान्य मुहर होगी और वह अपने निगम नाम से वाद ला सकेगा और उसी नाम से उसपर वाद लाया जा सकेगा।

परन्तु यह और कि वहव्यक्ति जिसको ऐसा ऋण देय हो, विवाद में विनिश्चय के लम्बित रहने तक इस बात के लिए आबद्ध होगा कि वह उस ऋण के मद्धे भूमि विकास बैंक द्वारा प्रख्यापित रकम का संदाय प्राप्त करे किन्न ऐसी प्राप्तियों से उस व्यक्ति के उस अधिकार पर, यदि कोई हो, जो उसके द्वारा दावाकृत अतिशेष को वसूल करते का उसका है, कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(3) जहाँ किसी व्यक्ति पर उप–धारा (1) के अधीन कोई सूचना उसे देयों का संदाय प्राप्त करने के लिए तामील कर दी गई हो, वहाँ ऐसा व्यक्ति इस बात के लिए आबद्ध होगा कि वह उपर्युक्त सूचना में विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके पूर्व देय ऋणों के लिए भोगवन्धक के रूप में धारित कोई सम्पत्ति ऐसे बन्धककर्ता को परिदत्त कर दे :

परन्तु वह किसी कृषि भूमि का कब्जा, खड़ी फसल यदि कोई हो, काटने के पश्चात् परिदत्त कर सकेगा और ऐसी दशा में उसे बन्धककर्ता को कब्जे के परिदान की तारीख को उसे देय रकम भूमि विकास बैंक से प्राप्त करने का हक होगा।

(4) जहाँ भोगबन्धक के रूप में किसी सम्पत्ति को धारण करनेवाला व्यक्ति उप–धारा (3) में उपदर्शित रीति से कब्जे का परिदान करने से इन्कार करे वहाँ कलक्टर, भूमि विकास बैंक द्वारा उसे इस निर्मित किये गये आवेदन पर, संक्षिप्त जाँच करने के पश्चात् बन्धकदार को बेदखल कर देगा और बन्धकित भूमि बन्धककत्तां को लौटा देगा और तदुपरि बन्धक पर्यवसित समझा जाएगा।

(5) इस धारा के उपबन्ध, तत्समय प्रवृत्त किन्हीं काश्तकारी विधियों के अध्यधीन होंगे।

44–ढ. उधार देने और भूमि को धारण करने की भूमि विकास बैंकों की शक्ति– इस अधिनियम के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए और तद्धीन बनाये गये नियमों के अनुसार कोई भूमि विकास बैंक इस बात के लिए सक्षम होगा कि वह धारा 44–ख में निर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए उधार दे और उस भूमि को धारण करे जिसका कब्जा उसे अध्याय के उपबन्धों के अधीन अन्तरित किया गया हो।

44–णं. आक्षेपों को ग्रहण करने के लिए लोक–सूचना (1) जब धारा 44–ख में वर्णित प्रयोजनों में से किसी के लिए उधार के लिए कोई आवेदन किया जाय तब उस आवेदन की लोक सूचना जो हितबद्ध सभी व्यक्तियों से यह अपेक्षा करे कि वे उधार के बारे में अपने आक्षेप, यदि कोई हो, उसमें विनिर्दिष्ट तारीख से पूर्व करें, ऐसी रीति से और ऐसे प्रारूप में जो विहित की जाएँ दी जायगी। वह व्यक्ति जिसके द्वारा ऐसी लोक–सूचना दी जायगी और वह रीति जिसमें आक्षेप का निस्तारण उसके द्वारा किया जायगा ऐसी होगी जो विहित की जाए। ऐसी लोक–सूचना की प्रतियाँ पृथक–पृथक ऐसे व्यक्तियों को और ऐसे समय के भीतर जो विहित किया जाय, भेजी जाएँगी।

(2) उप–धारा (1) के अधीन सूचना देने के लिये सशक्त व्यक्ति उस धारा के अधीन किये गये हर आक्षेप पर विचार करेगा और या तो उसे पुष्ट करनेवाला या मंजूर करनेवाला आदेश लिखित रूप में पथरत करेगा। जब आक्षेप नामंजूर कर लिया जाता है तो वह भूमि विकास बैंक से सिफारिश करेगा कि आवेदन पर विचार करेः

परन्तु जब आक्षेप द्वारा उठाए गए प्रश्न का स्वरूप, ऐसे व्यक्ति की राय में ऐसा हो कि वह संतोषजनक रूप से सिविल न्यायालय द्वारा ही विनिश्चय किया जा सकता हो अन्यथा नहीं तब वह उस आवेदन पर विचार करना तबतक के लिए स्थगित कर देगा जबतक कि वह प्रश्न इस प्रकार विनिश्चित न हो जाय ।

(3) विहित रीति से प्रकाशित उप–धारा (1) के अधीन की अधिसूचना के बारे में इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए यह समझा जायगा कि वह उन्नत की जानेवाले या उधार के लिए प्रतिभूति के रूप में प्रस्थापित, भूमि या हित रखनेवाले या हित का दावा करनेवाले सभी व्यक्ति को उचित सूचना है।

(4) जहाँ उप–धारा (1) के अधीन किसी आवेदन की सिफारिश की जाती है वहाँ भूमि विकास बैंक अपने द्वारा इस निमित बनाये गये नियमों के अनुसार, उधार देने के प्रयोजन के लिए, ऐसे आवेदन पर विचार करेगा।

(5) जहाँ उप–धारा (1) के अधीन कोई आक्षेप न किया गया हो वहाँ विवाद प्रश्न आक्षेपों पर विचार करते के लिए सशक्त व्यक्तियों द्वारा ऐसी रीति से विनिश्चित किया जायगा जो वह ठीक समझे और किसी व्यक्ति की किसी भी दावे का, जिसके अन्तर्गत उद्‌गृहीता की उस सम्मत्ति के विरुद्ध जिसके लिए आवेदित उधार इस अध्याय के उपबन्धों के अधीन मंजूर किया गया हो किसी भी प्रकार के बन्धक से उत्पन्न होनेवाला कोई दावा भी है। अधिकार उस समय तक नहीं होगा जबतक कि उधार उस पर व्यय सहित या उधार से उत्पन्न होने वाले कोई अन्य

रूप से संदत्त न कर दिये जाएँ।

44–त. संयुक्त हिन्दू कुटुम्बों अथवा अप्वयों या निःशक्त व्यक्तियों के नैसर्गिक वा विधिक संरक्षकों द्वारा निष्पादित बन्यक–(1) भूमि विकास बैंक द्वारा, चाहे बिहार सहकारी सोनाइटी (संशोधन) आअध्यादेश, 1975 के पूर्व या उसके पन्चत् दिये गये उसों की बावर बन्धक जो किसी हिन्दू संयुक्त कुटुम्ब के प्रवन्धक अथवा किसी अप्राप्तव्य या निःशक्त व्यक्ति के नेसनका विधिक संधक द्वारा घाग 44–ख में शिनिर्दिष्ट प्रयोजनों में से किसी के लिए किए गए हों, प्रतिकूल किसी विधि के होते हुए भी ऐसे संयुक्त हिन्दू कुटुम्ब के हर सदस्य एनआयएने प्राव्य या निःशक्त व्यक्ति पर वाध्य होंगे।

(2) उपधारा (1) उपबन्धों के अध्यन रहते हुए यह है कि वहाँ चाहे बिहार सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अध्यादेश, 1975 के पूर्व उसके पश्चात् भूमि विकास बैंक के पक्ष में निष्पादित बन्धक को इस आधार पर प्रसनगत किया जाय कि वह हिन्दू संयुक्त के अथवा अप्राप्तवय या निःशक्त व्यक्ति के नैसर्गिक या अधिक संरक्षक द्वारा ऐसे प्रयोजन के लिए निष्पादित किया गया था जो ऐसे हिन्दू संयुक्त दुम्ब के सदस्यों अथवा अव्ययानिःशक्त व्यक्ति पर बाध्य नहीं हैं तो उसे सूचित करने का भार, तत्प्रतिकूल किसी विधि के होते मी उसे अधिक करनेवाले पक्षकार पर होना।

44–थ. उधार अनुदत्त करनेवाले आदेश का कतिपय विषयों के बारे में निश्चायक होना–भूमि विकास बैंक या आग 44–ख में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों में से सभी था किन्द्रों के लिए इस अध्याय द्वारा या बैंक की उपविधियों के आधीन प्राधिकृत व्यक्ति वा प्रबन्धक समितियों का ऐसा आदेश जिससे चाहें बिहार सहकारी सोसटी (पंचम सॉंगचन) अध्यादेश 1975 के पूर्व उसके पश्चात् मुनि के फायदे के लिए या उसमें विनिर्दिष्ट उत्पादनकारी प्रयोजनों के लिए उसमें वर्णित व्याक्ति की या उसकी सहमति से कोई उधार अनुदत्त किया जाय. निम्नलिखित विषयों के बारे में निश्चय होगा अर्थात्–

(क) अर्पित कर्म या उन्नति जिसके लिए उन किया गया है, घरा 44–ख के अर्थ में, यथास्थिति

(ख) उस व्यक्ति का आदेश कोको व्यान्यति ऐसी उन्नति करने का या ऐसे उत्पादनकारी

प्रयोजनके लिए व्ययरत करने का अधिकार था, और

(ग) उन्नति विनिर्दिष्ट भूमि को फायदा करनेवाली है और उत्पादनकानी प्रयोजन उस भूमि के जो प्रतिभूति की रूप में प्रतिस्थापित की गई हो या उसके भाग के जैसा भी सुस्त हों, सम्बन्ध में है।

44–द. भूमि विकास बैंक द्वारा उधारों की वसूली भूमि विकास बैंक द्वारा अनुदत्त कोई उधार जिसके अन्तर्गत उस पर प्रभार्य कोई व्याज तथा उस सम्बन्ध में उपगत ऐसा कोई खर्च यदि कोई हो, जो विहित किया जाय, भी देय होने पर सम्बद्ध बैंकद्वारा वसनीय होलाः

परन्तु ऐसा कोई उघार, व्याज या खर्च राज्य सरकारों मूनि विकास बैंक द्वारा भी वसूलनीय होगा चाहे वह उधार उससे सम्बद्ध किसी प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक द्वारा ही अनुदत्त किया गया हो।

44–घ. कतिपय कालावधि के दौरान कलक्टर का वसूली करना – (1) ऐसी कालावधि के दौरान जो राज्य सरकार, साधारण या विशेष आदेश द्वारा सरकारी गजट में अधिसूचित करे कलक्टर के लिए यह सक्षम होगा कि वह उसे उस निमिन, भूमि विकास बैंक द्वारा किये गये आवेदन पर बैंक को देव सभी राशियाँ जिसके अन्तर्गत ऐसी वसूली का खर्च भी है, वसूल करें।

(2) कलक्टर या उसके द्वारा इस निमित्त विशेष रूप से अधिकृत कोई व्यक्ति भूमि विकास बैंक को देय सभी राशियाँ निम्नलिखित क्रम और रीति से वसूली करेगा–

(क) उधार लेनेवाले से एस मानों वह उससे देय भू–राजस्व का बकाया हो।

(ख) उस भूमि से जिसके फायदे के लिए उधार अनुदत्त किया गया है ऐसे मानों वह उसे भूमि की बावत

(भू–राजस्व का बकाया हो। (ग) प्रतिमूति से, यदि कोई हो, ऐसे मानों वह उससे देय भू–राजस्व का बकाया हो।

(घ) समपारिंवक प्रतिभूति में समाविष्ट सम्पत्ति के विक्रय द्वारा भू–राजस्व की वसूली के लिए हो

(3) इस धारा के उपबन्ध तत्समय प्रवृत्त किसी भी काश्तकारी विधि के अध्यधीन होगा।

44–**न. करस्थम और विक्रय**–(1) यदि भूमि विकास बैंक के पक्ष में निष्पादित किसी अन्य संदिय कोई किस्त या ऐसी किस्त का कोई भाग उस तारीख से जिसको वह देय हुआ एक मास ....

अंददत्त रह जाता है तो ऐसे बैंक को प्रबन्धक समिति या बोर्ड बैंक को उपलब्ध किसी अन्य उपचार के अतिरिक्त बन्धकित भूमि के उत्पाद के जिसके अन्तर्गत उस पर खड़ी हुई फसल भी है और व्यतिक्रमी की जंगम सम्पत्ति फरस्थ या विक्रय द्वारा ऐसा किस्त या उसके किसी भाग को बसलो के लिए रजिस्टार से विहित रीति से आवेदन कर सकेगा। ऐसे आवेदन की प्राप्ति पर रजिस्ट्रार पर सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 (4,1882) में किसी बात के होते हुए भी बन्धकर्ता को रजिस्ट्रीकृत सूचना देने के पश्चात् ऐसे उत्पादन की और यदि आवश्यक होतो व्यक्तिक्रमों की ऐसे अन्य जंगम सम्पत्ति के करस्थम और विक्रय का निदेश दे सकेगाः

परन्तु भूमि विकास बैंक को बन्धीकृत उपकरणों से भिन्न खेती के ऐस उपकरण व्यक्तियों के ऐसे मवेशी जो रजिस्ट्रार की राय में, व्यतिक्रमी की काश्तकार के रूप में अपनी–अपनी जीविका को उपार्जन के लिए समय बनाने की दृष्टि से आवश्यक हो, ऐसे करस्थम और विक्रय के भागी न होंगे :

परन्तु यह और कि ऐसा कोर्ड करस्थम उस तारीख से जिसकी किस्त देय हई बारह माह को अवसान के पश्चात् नहीं किया जायगा।

(2) करस्थम की गई सम्पत्ति का मुल्य यावतशक्त देय रकम की करस्थम व्यय और विक्रय के खर्च के बराबर होगा।

44– प. विक्रय की शक्ति का उपयोग कब किया जाए (1) सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 (4,

1882) में किसी बात के होते हुए भी यह है कि जहाँ बन्धक विलेख द्वारा भूमि विकास बैंक को यह शक्ति अभिव्यक्ति रूप से प्रदत्त की जाए कि यह न्यायालय के हस्तक्षेप के बिना विक्रय कर सकेगा. वहाँ ऐसे बैंक को प्रबन्धक समिति या बोर्ड या ऐसी प्रवन्धक समिति या बोर्ड द्वारा प्राधिकत किसी व्यक्ति को बन्धक धन या उसके किसी भाग के संदाय के व्यतिक्रम की दशा में, बैंक को उपलब्ध किसी अन्य उपचार के अतिरिक्त यह शक्ति होगों कि वह न्यायालय के हस्तक्षेप के बिना बंधीकृत सम्पत्ति का विक्रय करा लें।

(2) ऐसी किसी शक्ति का प्रयोग तबतक नहीं किया जायगा जबतक कि–

(क) बोर्ड ने बन्धककर्त्ता के अभ्यावेदन पर, यदि कोई हो, विचार करने के पश्चात् उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग पहले से ही प्राधिकृत न कर दिया हो।

(ख) ऐसे बन्धक धन या उसके किसी भाग के संदाय की अपेक्षा करने वाली रजिस्ट्रीकृत सूचना निम्नलिखित को न दी गई हो–

(1) बन्धककर्ता,

(ii) कोई व्यक्ति जिसकी बन्धकित सम्पत्ति अथवा उसे मोचित करने के अधिकार में कोई हित अथवा उसपर कोई प्रभार है,

(iii) बन्धक ऋण या उसके किसी भाग के संदाय के लिए कोई प्रतिभूतिय अथवा

(iv) वन्धककर्ता का कोई लेनदार जिसने उसकी सम्पत्ति के प्रशासन के लिए किसी–किसी बन्धकित सम्पत्ति के विक्रय के लिए डिक्री प्राप्त कर ली है, और

(x) ऐसे बन्धक धन या उसके भाग के संदाय में व्यतिक्रम, इस निमित दी गई सूचना के पश्चात् तीन माह तक न किया गया हो।

44—फ. जहाँ बन्यकित सम्पत्ति नष्ट हो जाए या प्रतिभूति अपर्याप्त हो वहाँ भूमि विकास बैंक की शक्तियाँ—जहाँ भूमि विकास बैंक को वन्धकित कोई सम्पत्ति पूर्णतः या अंशतः नष्ट हो जाए अथवा किसी अन्य कारण से, प्रतिभूति अपर्याप्त हो जाए और बन्धककर्त्ता उतनी अतिरिक्त प्रतिभूति उपबन्ध करने के लिए जो पूर्ण प्रतिभूति को अपर्याप्त कहने के लिए अचेष्ट हो या ऋण के उतने भाग को पुनः संदाय करने के लिए जो उक्त बैंक को बन्धक समिति या बोर्ड द्वारा अवधारित किया जाय, प्रबन्ध समिति या बोर्ड द्वारा युक्तिप्रद अवसर दिये जाने पर भी ऐसी प्रतिभूति का उपबन्ध या उधार के ऐसे भाग का पुनः संदाय न करे वहाँ पूर्ण उधार, उसके निबन्धन और शत्तों के होते हुए भी, तत्काल देय हुआ समझा जायगा और प्रबन्धक समिति या बोर्ड को उसकी वसूली के लिए बन्धककर्ता के विरुद्ध धारा 44—घ, धारा 44—न या धारा 44—प के अधीन कार्रवाई करते का हक होगा ।

स्पष्टीकरण—इस भाग के प्रयोजन के लिए, प्रतिभूत्ति तबतक अपर्याप्ती समझी जायगी जबतक कि बन्धकित सम्पत्ति का, जिसके अन्तर्गत उस पर की गई अभिवृद्धियाँ भी है, मूल्य बन्धक पर तत्समय देय रकम से उतने अनुपात में अधिक न हो जो नियमों या भूमि विकास बैंक की उप—विधियों में विनिर्दिष्ट किया जाए।

44–ब. व्यतिक्रमी के विरुद्ध कार्रवाई करने की बोर्ड या न्यासी की शक्ति–(1) बोर्ड या न्यासी, किसी प्राथमिकी सहकारी भूमि विकास बैंक की प्रबन्धक समिति को किसी व्यतिक्रमी के विरुद्ध धारा 44–प. 44–न, 44–प या 44–फ के अधीन कार्रवाई करने का निदेश दे सकेगा और यदि प्रबन्धक, समिति ऐसा करने में उपेक्षा करे या असफल रहे तो, बोर्ड या न्यासी ऐसी कार्रवाई कर सकेगा। न्यासी बोर्ड को निदेश दे सकेगा कि यह किसी व्यतिक्रमी के विरुद्ध वैसी ही कार्रवाई करे और बोर्ड के ऐसा करने में उपेक्षा करने पर या असफल रहने पर, स्वयं ऐसी कार्रवाई कर सकेगा।

(2) जहाँ बोर्ड द्वारा धारा (1) के उपबन्धों के अधीन कोई कार्रवाई की जाय वहाँ इस अध्याय या उसके अनुसरण में बनाए गए किन्हों नियमों के उपबन्ध ऐसे लागू होंगे मानो उसमें प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक और उसकी प्रबन्धक समिति के प्रति सभी निर्देश राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक और बोर्ड के प्रति निदेश हो ।

(3) जहाँ न्यासी द्वारा उप–धारा (1) के उपबन्धों के अधीन कोई कार्रवाई की जाय वहाँ इस अध्याय या उसके अनुसरण में बताए गए नियमों के उपबन्ध ऐसे लागू होंगे मानों उसें प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक और उसको प्रबन्धक समिति या राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक या बोर्ड के प्रत्ति सभी निर्देश न्यासी के प्रति निर्देश हों।

44–भ. विक्रय की पुष्टि–जहाँ कोई बन्धकित सम्पत्ति किसी प्राथमिकी भूमि विकास बैंक के द्वारा धारा 44–प के उपबन्धों के अधीन बेची जाती है वहाँ बैंक, विहित रूप से राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक और रजिस्ट्रार को रिपोर्ट भेजेगा जिसमें वह रीति जिससे विक्रय किया गया है और विक्रय में परिणाम, उपवर्णित होंगे। जहाँ विक्रय राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक या न्यासी द्वारा किया जाए और न्यासी रजिस्ट्रार से भिन्न व्यक्ति हो, वहाँ वैसी ही रिपोर्ट यथास्थिति, बोर्ड या न्यासी द्वारा रजिस्ट्रार को भेजी जाएगी ।

(2) रजिस्ट्रार को उपर्युक्त रिपोर्ट के भेजे जाने के पश्चात् यथास्थिति, प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक की प्रबन्धक समिति या बोर्ड या न्यासी रजिस्ट्रार के अनुमोदन से, विक्रय को, विक्रय की तारीख से एक सौ बीस दिन के भीतर नष्ट या रद्द कर सकेगा।

(3) जहाँ रजिस्ट्रार न्यासी हो और उसने धारा 44–ब की उप–धारा (1) के अनुसरण में कोई कार्रवाई की हो, वहाँ वह स्वप्रेरणा से या भूमि विकास बैंक के आवेदन पर, बन्धकित सम्पत्ति के विक्रय को, विक्रय की तारीख से एक सौ बीस दिन के भीतर नष्ट या रद्द कर सकेगा ।

(4) सम्बद्ध भूमि विकास बैंक के कार्यालय पर, पश्चात्वर्ती ब्याज और विक्रय की प्रक्रिया के दौरान उपगत खर्च, यदि कोई हो, और उसके द्वारा निक्षिप्त क्रय धन से पाँच प्रतिशत के बराबर क्रेता के संदाय के लिए कमीशन की राशि सहितय धन की उतनी राशियाँ जो धारा 44–प की उप–धारा (2) के खंड (ख) के अधीन तामील की गई सूचना में विनिर्दिष्ट हों, निक्षिप्त करने के पश्चात् बन्धककर्त्ता या बन्धकित सम्पत्ति में कोई अधिकार या हक या हित रखनेवाले किसी व्यक्ति के, विक्रय को अपास्त करने के लिए यथास्थिति भूमि विकास बैंक की प्रबन्धक समिति या बोर्ड या न्यासी या रजिस्ट्रार को आवेदन करने पर, बन्धकित सम्पत्ति का विक्रय इस धारा की उप–धारा (2) या (3) के उपबन्धों के अधीन रद्द किया जायगा ।

(5) जहाँ इस धारा के उपबन्धों के अधीन विक्रय पुष्ट कर दिया जाए वहाँ वह आत्यकित हो जाएंगा और सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (5, 1908) के प्रयोजन के लिए आत्यंकित समझा जायगा ।

44–म. विक्रय आगम का व्यय– (1) इस अध्याय के अधीन किए गए विक्रय के आगम प्रथमतः विक्रय या क्रयातित विक्रय के सम्बन्ध में उपगत सभी खर्च, प्रभारों और व्ययों के संदाय के लिए, द्वितीयतः

उस बन्धक के कारण जिसके परिणामस्वरूप बन्धकित सम्पत्ति बेची गई थी, देय किसी या सभी ब्याज के संदाय के लिए, और तृतीयतः बन्धक के कारण देय मूल के जिसके अन्तर्गत वसूली से आनुषंगिक खर्च और प्रभार भी संदाय के लिए उपयोजित किए जायेंगे ।

(2) यदि उप–धारा (1) के अधीन निदिष्ट विक्रय के आगमों का कोई अवशिष्ट रह जाता है तो वह उस व्यक्ति को संदत्त किया जायगा जो सम्पत्ति में अपना हितवद्ध होना साबित कर दे और उस दशा में जब ऐसे व्यक्ति एक से अधिक हों तब उनकी संयुक्त प्राप्ति पर अथवा उसमें उनके हितों के अनुसार संदत्त किया जाएगा :

परन्तु इसके पूर्व कि ऐसे संदाय किए जाए वे प्रतिभूत राशियाँ जो भूमि विकास बैंक को बन्धककर्त्ता से बाकी हों, समायोजित की जाएगी।

44–य. क्रय का प्रमाण–पत्र सम्पत्ति का परिदान और क्रेता का हक– (1) जहाँ बन्थकित सम्पति का विक्रय आत्यकित हो गया हो, वहाँ बैंक, बेची गई सम्पत्ति, विक्रय आगम, उसके विक्रय की तारीख, उम्र व्यक्ति का नाम जिसे विक्रय के समय क्रेता घोषित किया जाए और वह तारीख जिसको विक्रय आत्यकित हुआ हो, विनिर्दिष्ट करनेवाली, विहित प्रारूप में प्रमाण–पत्र, क्रेता को अनुदत्त करेगा और ऐसे प्रमाण–पत्र के पेश किए जाने पर, भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (16, 1908) के अधीन नियुक्त वह अवर–रजिस्ट्रार जिनकी अधिकारिता की परिसीमाओं के भीतर, प्रमाण–पत्र में विनिर्दिष्ट पूर्ण सम्पत्ति या उसका कोई भाग स्थित हो, ऐसे प्रमाण–पत्र की प्रति अपनी ऐसी सुसंगत पुस्तिका में प्रविष्ट करेगा जो इस प्रयोजन से रखी गई हो।

(2) जहाँ बन्धकित सम्पत्ति इस अध्याय के उपबन्धों के अधीन बेची जाय और क्रेता को उप–धारा (1) के उपबन्धों के अधीन प्रमाण–पत्र अनुदत किया जाए वहाँ कलक्टर क्रेता उसके चारिस या हित में उत्तराधिकारी के आवेदन पर कब्जे का परिदान ऐसे व्यक्ति को किए जाने के लिये आदेश देगा और ऐसे व्यक्ति और उसके उप–निर्देशिती को कब्जा दिला देगा।

44–क–क. क्रेता के हक का अनियमितताओं के आधार पर प्रश्नगत न किया जाना–जहाँ कोई सम्पत्ति इस अध्याय के अधीन विक्रय की शक्ति के प्रयोग में बेची जाय या क्रेता का हक इस आधार पर प्रश्नगत नहीं किया जायगा कि–

(क) विक्रय को प्राधिकृत करने के लिए अपेक्षित परिस्थितियाँ उत्पन्न नहीं हुई थीं,

(ख) विक्रय की सम्यक् सूचना नहीं दी गई थी, और

(ग) विक्रय की शक्ति का प्रयोग अन्यथा अनुचित या नियमित रूप से किया गया थाय

किन्तु ऐसे किसी व्यक्ति को जिसे ऐसी व्यक्ति के अप्राधिकृत, अनुचित या अनियमित प्रयोग से कोई नुकसान हुआ हो, भूमि विकास बैंक के विरुद्ध नुकसान के लिए उपचार का हक होगा।

44–क–ख. बन्धककर्ताओं के दिवालिएपन के आधार पर बन्धक को प्रश्नगत न किया जाना–दिवालिएपन से सम्बद्ध किसी विधि में किसी बात के होते हुए भी, किसी भूमि विकास बैंक के पक्ष में निष्पादित कोई बन्धक इस आधार पर कि वह मूल्यवान प्रतिफल के लिए सद्भावपूर्वक निष्पादित नहीं किया गया था या इस आधार पर कि वह बन्धककर्ता के अन्य लेनदारों के ऊपर भूमि विकास बैंक को अधिमान देने की दृष्टि से निष्पादित किया गया था, प्रश्नगत नहीं किया जाएगा।

44–क–ग. रिसीवर की नियुक्ति और उसकी शक्तियाँ–(1) बोर्ड, स्वप्रेरणा से या प्राथमिक भूमि विकास बैंक के आवेदन पर और उन परिस्थितियों में जिनमें धारा 44–प द्वारा प्रदत्त विक्रय की शक्तियों का प्रयोग किया जा सकता है, सम्बद्ध भूमि विकास बैंक की प्रबन्धक समिति के सदस्य से भिन्न किसी व्यक्ति की लिखित रूप से बन्धकित सम्पत्ति या उसके किसी भाग की उपज या आय का रिसीवर नियुक्त कर सकेगा और ऐसा रिसीवर इस बात का हकदार होगा कि वह सम्पत्ति का कब्जा ले ले या, यथास्थिति, उसके उत्पाद या आय का या दोनों का संग्रहण करे, अपने द्वारा वसूल किए गए धन में से प्रबन्धक के सम्बन्ध में अपना व्यय जिनके अन्तर्गत उसका ऐसा पारिश्रमिक, यदि कोई हो, भी है जो बोर्ड द्वारा नियत किया जाए, रख ले, और अतिशेष को सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 (4,1882) की धारा 69–क की उप–धारा (8) के अनुसार उपयोजित करे ।

(2) बोर्ड, पर्याप्त हेतुक से, ऐसे रिसीवर को बन्धककर्त्ता द्वारा किए गए आवेदन पर हटा सकेगा और रिसीवर के पद की रिक्ति भर सकेगा।

(3) इस धारा की कोई बात बोर्ड को उस दशा में रिसीवर नियुक्त करने के लिए अशक्त नहीं करेगी जब वन्धकित सम्पत्ति सक्षम न्यायालय द्वारा नियुक्त रिसीवर के अधिकार में पहले ही से हो।

44—क—घ. पट्टों पर निबन्धन—(1) सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 (4, 1882) की या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी, किसी भूमि विकास बैंक को बन्धक की गई सम्पत्ति का कोई बन्धककर्त्‌ता ऐसी किसी सम्पत्ति का पट्टा या उसके किन्हीं काश्तकारी के अधिकार या किसी अन्य अधिकार, हक या हित का सृजन, लिखित रूप में दल की पूर्व सहमति से ही और ऐसे निबन्धन और शत्रों के अध्यधीन हो जो बैंक अधिक घोषित करे, कर सकेगा, अन्यथा नहीं:

परन्तु भूमि विकास बैंक के अधिकार, यथास्थिति, पट्टाधारी या काश्तकार या किसी अन्य व्यक्ति के विरुद्ध ऐसे प्रवर्तनीय होंगे मानो वह स्वयं बन्धककर्त्ता हो ।

(2) जहाँ भूमि विकास बैंक को कब्जे सहित बन्धक की गई भूमि किसी काश्तकार के वास्तविक कब्जे में हों वहाँ बन्धककर्त्ता या भूमि विकास बैंक काश्तकार को इस बात की सूचना देगा कि वह पट्टा और बन्धक के चालू रहने के दौरान भूमि विकास बैंक की लगान संदत्त करे और ऐसी सूचना दिए जाने पर यह समझा जायगा कि काश्तकारी भूमि विकास बैंक का काश्तकार हो गया है।

44–क–ङ. भूमि विकास बैंक की ओर से निष्पादित दस्तावेजों का रजिस्ट्रीकरण–(1) भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (16, 1908) में किसी बात के होते हुए भी किसी भूमि विकास बैंक के किसी अधिकारी के लिए यह आवश्यक न होगी कि वह अपनी शासकीय हैसियत से अपने द्वारा निष्पादित किसी लिखित के रजिस्ट्रीकरण से सम्बद्ध किन्हीं कार्यवाहियों में किसी रजिस्ट्रीकरण कार्यालय पर स्वयं या किसी अभिकर्ता द्वारा उपसजात हो या उस अधिनियम की धारा 58 में यथा उपबन्धित से हस्ताक्षर करे।

(2) जहाँ कोई लिखित ऐसे निष्पादित की जाए वहाँ रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जिसे ऐसी लिखत रजिस्ट्रीकरण के लिए उपस्थापित की जाए यदि वह ठीक समझे, तो उसके सम्बन्ध में किसी जानकारी के लिए भूमि विकास बैंक के पूर्वोक्त अधिकारी को निदेश कर सकेगा और उसके निप्पादन के बारे में अपनी समाधान होने पर लिखत का रजिस्ट्रीकरण कर देगा।

44–क–च. वोर्ड द्वारा कतिपय शक्तियों का प्रत्यायोजन–बोर्ड यदि यह ठीक समझे तो धारा 44–प, 44–व, 44–म, 44–क–ग के अधीन की अपनी शक्तियाँ या उनमें से कोई, अपने द्वारा गठित ऐसी कार्यपालिका समिति को प्रत्यायोजित कर सकेंगा जो उसके तीन या अधिक सदस्यों से मिलकर बनी हो ।

44–क–छ. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के उपबन्धों का इस अध्याय के अधीन सूचनाओं का लागू होना–सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 (4, 1882) की धारा 102 और 103 के और उक्त धाराओं के प्रयोजनों को क्रियान्वित करने के लिए उस अधिनियम की धारा 104 के अधीन उच्च न्यायालय द्वारा बनाए गए नियमों के उपवन्ध यथाशक्य इस अध्याय के अधीन तामील की गई सूचनाओं की बावत लागू होंगे।

44–क–ज. प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक के पर्यवेक्षण की बोर्ड की शक्ति–इस अधिनियम के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए, बोर्ड की प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों के पर्यवेक्षण की ऐसी शक्तियाँ जिनके अन्तर्गत ऐसे बैंकों का लेखा–बहियों और कार्यवाहियों के निरीक्षण की शक्तियाँ भी हैं, होंगी जो नियमों द्वारा विहित जाए।

44–क–झ. नियम बनाने की शक्ति–(1) राज्य सरकार इस अध्याय के प्रयोग को प्रभावी करने के लिए, पूर्व प्रकाशन के पश्चात् नियम बना सकेगी।

(2) ऐसे नियम निम्नलिखित सभी या उनमें से किन्हीं विषयों के लिए उपबन्ध कर सकेंगे, अर्थात् –

(क) इस अध्याय के अधीन करस्थम को प्रभावी करने की रीति, करस्थम की गई सम्पत्ति की अभिरक्षा, संरक्षण और विक्रय, विनश्वर वस्तुओं का उस दशा में तुरंत विक्रय जहाँ ऐसी वस्तुएँ करस्थम की गई हों,

(ख) भूमि विकास बैंक को बन्धकित सम्पत्ति के विक्रय का संचालन, विक्रय अधिकारियों की नियुक्ति, ऐसे विक्रय के व्ययों की वसूली, उनसे सम्बद्ध क्रय–धन, क्रय–निक्षेप और बन्धकित सम्पत्ति का उस दशा में पुनर्विक्रय जब विक्रय धन विक्रय की कार्यवाहियों में निक्षिप्त न किया जाए,

(ग) प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों द्वारा उनके संव्यवहारों की बावत राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक की विवरणियाँ और रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाना, प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों और राज्य सरकारी भूमि विकास बैंक के बीच लेखाओं का कालिक विवरण, उन रकमों का संदाय जो राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक को अन्तरिक, बन्धकों पर प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों द्वारा वसूल की गई हों, वह प्रारूप जिसमें उधारों के लिए भूमि विकास बैंकों को आवेदन किए जा सकेंगेय ऐसे उधारों के लिए प्रतिभूति के रूप में प्रस्थापित सम्पत्तियाँ, बन्धककर्ताओं से भूमि विकास बैंकों के कारवार के संचालन में साधारणतः सम्बद्ध हों, और

(घ) ऐसे सभी विषय जो नियमों द्वारा विहित किए जाने के लिए इस अध्याय में अपेक्षित या अनुज्ञात हैं।

[अध्याय 6–ख सहकारी बैंक

44–क–ज] अध्याय का सहकारी बैंकों पर लागू होना–(1) इस अध्याय के उपबन्धों निक्षेप निगम अधिनियम (डिपोजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऐक्ट) 1961 (47, 1961) में यथापरिभाषित सहकारी बैंक पर. इस अधिनियम के अन्य भागों में अन्तर्वि उपबन्धों के अतिरिक्त लागू होंगे। जहाँ प्रकट अथवा विभि असंगति का कोई प्रश्न उत्पन्न हो वहाँ इस अध्याय के उपबन्ध इस अधिनियम के अन्य भागों के उपक प्रभावी होंगे।

(2) इस अध्याय के प्रयोजनार्थ, निक्षेप बीमा निगम से तात्पर्य है। है निक्षेप बीमा निगम अधिनियम, 1961 (47) 1961) की धारा 3 के अधीन स्थापित निक्षेप बीमा निगम और रिजर्व बैंक से तात्पर्य है रिजर्व बैंक ऑफ इंडिय ऐक्ट, 1934 (2, 1934) के अधीन, स्थापित रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया।

44–क–ट-विभाजन, समामेलन, समझौता आदि–(1) किसी सहकारी बैंक के बारे में समझौता क व्यवस्था या उसके समामेलन या पुनर्निर्माण अथवा उसको आस्तियों और दायित्वों के विभाजन या अंतरण को कोई स्कीम मंजूर करने के आदेश, रिजर्व बैंक की पूर्वलिखित मंजूरी के बिना न दिया जाएगा।

(2) जहाँ केन्द्रीय सरकार ने किसी सहकारिता बैंक के सम्बन्ध में, बैंककारी विनियमन अधिनिय (बैंकिंग रेगुलेशन्स ऐक्ट), 1949 (10, 1949) की धारा 45 की उप–धारा (2) के अधीन अधिस्थगन आदेश दिया हो, वहाँ रजिस्ट्रार रिजर्व बैंक के पूर्वलिखित अनुमोदन से अधिस्थगन की अवधि में निम्नलिखित स्कोर तैयार करा सकेगा

(i) सहकारिता के पुननिर्माण के लिये, या

(ii) किसी अन्य सहकारिता बैंक (इसमें आगे ''अंतरिती बैंक'' के रूप में निर्दिष्ट) के साथ उसके समामेलन के लिये ।

(3) इस अधिनियम में किसी प्रतिकूल बात के होने पर भी, यदि कोई सहकारिता बैंक जो निक्षेप–बोमा निगम अधिनियम (डिपोजिट इन्श्योरेन्स कॉरपोरेशन ऐक्ट), 1961 (47, 1961) के अर्थ के अन्तर्गत बीमाकृत बैंक हो, समामेलित किया जाय या जिसके सम्बन्ध में समझौता या व्यवस्था अथवा पुननिर्माण की कोई स्कोप मंजूर की गई हो और निक्षेप–बीमा निगम, उस अधिनियम की धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन बीमाकृत बैंक के निक्षेपकर्ताओं को भुगतान करने का भागी हो गया हो, तो ऐसा बीमाकृत बैंक जिस बैंक के साथ समामेकित किया गया हो वह बैंक अथवा ऐसे समामेलन के बाद गठित नया सहकारिता बैंक अधवा, यथास्थिति, बीमाकृत या अंतरिती बैंक, उस अधिनियम की धारा 21 में निर्दिष्ट परिस्थितियों में, सीमा तक और रीति से, निक्षेप बीमा निगम को प्रतिसंदत्त करने की मध्यता के अधीन होगा।

44–क–ठ- सहकारी बैंकों की प्रबन्धक समिति का अतिष्ठित किया जाना–इस अधिनियम में किसी प्रतिकूल वात के होने पर भी, यदि इसकी अपेक्षा रिजर्व बैंक द्वारा लिखित रूप में लोकहित में अथवा किसो सहकारी बैंक के काम–काज की निक्षेपकर्ताओं के हित में अहितकर होने देने से रोकने के लिये या सहकारी बैंक का उचित प्रवन्ध सुनिश्चित करने के लिये की जाय तो रजिस्ट्रार, ऐसी शत्तों पर और कुल मिलाकर पाँच वर्षों से अनधिक ऐसी कालावधि के लिये जो रिजर्व बैंक द्वारा समय–समय पर विनिर्दिष्ट की जाय, उस सहकारी बैंक की प्रवन्धक समिति या अन्य प्रबन्ध निकाय को (चाहे वह जिस किसी नाम से भी कहा जाय) अतिष्ठित करने तथा उसके लिए प्रशासक नियुक्त करने का आदेश पारित करेगा।

44–क–ड- परिसमापन आदेश के लिए रिजर्व बैंक की मंजूरी या अध्यपेक्षा–(1) इस अधिनियम में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, कोई सहकारी बैंक रिजर्व बैंक की लिखित पूर्व मंजूरी के बिना परिसमाए नहीं किया जायेगा।

(2) इस अधिनियम में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, निक्षेप बीमा निगम अधिनियम (डिपोजिट इन्श्योरेन्स कॉरपोरेशन ऐक्ट), 1961 (47, 1961) की धारा 13–घ में वर्णित परिस्थितियों में रिजर्व बैंक द्वारा यरि रजिस्ट्रार से वैसी अपेक्षा की जाय तो वह किसी सहकारी बैंक के परिसमापन के लिए आदेश देगा।

1. बिहार अधिनियम 39, 1982 द्वारा अन्तःस्थापित ।

44–क–क-विशेष बीमा निगम की प्रतिभूति–जहाँ कोई सहकारी बैंक विशेष बीमा निगम अधिनियम, 1981 (47, 100)) के अर्थ के तौधकृत बैंक होने के पाते परिसमाप्त हो आय का समापनाधीत्र कर लिया जाय और निक्षेप बीधा विग उस अधिनियम की धारा 16 की उपधारी (1) के अधीन श्रीधाकृत बैंक के निक्षेपकर्ताओं को भुगतान करने कान्दा हो जाए तो विशेष श्रीधा विग को उस अधिनियम की धारा है। में उपबंधित सीधा लक और रीति से प्रतिपूर्ति की आथगी।

44–क–ण-रिजर्व बैंक की मंजूरी का अभ्मपेक्षा–की अंतिभता इस अधिनिषध में अंतर्निश किसी प्रतिकूल बात को होने पर भी कह रिजर्व बैंक की पूर्व लिखित मंजूरी से या उसके द्वारा अपेक्षा करने पर

(1) किसी सहकारिता बैंक के परिसमापन का आदेश दिया जाय, या

(ii) उसके सम्बन्ध में समझौता या व्यवस्था या पुनर्निर्माण या सामेलन की स्कीम बनाई जाय, या

(उ) उसके सम्बन्ध में उसकी प्रबन्धक समिति किसी अन्य प्रवन्ध निकाय (चाहे जिस किसी गाय से भी कहा आय) के अधिक्षान और उसके लिये प्रशासक की नियुक्ति का आदेश दिया जाए,

वहाँ इसके विरुद्ध न हो कोई अपील पुनरीक्षण अथवा पुनर्विलोकन किया जायगा और प नह अनुज्ञेय ही होगा तथा रिजर्व बैंक की ऐसी मंजूरी था अध्यक्षा पर किसी भी रोति से प्रश्न नहीं उठाया जाएगा।

[1][अध्याय 6–ग

प्राथमिक कृषि सोसाइटी, कृषक सेवा सोसाइटी और बहुदेशीय सहकारी सोसाइटी के लिये विशेष उपबन्ध

44–क–त. इस अध्याय के उपबन्ध केवल कृषि साख सोसाइटी पर लागू होंगे– इस अध्याय के अन्तर्विष्ट उपबन्ध केवल प्राथमिक कृषि सोसाइटी, कृषक केन्द्र सोसाइटी और बहुद्देशीय सहकारी सोसाइटी पर लागू होंगे ।

44–क–थ. सोसाइटियों के समापन और अनेक सोसाइटियों के समामेलन (एक में मिलाने) का आदेश देने की रजिस्ट्रार की शक्ति–(1) इस अधिनियम में किसी प्रतिकूल बात के होने पर भी जहाँ रजिस्ट्रार का समाधान हो कि सहकारी आन्दोलन के हित में, या सहकारी सोसाइटियों का उचित प्रबन्ध सुनिश्चित करने के प्रयोजनार्थ अथवा इस कारण से कि सोसाइटी जीवनक्षम (चल सकने वाली) इकाई के रूप में काम नहीं कर पा रही है, या उसने अशोध्या ऋण (डूबी रकम) उपगत कर लिया है अथवा वह निष्क्रिय हो चुकी है, यह आवश्यक है कि उस सोसाइटी को समाप्त कर दिया जाय, वहाँ वह (रजिस्ट्रार) राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा सोसाइटी के समापन का निदेश दे सकेगा और धारा–44 में समापक के जो कृत्य बताए गये हैं उन्हें कार्यान्वित करने के लिये व्यक्ति या व्यक्तियों की नियुक्ति कर सकेगा।

[2][''(2) (क) इस अधिनियम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के क्रम में, इस अध्याय के अध्यधीन सोसाइटियों के प्रचालन में एकरूपता लाने हेतु उनके मजबूती एवं उपयोगिता को बढ़ाने एवं कृषि विकास के उद्देश्य के लिए उन्हें सक्षम (भायबुल) बनाने हेतु प्राथमिक सहकारी साख सोसाइटी का क्षेत्र पंचायत के सह–अंतक होगा एवं प्रत्येक पंचायत में केवल एक जैसा से सोसाइटी होगा।

(ख) इस अधिनियम के किसी अन्य उपबंध में किसी बात के प्रतिकूल होने पर भी यदि एक प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी का क्षेत्र इस उप–धारा की उप–कडिका (क) के प्रावधानों के अनुरूप नहीं पाया जायेगा, तो रजिस्ट्रार अथवा रजिस्ट्रार की ओर से काम करने के लिए उसके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी जो कि सहायक निबंधक की पंक्ति से नीचे का न हो। यह आदेश द्वारा एक या एक से अधिक सोसाइटियों जैसा कि मामला हो, के विखण्डन अथवा सविलियन जिसमें कि पुनर्गठन शामिल हों के लिए आदेश कर सकेगा एवं वैसे पुनर्गठन के पश्चात् नई सोसाइटीध्सोसाइटियों का निबंधन कर सकेगा।'',

[2][''(3) इस अधिनियम में किसी बात के प्रतिकूल होने पर भी इस उप–धारा (2) के अधीन पुनर्गठित सोसाइटी या सोसाइटियाँ अपने प्रबंध समिति के साथ विघटित समझे जायेंगे एवं इस धारा की उप–धारा (2) के अधीन नई सोसाइटीध्सोसाइटियों के निबंधन की तिथि से पदमुक्त समझे जायेंगे एवं वैसे रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी की सदस्यता पंचायत के लिए सृजित अपने–अपने प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी में हस्तान्तरित समझे जायेंगे जो कि उप–धारा

1. बिहार अधिनियम 21, 1976 द्वारा अन्तःस्थापित ।

2. बिहार अधिनियम 18, 2008 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(2) के अधीन पुनर्गठन के पश्चात् वैसे सदस्य जो उस पंचायत से सम्बन्ध रखता हो एवं उनके सभी आस्तियाँ व दायित्व नये सोसाइटीध्सोसाइटियों में बाँट लिया जायेगा जैसा कि रजिस्ट्रार सरकार द्वारा रीति विहित हो :

परन्तु राज्य सरकार समय–समय पर इस धारा की उप–धारा (2) के अधीन सृजित नई सोसाइटीध्सोसाइटियों के दायित्वों के अधिस्थान की घोषणा कर सकेगा।.'',

1[''(4) (क) इस अधिनियम में किसी बात के प्रतिकूल होने पर भी इस धारा की उप–धारा (2) के अधीन सोसाइटियों के पुनर्गठन एवं इस धारा की उप–धारा (3) के अधीन नई सोसाइटीध्सोसाइटियों के स्थापना हेतु रजिस्ट्रारध्सरकार वैसे समय जब तक नई प्रबंध समिति का गठन न हो जाये तदर्थ प्रबंध समिति गठित करेगा अथवा तदर्थ प्रबंध समिति के गठन हेतु प्रावधान विहित करेगा एवं तदर्थ प्रबंध समिति जो गठित होगी प्रावधानों के अनुसार कृत्यों का पालन एवं वैसे शक्तियों का प्रयोग करेगी जैसा कि विहित हो।

(ख) इस अधिनियम में किसी बात के प्रतिकूल होने पर भी इस उप–धारा की कंडिका (क) के अधीन निर्वाचन के पश्चात् नई प्रबंध समिति के गठन के बावत सभी वैसे सम्बद्ध सोसाइटियों के प्रबंध समिति जिसके प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी सदस्य हो या वैसे सम्बद्ध सोसाइटियों या परिसंघ का इस अधिनियम में विहित प्रावधानों के अधीन गठन किया जाएगा, ताकि वैसे सोसाइटियों के प्रबंध समिति को गठित किया जा सके।'',

(5)[2] [XXXX]

(6) [3][''उप–धारा (2)''] के अधीन स्थापित नई सोसाइटी में स्थानीय क्षेत्रों के भीतर पड़नेवाले परिवारों का कम–से–कम एक वयस्क सदस्य होगा। वह सोसाइटी का नामीय (नामिनल) या सह–सदस्य होगा। उसे मतदान का अधिकार प्राप्त होगा, बशर्ते कि वह ख''सदस्यता शुल्क'', चुकाए। वह सोसाइटी का पूर्ण सदस्य हो सकेगा बशर्ते कि वह सोसाइटी का कम–से–कम एक शेयर खरीदे। उसे सोसाइटी से कर्ज और अन्य विशेषाधिकार प्राप्त करने का हक होगा। उसे सोसाइटी का कोई निर्वाचन (एलेक्टिव) पद धारण करने का भी हक होगा।

44–क–द. रजिस्ट्रार के आदेश के विरुद्ध अपील– धारा 44–क–थ की उप–धारा (1) के अधीन, समापन से या समामेलन से या नयी समिति की स्थापना और उक्त धारा की उप–धारा (2) के अधीन रजिस्ट्रीकरण से व्यथित कोई व्यक्ति रजिस्ट्रार के आदेश के विरुद्ध, आदेश की तिथि से 30 दिनों के भीतर राज्य सरकार के समक्ष अभिवेदन दे सकता है और राज्य सरकार आपत्तियों की सुनवाई के बाद उन पर ऐसा आदेश दे सकेगी जो वह उचित समझे और राज्य सरकार का वह आदेश अन्तिम होगा और उस पर किसी विधि–न्यायालय में अपील नहीं की जायगी।

44–क–ध. समामेलन (मिलाए जाने के बाद गठित नई सोसाइटी का निर्वाचन–धारा 44–क–थ की उप–धारा (2) के अधीन स्थापित नई सोसाइटी का निर्वाचन सोसाइटी के रजिस्ट्रीकरण की तारीख से छः महीने के भीतर होगा किन्तु अभिलिखित किये जाने वाले विशेष कारणों से सरकार इस अवधि को और छः महीने तक बढ़ा सकेगी।]

[4][''अध्याय VI–घ

अल्पकालीन सहकारी साख संरचना की समितियों के प्रयोज्य विशेष उपबंध

44 'क न'. अध्यायटप्–घ का अधिप्रभावी होना– इस अधिनियम के किसी दूसरे अध्याय अथवा बिहार स्वावलम्बी सहकारी समिति अधिनियम, 1996 या निर्मित नियमावली या निर्गत आदेश में किसी प्रतिकूल या असंगत बात होने पर भी इस अध्याय के प्रावधानों का अधिभावी प्रभाव होगा।

44 'क प'. प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी के जमाकर्त्ताओं एवं उधारकर्त्ताओं के लिए सदस्यता सुनिश्चित करना–प्रत्येक व्यक्तिं जो प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी के उधारकर्त्ता या जमाकर्त्ता हों या

ऐसी समिति के जमाकर्त्ता या उधारकर्त्ता बनना चाहते हों, तो उन्हें धारा 44 'क थ' (।फ) की उप–धारा (6) के शर्तों के अधीन उस समिति का सदस्य पूर्ण मताधिकार के साथ सदस्य अथवा सह–सदस्य बनाया जा सकेगा।

44 'क फ' सभी वित्तीय एवं आंतरिक प्रशासनिक मामले में स्वायत्तता – अल्पकालीन सहकारी साख संरचना के अन्तर्गत सहकारी सोसाइटी को सभी वित्तीय एवं आंतरिक प्रशासनिक मामले में स्वायत्तता निम्न क्षेत्रों सहित प्राप्त होगा–

1. बिहार अधिनियम 18, 2008 द्वारा प्रतिस्थापित ।
2. बिहार अधिनियम 18, 2008 द्वारा विलोपित ।
3. प्रतिस्थापित तत्रैव ।
4. अन्तःस्थापित तत्रैव ।

(क) रिजर्व बैंक के दिशा–निर्देश के अनुरूप जमा एवं ऋणों पर सूद दरय

(ख) उधार एवं निवेशय

(ग) ऋण नीति एवं वैयक्तिक ऋण निर्णयः

(घ) कार्मिक नीति, कर्मचारी की भर्ती, पदस्थापन एवं मुआवजाय तथा

(ङ) अंकेक्षकों की नियुक्ति एवं अंकेक्षण के लिए क्षतिपूर्ति और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली।

44 'क ब' राज्य सरकार के अंशदान की सीमा–अल्पकालीन सहकारी साख संरचना के अन्तर्गत किसी सहकारी सोसाइटी के हिस्सा पूँजी में राज्य सरकार का अंशदान उस सोसाइटी के कुल प्रदत्त हिस्सा पूँजी के 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा, परन्तु राज्य सरकार या ऐसी सोसाइटी राज्य सरकार के अपने अंशदान घटाने के लिए स्वतंत्र होगी और सोसाइटी को ऐसा करने से राज्य सरकार द्वारा नहीं रोका जाएगा।

44 'क भ' सरकार द्वारा मनोनीत प्रतिनिधियों की संख्या एवं प्रतिबंध–(1) राज्य सहकारी बैंक तथा केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबंध समिति में सरकार का केवल एक नामित सदस्य (छवउपदमम) होगा।

(2) प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी के प्रबंध समिति में सरकार का कोई नामित सदस्य (छवउपदमम) नहीं होगा।

44 'क म'. सम्बद्धक सोसाइटी की सदस्यता–(1) (क) सरकार द्वारा अधिसूचित एवं यथाविहित प्रावधान किए जाने पर बिहार सरकारी सोसाइटी अधिनियम, 1935 के तहत् निबंधित अल्पकालीन सहकारी साख संरचना के अन्तर्गत सहकारी समिति बिहार स्वावलम्बी सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1996 के अधीन निबंधित समिति सम्बद्धक समिति का सदस्य बनाया जा सकेगा।

(ख) सरकार द्वारा अधिसूचित एवं यथाविहित प्रावधान किए जाने पर बिहार स्वावलम्बी सहकारी समिति अधिनियम, 1996 के अधीन निबंधित अल्पकालीन सहकारी साख संरचना अन्तर्गत इस अधिनियम के अधीन निबंधित सम्बद्धक समिति का सदस्य बनाया जा सकेगा।

(2) अल्पकालीन सहकारी साख संरचना के अन्तर्गत सहकारी समिति अपने पसन्द की संबद्धक समिति का सदस्य हो सकता है अथवा उस समिति की सदस्यता छोड़ सकता है।

44 'ख क' कार्यक्षेत्र से संबंधित प्रतिबंध–अल्पकालीन सहकारी साख संरचना के अन्तर्गत किसी सोसाइटी को व्यवसाय करने के लिए कार्यक्षेत्र के सम्बन्ध में कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा।

44 'ख ख' जमा निवेश की स्वतंत्रता– अल्पकालीन सहकारी साख संरचना के अन्तर्गत सोसायटी को अपने निधि को रिजर्व बैंक के द्वारा बनाये गये दिशा–निर्देश के अनुसार किसी भी वित्तीय संस्था में निवेश अथवा जमा करने की स्वतंत्रता रहेगी।

44 'ख ग'. उधार लेने की स्वतंत्रता– अल्पकालीन साख संरचना के अन्तर्गत सहकारी सोसाइटी रिजर्व बैंक द्वारा नियंत्रित वित्तीय संस्थानों से ऋण प्राप्त कर सकता है एवं पुनर्वित्त राष्ट्रीय बैंक या किसी दूसरे पुनर्वित्त एजेन्सी से प्रत्यक्षतः अथवा रिजर्व बैंक द्वारा नियंत्रित अपने पसन्द की किसी भी वित्तीय संस्थान से प्राप्त कर सकेगा। ये सहकारी सोसाइटी संबद्धक समिति से पुनर्वित्त प्राप्त करने के लिए बाध्य नहीं होगा।

44 'ख घ', प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी द्वारा लाभांश के भुगतान हेतु दिशा–निर्देश–राष्ट्रीय बैंक के परामर्श से प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी द्वारा लाभांश भुगतान करने हेतु निबंधक सामान्य दिशा–निर्देश जारी करेंगे।

44 'ख ङ' किसी मद में अंशदान–अल्पकालीन साख संरचना के अन्तर्गत कोई भी समिति अपना शुद्ध मूल्य एवं अपनी पूँजी बढ़ाने के अतिरिक्त किसी दूसरे मद में अंशदान नहीं करेगी।

44 'ख च'. राज्य सहकारी बैंक अथवा केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध समिति की सदस्यता हेतु अयोग्यतायें–(1) प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी को छोड़कर अन्य किसी सहकारी सोसाइटी के सदस्य जो राज्य सहकारी बैंक अथवा केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध समिति के सदस्य को जिसमें उस सोसाइटी के द्वारा 90 दिनों से अधिक की अवधि तक के लिए व्यतिक्रमी हो तो सम्बन्धित बैंक के मुख्य कार्यपालक की सूचना पर निबंधक, सहयोग समितियों द्वारा उन्हें प्रबंध समिति के सदस्य के रूप में बने रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(2) अल्पकालीन साख संरचना के अन्तर्गत सहकारी सोसाइटी के प्रबंध समिति का सदस्य जो राज्य सहकारी बैंक या केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध समिति के सदस्य को जिसमें उस सोसाइटी के द्वारा एक वर्ष से

अधिक की अवधि के लिए व्यतिक्रमी हों, तो सम्बन्धित बैंक के मुख्य कार्यपालक की सूचना पर निबंधक, सहयोग समितियों द्वारा उन्हें सदस्य के रूप में बने रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(3) कोई भी व्यक्ति अल्पकालीन साख संरचना अन्तर्गत सहकारी सोसाइटी के प्रबंध समिति में निर्वाचित होने का पात्र नहीं होगा, यदि–

(क) वह व्यक्ति समिति का सदस्य नहीं हो, या

(ख) वह व्यक्ति नामांकन भरने की तिथि को, उसके द्वारा लिये गये किसी प्रकार के ऋण या सोसाइटी के किसी बकाये के सम्बन्ध में सोसाइटी अथवा किसी अन्य निबंधित सोसाइटी का व्यतिक्रमी हो, अथवा

(ग) उसे सोसाइटी में किए गये किसी निवेश अथवा उससे लिए गए किसी ऋण को छोड़कर सोसाइटी के साथ किए गए किसी अस्तित्वयुक्त संविदा में या सोसाइटी द्वारा बेची या खरीदी गई किसी सम्पत्ति में अथवा सोसाइटी में किसी संव्यवहार में किसी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से हित हो, अथवा

(घ) उसके विरुद्ध किसी निबंधित सोसाइटी से संबंधित अधिभार की कोई कार्यवाही लंबित हो, अथवा

(ङ) उसके विरुद्ध किसी निबंधित सोसाइटी के किसी संव्यवहार से संबंधित कोई दांडिक कार्यवाही लोंबत हो, जिसमें संज्ञान ले लिया गया हो।

(4) किसी निर्वाचित व्यक्ति को सहकारी साख संरचना के अन्तर्गत प्रबंध समिति का सदस्य या पदधारक के रूप में कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि वह एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए सोसाइटी के बकाये के भुगतान के सम्बन्ध में व्यतिक्रमी हो, जब तक सोसाइटी का बकाया राशि सूद सहित उनके द्वारा जमा नहीं किया जाता है।

44 'ख छ', अल्पकालीन सहकारी साख संरचना का अवक्रमण–(1) राज्य सहकारी बैंक या केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध समिति का अवक्रमण इस अधिनियम की धारा 41 के अन्तर्गत निबंधक द्वारा रिजर्व बैंक के परामर्श से किया जायेगा।

(2) प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी के प्रबंध समिति का अवक्रमण इस अधिनियम की धारा 41 के तहत् निबंधक द्वारा सिर्फ निम्नलिखित परिस्थितियों के अन्तर्गत ही किया जायेगा–

(क) अगर सोसाइटी तीन साल लगतार घाटे में रहा हो, अथवा

(ख) यदि गंभीर वित्तीय अनियमितता या धोखाधड़ी प्रकाश में आया हो, या

(ग) यदि इस परिणाम का न्यायिक निदेश हो, या

(घ) यदि तीन लगातार बैठकों में गणपूर्ति का अभाव रहा हो।

44 'खज'. निर्वाचन–(1) अल्पकालीन साख संरचना के अन्तर्गत सहकारी सोसाइटी का निर्वाचन वर्तमान प्रबंध समिति के कार्यकाल समाप्ति के पूर्व कराया जाएगा तथा प्रबंध समिति के अवक्रमण की स्थिति में निबंधक उस सोसाइटी के अवक्रमण की तिथि से छह महीने के अंदर निर्वाचन कराया जाएगा।

(2) जिस सोसाइटी का अवक्रमण उपर्युक्त धारा 44 'ख छ' के उप–कंडिका 'क' एवं 'ख' में वर्णित परिस्थिति में हुआ है, उस प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी के प्रबंध समिति का सदस्य अवक्रमण से पाँच वर्षों के लिए दुबारा चुनाव लड़ने योग्य नहीं होगा।

44 'ख झ', विवेकपूर्ण मानक–निबंधक द्वारा सभी प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी के पूँजी का रिस्कवेटेड एसेट रेसियो सहित विवेकपूर्ण मानक का निर्धारण राष्ट्रीय बैंक के परामर्श से विशिष्ट रूप से किया जाएगा।

44 'ख ञ' निदेशकों एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों की बर्खास्तगी–(1) राज्य सहकारी बैंक अथवा केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध समिति के सदस्य या मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदण्ड को पूरा करना होगा।

(2) कोई व्यक्ति राज्य सहकारी बैंक अथवा एक केन्द्रीय सहकारी बैंक के समिति के सदस्य अथवा मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जो रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदण्ड को पूरा नहीं करते हों, उक्त पद के लिए अयोग्य माने जायेंगे एवं यदि वह व्यक्ति पद पर पदासीन रहते हैं, तो , तो रिजर्व बैंक अथवा राष्ट्रीय बैंक को इस परिणाम के परामर्श प्राप्त होने पर निबंधक द्वारा बर्खास्त किए जा सकेंगे।

44 'ख ट' राज्य सहकारी बैंक तथा केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध समिति में विशेषज्ञों का सहयोजन–(1) राज्य सहकारी बैंक या केन्द्रीधं सहकारी बैंक के प्रबंध के समिति में उतने ही विशेषज्ञों की संख्या रहेगी जितने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सदस्य व्यावसायिक योग्यता अथवा अनुभव रखते हों।

(2) यदि ऐसे विशेषज्ञ राज्य सहकारी बैंक या केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध समिति में निर्वाचित नहीं होत हैं, तो ऐसे कमी की सीमा तक उनकी रिक्तियाँ ऐसे व्यक्तियों के प्रबंध समिति में सहयोजन के द्वारा भरी जाएगी तथा उन्हें पूर्ण मताधिकार होगा।

44 'ख ठ', लेखा का अंकेक्षण– राज्य सहकारी बैंक या केन्द्रीय सहकारी बैंक अपने लेखा का अंकेक्षण राष्ट्रीय बैंक द्वारा अनुमोदित पैनल के सनदी लेखाकार (चार्टर्ड आकउण्टेंट) से करायेगा।

44 'खड'. राज्य सहकारी बैंक या केन्द्रीय सहकारी बैंक का विशेष अंकेक्षण–(1) निबंधक, रिजर्व बैंक के अनुरोध पर ऐसे विचारार्थ विषय जिस पर निबंधक की सहमति हो, राज्य सहकारी बैंक या केन्द्रीय सहकारी बैंक के विशेष अंकेक्षण करने की व्यवस्था करायेगा एवं रिजर्व बैंक द्वारा नियत समय के अन्दर उसे रिपोर्ट उपलब्ध कराने की व्यवस्था करायेगा।

(2) निबंधक स्वतः या राज्य सहकारी बैंक या केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध समिति के अनुरोध पर ऐसे बैंक का विशेष अंकेक्षण कराने की व्यवस्था कराएगा।

44 'ख ढ'. प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी द्वारा बैंक 'शब्द' के प्रयोग पर प्रतिबंध– (1) कोई प्राथमिक कृ षि साख सोसाइटी 'बैंक', 'बैंकर' अथवा 'बैंकिंग' शब्द के किसी दूसरे व्युत्पन्न का प्रयोग नहीं करेगा।

(2) निबंधक उस प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी को अनिबंधित करेगा, जो इस धारा की उप–धारा (1) के प्रावधानों का उल्लंघन करेगा।

44 'ख ण', कैडर प्रणाली को समाप्त करना–अल्पकालीन साख संरचना में कोई कैडर प्रणाली नहीं होगी जो राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित होने की तिथि से प्रभावी होगी।

44 'ख त'. राज्य सहकारी बैंक अथवा केन्द्रीय सहकारी बैंक का परिसमापन – निबंधक रिजर्व बैंक के परामर्श पर राज्य सहकारी बैंक या केन्द्रीय सहकारी बैंक का परिसमापन करने का आदेश देगा तथा एक माह के अन्दर परिसमापक की नियुक्ति करेगा।

44 'ख थ'. रिजर्व बैंक के नियामक अधिकार का कार्यान्वयन–इस अधिनियम या इसके अधीन निर्मित नियमावली में किसी बात के होते हुए भी राज्य सहकारी बैंक या केन्द्रीय सहकारी बैंक के मामले में निबंधक, सहयोग समितियों द्वारा रिजर्व बैंक के नियामक अधिकारों को लागू कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

44 'ख द' राज्य सरकार द्वारा छूट–अल्पकालीन साख संरचनान्तर्गत कोई सोसाइटी रिजर्व बैंक या राष्ट्रीय बैंक परामर्श के बिना इस अधिनियम की धारा 62 (2) से किसी भी तरह इस अध्याय के प्रावधान के प्रयोग से विमुक्त नहीं हो सकेगा।'',

अध्याय 7
दंड एवं प्रक्रिया

[1]**[''45. अपराध और शास्तियाँ**–(1) इस अधिनियम के अधीन अपराध होगा, यदि–

(क) कोई सहकारी समिति, अथवा उसका कोई पदाधिकारी, अथवा सदस्य, जानबूझकर मिथ्या विवरणी बनाये, या मिथ्या जानकारी दे, अथवा इस निमित प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा उससे अपेक्षित कोई जानकारी अथवा इस अधिनियम के प्रावधान के अधीन कोई जानकारी निबंधक को जानबूझकर नहीं दें, अथवा,

(ख) कोई व्यक्ति जानबूझकर अथवा बिना किसी युक्तियुक्त कारण के किसी सम्मन, अधियाचना अथवा इस अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के अधीन निर्गत, विधिसम्मत लिखित आदेश की अवज्ञा करे, अथवा,

(ग) कोई नियोक्ता जो बिना किसी पर्याप्त कारण के, अपने कार्मिकों से कटौती की गई राशि को कटौती की तिथि से चौदह दिनों के भीतर सहकारी समिति को भुगतान करने में असफल हो, अथवा

(घ) कोई पदाधिकारी, अथवा अभिरक्षक, जो सहकारी समिति की पंजियों, लेखाओं, दस्तावेजों, अभिलेखों, नकद, प्रतिभूति एवं अन्य परिसम्पत्तियों की अभिरक्षा, जिनका वह पदाधिकारी अथवा अभिरक्षक हो, जानबूझकर अधिकृत व्यक्ति को सौंपने में असफल हो, और

1. बिहार अधिनियम सं० 6, 2013 दिनांक 22–05–2013 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(ङ) कोई व्यक्ति, जो सहकारी समिति के बोर्ड के सदस्यों, अथवा पदधारियों के निर्वाचन के पूर्व निर्वाचन के दौरान, अथवा उसके पश्चात्, भ्रष्ट आचरण में संलिप्त हो।

(2) इस धारा की उप–धारा (1) के अधीन कोई अपराध एक वर्ष तक की अवधि के कारावास से या 2000/– (दो हजार) रु० तक के जुर्माने से, या दोनों से दण्डनीय होगाः

परन्तु जहाँ कोई व्यक्ति दुर्विनियोजन, कपट, न्यास–भंग, छल या ऐसे अन्य किसी कार्य, जिसवं नैतिक अधमता अन्तर्ग्रस्त हो, का दोषी हो, जिसके परिणामस्वरूप सहकारी समिति को हानि हुई हो, तो वह भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के सुसंगत प्रावधानों के अधीन भी दण्डनीय होगा।''

[1][**45–क. नये सचिव को कार्यभार सौंपा जाना**–(1) नया सचिव निर्वाचित हो जाने या किससे सहकारी सोसाइटी का अवक्रमण होने अथवा सहकारी सोसाइटी के पदाधिकारियों की पदावधि समाप्त हो जाने पर, पदाधिकारी सचिव या सहकारी सोसाइटी के कार्यालय का प्रभार धारण करनेवाले व्यक्ति अपने कार्यालय का प्रभार और उक्त सोसाइटी के सचिव या कार्यालय प्रभारी के रूप में अपने कब्जे के सभी कागज–पत्र और सम्पति नये सचिव को अथवा उक्त सोसाइटी के काम–काज का प्रभार लेने के लिये विहित प्राधिकारी द्वारा निर्देशित व्यक्ति को सौंप देगा।

(2) यदि किसी सहकारी सोसाइटी का पदावरोही सचिव या सचिव के पद का प्रभार धारण करने वाला व्यक्ति उपर्युक्त उप–धारा (1) की अपेक्षानुसार अपने पद का प्रभार सौंपने में असफल हो या सौंपने से इन्कार करे, तो विहित प्राधिकारी या इस निमित्त उसके द्वारा सशक्त (इम्पावर्ड) कोई पदाधिकारी लिखित आदेश द्वारा पदावरोही सचिव या सचिव के पद का प्रभार धारण करनेवाले व्यक्ति को अपने पद का प्रभार और ऐसे सचिव के रूप में अपने कब्जे के सभी कागज पत्र और सम्पत्ति नये निर्वाचन की दशा में नये सचिव को और अवक्रमण या पदावधि समाप्त हो जाने की दशा में सोसाइटी के कामकाज का प्रबन्ध करने के लिए नियुक्त पदाधिकारी कां तुरन्त सौंप देने का निदेश दे सकेगा।

(3) यदि कोई व्यक्ति जिसे उप–धारा (1) के अधीन निदेश निर्गत किया गया हो उक्त निदेश का अनुपालन करने में असफल हो, तो वह छः महीने तक के कारावास से या 500 रु० तक के जुर्माने से अथवा दोनों से दण्डनीय होगा।

(4) यदि ऐसा अपेक्षित हो, विहित प्राधिकारी लिखित आदेश द्वारा किसी पदाधिकारी की स्थानीय पुलिस और पदाधिकारी मजिस्ट्रेट की सहायता से पदावरोही सचिव के पद का प्रभार धारण करने वाले व्यक्ति से पं कागज–पत्र और सम्पत्ति बलपूर्वक कब्जा कर लेने और उन्हें, नये निर्वाचन की दशा में नये सचिव की ओर उसके अवक्रमण या पदाधिकारियों की पदावधि समाप्त होने की दशा में जहाँ नया निर्वाचन होना बाकी हो, वहाँ सोसाइट का काम–काज चलाने के लिए नियुक्त राज्य सरकार के पदाधिकारी को सौंप देने के लिये प्राधिकृत कर सकेगी।

45–ख. सचिव या सहकारी सोसाइटी के कार्यालय के प्रभारी व्यक्ति द्वारा अभिलेखों का पेश किया जाना–(1) रजिस्ट्रार या सहकारी विभाग के किसी अन्य राजपत्रित पदाधिकारी के निदेश पर सहकार सोसाइटी का सचिव तुरन्त सोसाइटी के वैसे सभी कागज–पत्र और दस्तावेज सौंप देगा, जो रजिस्ट्रार या ऊपर वर्णित पदाधिकारी उक्त सहकारी सोसाइटी के कामकाज के संबंध में निरीक्षण या जाँच के लिए अपेक्षा करें।

(2) यदि सचिव या सहकारी सोसाइटी के कार्यालय का प्रभारी व्यक्ति पूर्ववर्ती उपधारा (1) की अपेक्षानुसार दस्तावेज सौंपने में असफल हो या सौंपने से इन्कार करे या सौंपे जाने से अपने अपने को बचाए, तो वह छः महीने तक के कारावास या 500 रुपये तक जुर्माने अथवा दोनों से दण्डनीय होगा। ऐसा अपराध संज्ञेय होगा।

(3) जब कोई व्यक्ति जिसे इस धारा की उप–धारा (1) के अधीन निदेश निर्गत किया गया हो, सभी अभिलेख या दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल हो या प्रस्तुत करने से से इन्कार करे या को बचाये तब निदेश निर्गत करनेवाला पदाधिकारी पुलिस और दण्डाधिकारी या प्रस्तुत किए जाने से अपने बलपूर्वक उस सोसाइटी के सभी अभिलेख और दस्तावेज अभिग्रहण (सीज) कर सकेगी।,

46. सहकारी शब्द के प्रयोग पर रोक–(1) पंजीकृत सोसाइटी को छोड़कर अन्य व्यक्ति अर्थश सोसाइटी राज्य सरकार की मंजूरी के बिना कोई भी व्यापार अथवा संव्यवहार वैसे नाम अथवा पदनाम से नहीं करेगी जिसमें ''सहकारी'' शब्द जुड़ा रहे :

1. बिहार अधिनियम 39, 1982 द्वारा अन्तःस्थापित ।

परन्तु, इस धारा की कोई भी बात उस तिथि को ''सहकारी'' शब्द जुड़ा नाम अथवा पदनाम से संव्यवहार करनेवाले किसी व्यक्ति अथवा हित उत्तराधिकारी पर लागू नहीं होगी जिस तिथि को सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1912 प्रवृत्त हुआ ।

(2) सोसाइटी का कोई अधिकारी अथवा सदस्य अथवा कोई भी व्यक्ति जो उपधारा (1) के प्रावधानों का उल्लंघन करेगा, को अर्थदण्ड का भागी होगा जो पचास रुपये से अधिक नहीं होगा और यदि उसका अपराध जारी रहेगा तो सजा प्राप्ति के बाद अपराध को जारी रखने की स्थिति में पाँच रुपये प्रतिदिन की दर से अतिरिक्त अर्थदण्ड लगेगा ।

47. अपराध का संज्ञान–(1) द्वितीय श्रेणी दण्डाधिकारी के न्यायालय से अन्यून न्यायालय इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध की जाँच नहीं करेगा।

[1]["(2) इस अधिनियम की धारा 45 की उप–धारा (1) (ग) के अधीन अपराध को छोड़कर इस अधिनियम के अधीन प्रत्येक अपराध दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (2, 1974) के प्रयोजनार्थ संज्ञेय माना जाएगा।"

(3) निबन्धक की पूर्वानुमति के बिना इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध के लिए कानूनी कार्रवाई नहीं की जायेंगी तथा निवन्धक किसी व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की अनुमति नहीं देगा जब तक वह उस व्यक्ति को सुनवाई का अवसर नहीं दे।

48. विवाद–(1) यदि किसी पंजीकृत सोसाइटी के संव्यवहार को स्पर्श करता हुआ (सोसाइटी के किसी वेतन भोगी सेवक के विरुद्ध सोसाइटी अथवा उसकी प्रबन्ध समिति द्वारा अनुशासनिक कार्रवाई सम्बन्धी विवाद को छोड़कर दूसरा) कोई विवाद–

(क) सदस्यों, भूतपूर्वक सदस्यों अथवा मृत सदस्यों के द्वारा दावा करने वाले व्यक्तियों और सदस्यों, भूतपूर्व सदस्यों अथवा मृत सदस्यों की प्रतिभूतियों में हों चाहे वे प्रतिभूतियाँ सदस्य अथवा गैर–सदस्य होंय

(ख) सदस्य, भूतपूर्व सदस्य अथवा मृत सदस्य के द्वारा दावा करने वाले व्यक्ति अथवा सदस्य, भूतपूर्व सदस्य अथवा मृत सदस्य की प्रतिभूतियाँ, चाहे वैसी प्रतिभूतियाँ सदस्य हों अथवा गैर–सदस्य, और सोसाइटी, उसकी प्रबन्ध समिति अथवा सोसाइटी के किसी अधिकारी, अभिकर्ता अथवा सेवक में, अथवा

(ग) सोसाइटी अथवा उसकी प्रबन्ध समिति और सोसाइटी के किसी भूतपूर्व अथवा वर्त्तमान अधिकारी, अभिकर्ता अथवा सेवक में, अथवा

(घ) सोसाइटी और किसी अन्य निबन्धित सोसाइटी में, अथवा

(ङ) धारा 16 की उपधारा (1) के प्रावधानों के अधीन प्राधिकृत वित्तदायी बैंक और वैसा व्यक्ति में जो निबन्धित सोसाइटी का सदस्य न हो, उत्पन्न हो जाए जाय तो वैसा विवाद निबन्धक के पास निर्देशित कर दिया जायगा :

परन्तु, यदि धारा 32 अथवा धारा 63 के फलस्वरूप भूतपूर्व सदस्य अथवा मृत सदस्य की सम्पदा का दायित्व समाप्त है जाए तो भूतपूर्व सदस्य अथवा मृत सदस्य की सम्पदा के विरुद्ध कोई दावा विवाद नहीं माना जायगा ।

स्पष्टीकरण–(1) सदस्य, गैर–सदस्य, भूतपूर्व सदस्य अथवा मृत सदस्य अथवा गैर–सदस्य के मनोनीत व्यक्ति उत्तराधिकारी अथवा वैध प्रतिनिधि अथवा सदस्यों, भूतपूर्व सदस्यों अथवा मृत सदस्यों की प्रतिभूतियों, चाहे ऐसी प्रतिभूतियाँ सदस्य अथवा गैर–सदस्य हो, से बाकी किसी ऋण अथवा माँग के सम्बन्ध में निबन्धित सोसाइटी द्वारा कोई दावा इस उपधारा के अभिप्राय के अन्तर्गत सोसाइटी के संव्यवहार का स्पर्श करता हुआ विवाद होगा यद्यपि वैसा ऋण अथवा माँग मान ली गई हो एवं विवादास्पद बिन्दु केवल सोधन–क्षमता अथवा सोधन प्रवर्तन–रीति हो ।

स्पष्टीकरण–(2)– यह कि अमुक व्यक्ति पंजीकृत सोसाइटी का सदस्य था या है, अथवा नहीं, इस उपधारा के अभिप्राय के अन्तर्गत एक विवाद होगा ।

(2) ऐसे निर्देश की प्राप्ति पर निबंधक–

(क) स्वयं विवाद का निबटारा कर सकेगा, अथवा

1.बिहार अधिनियम सं० 6, 2013 दिनांक 22–05–2013 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(ख) एतदर्थ निबन्धक की शक्तियों का प्रयोग करनेवाले किसी व्यक्ति के पास निष्पादनार्थ अन्तरित का सकेगा, अथवा

(ग) किसी नियम के अध्यधीन मध्यस्थ या मध्यस्थों के पास निष्पादणार्थ निर्देशित कर सकेगा।

(3) किसी नियम के अध्यधीन, निबन्धक उपधारा (2) की कोंडका (ख) बके अधीन अन्तरित अथवा उक्त उपधारा की कोंडका (ग) के अधीन निर्देशित किसी निर्देश को वापस लेकर उक्त उपधारा में उपबन्धित रीति में कार्रवाई कर सकेगा।

(4) मध्यस्थ अथवा मध्यस्थों की नियुक्ति तथा निबन्धक मध्यस्थ अथवा वैसे अथवा मध्यस्थों के समक्ष कार्यवाही में अनुसरित प्रक्रिया नियमावली से विनियमित होगी।

(3) वैसे विवाद की दशा में, जिसमें सांपाश्विक प्रतिभूति अन्तर्गत हो, उस विवाद का निबटारा करने वाला व्यक्ति बन्धक अधिनिर्णय देने को सक्षम होगा और उसका वही प्रभाव होगा जो किसी सक्षम व्यवहार न्यायालय की बन्धक डिक्री का होता है।

(6) उपधारा (2) की कंडिका (ख) अथवा (ग) के अभीन अंतरित अथवा निर्देशित विवाद में हुए किसी

निर्णय से धुब्ध व्यक्ति उस निर्णय की तिथि से तीन माह के भीतर रजिस्ट्रार के पास अपील कर सकेगा।
(7) इस धारा के अधीन विवादों के मामले में, निबन्धक को व्यवहार प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 114

एवं आदेश XLVII, नियम । के अधीन सिविल न्यायालय में निहित पुनर्विचारण की शक्ति होगी और उक्त संहिता की धारा 151 में विनिर्दिष्ट अंर्तभूत अधिकारिता भी होगी।

(8) जहाँ निबन्धक को उचित प्रतीत हो, वहाँ वह, आवेदन पर अथवा स्वप्रेरणा से, मामले का अभिकथन करके उसे जिला न्यायाधीश के पास निर्णयार्थ निर्दिष्ट कर सकेगा और जिला न्यायाधीश का निर्णय अंतिम होगा।

(9) इस धारा में स्पष्टतया उपबन्धित बातों को छोड़कर, इस धारा के अधीन निबन्धक का निर्णय तथ अपोल अधवा पुनर्विचार पर निबन्धक के आदेशों के अध्यधीन, उपधारा (2) की कंडिका (ख) (ग) के अधीन अन्तरित अथवा निर्दिष्ट विवाद में दिया गया निर्णय अंतिम होगा ।

टिप्पणी

[प्रबन्ध समिति द्वारा संयुक्त निदेशक के आदेश से किसी कर्मचारी को हटाया जाता है तो वह कर्मचारी निदेशक के पास अपील कर सकता है।

बिहार राज्य को–ऑपरेटिव बाजार संघ लि० बनाम को–ऑपरेटिव पदाधिकारी, 1973 बी०एल० जे०आर० 353 ए०आई०आर० 1973 पटना 74।

कर्मचारी की सेवा–शों से सम्बन्धित विवाद का मामला निबन्धक के अधिकारिता के बाहर है। निबन्धक के निर्णय जो समिति के किसी विवाद से सम्बन्धित हो तो दूसरी अपील नहीं की जा सकती है।

मो० इस्लाम बनाम जिला सहयोग पदाधिकारी। 1979 बी०बी०सी० जे० 101: 1979 बी०एल० जे० 87। सहकारी समिति द्वारा पारित निर्णय डिक्री के ही समान है **रामचन्द्र सिंह बनाम सेन्ट्रल को–आपरेटिव बैंक, नवादा 1941 पी०डब्लू०एन० 536.**

निबन्धक धारा 48 (2) के अधीन समिति से सम्बन्धित किसी विवाद के समाधान के लिए सक्षम है। ए०आई०आर० 1962 एस०सी० 1367: 1962 बी०एल० जे०आर० 687.

प्रस्तुत धारा के अन्तर्गत निबन्धक समिति के किसी विवाद को अन्तरित करने के सक्षम है तथैव !

निबन्धक अधिनियम की धारा 48(6) के अधीन पारित अपने आदेश का पुनरीक्षण की प्रदत्त शक्ति के अनुसार पुनरीक्षण नहीं कर सकते हैं। **तथैव** ।

इस धारा के अध्यधीन शक्ति की प्रकृति न्यायिक है और चुनाव–विवाद भी भली–भाँति इस धारा की परिधि में समाविष्ट हो जाता है। चन्देश्वर प्रसाद बनाम बिहार सरकार, 1987 पी०एल० जे०आर० 159 : 1987 बी०बी०सी० जे० 132 : ए०आई०आर० 1987 पटना 208: 1987 बी०एल० जे० 203 ।

इस धारा के अधीन कार्यवाहियाँ सिविल वाद की प्रकृति की हैं जो सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 9 के अधन सिविल न्यायालय द्वारा अन्यथा संज्ञेय होती। कानून ने सिविल न्यायालय की अधिकारिता को निकाल लिया है और उसे सोसाइटी के सदस्यों, भूतपूर्व सदस्यों, पदधारकों, अभिकर्त्ताओं और सोसाइटी के पदाधिकारियों यासेवकों के बीच सोसाइटी के कारोबार या प्रवन्ध से संयुक्त विवादों के विनिश्चयार्थ निबन्धक या निबन्धक की शक्ति प्रयोग करने वाले व्यक्ति को प्रदत्त कर दी है। **योगेन्द्र प्रसाद बनाम अपर निबंधक,** 1992 (1) पी.एल.जे.आर. 9 (एस.सी.)।

यदि बैंक निदेशक मंडल द्वारा पूर्णतः निजी तौर परप्रबंधित और नियंत्रित हो, स्थिति भिन्न हो सकेगी यदि समिति अवक्रमित हो गई हो और निबंधक द्वारा विशेष पदाधिकारी की नियुक्ति कर दी गई हो तो सहकारी बैंक एवं उसके कर्मचारियों का विवाद में रीट याचिका की अधिकारिता नहीं हो सकती है। एस० इतरत हुसैन बनाम **निबंधक सहकारी समितियाँ**, 2001 (2) पी०एल० जे०आर० 253 द्य

यदि निबंधक द्वारा पुनर्विचारण की सुनवाई की गई हो और अंतिम तौर से निर्णय कर दिया गया हो तो उस पर आगे कोई पुनर्विचार नहीं हो सकता। अपनी अधिकारिता का प्रयोग करते हुए निबंधक का कर्त्तव्य होता है कि वह इस निष्कर्ष को अभिलिखित करे कि वह विषयवस्तु को जिला न्यायाधीश को निर्देशित करना उपयुक्त समझा हैय परन्तु वैसे मामले में, जिसमें निबंधक विषयवस्तु को जिला न्यायाधीश को निर्देश करना उपयुक्त नहीं समझता हो और अपने स्तर से निबटारा चाहता हो तो अंतिम निर्णय के बाद धारा 48 (8) के तहत् जिला न्यायाधीश के निर्णय के लिए निर्देशित करने की उसकी शक्ति नहीं होगी। **रामाधार शर्मा बनाम बिहार राज्य**, 2002 (1) पी०एल० जे०आर० 646 1

यदि बैंक निदेशक मंडल द्वारा पूर्णतः निजी तौर पर प्रबंधित और नियंत्रित हो, स्थिति भिन्न हो सकेगी यदि समिति अवक्रमित हो गई हो और निबंधक द्वारा विशेष पदाधिकारी की नियुक्ति कर दी गई हो तो सहकारी बैंक एवं उसके कर्मचारियों का विवाद में रीट याचिका की अधिकारिता नहीं हो सकती है। **एस० इतरत हुसैन बनाम निबंधक सहकारी समितियाँ**, 2001 (2) पी०एल० जे०आर० 253 1

यदि निबंधक द्वारा पुनर्विचारण की सुनवाई की गई हो और अंतिम तौर से निर्णय कर दिया गया हो तो उस पर आगे कोई पुनर्विचार नहीं हो सकता। अपनी अधिकारिता का प्रयोग करते हुए निबंधक का कर्त्तव्य होता है कि वह इस निष्कर्ष को अभिलिखित करे कि वह विषयवस्तु को जिला न्यायाधीश को निर्देशित करना उपयुक्त समझा हैय परन्तु वैसे मामले में, जिसमें निबंधक विषयवस्तु को जिला न्यायाधीश को निर्देश करना उपयुक्त नहीं समझता हो और अपने स्तर से निबटारा चाहता हो तो अंतिम निर्णय के बाद धारा 48 (8) के तहत् जिला न्यायाधीश के निर्णय के लिए निर्देशित करने की उसकी शक्ति नहीं होगी। **रामाधार शर्मा बनाम बिहार राज्य**, 2002 (1) पी०एल० जे०आर० 646 1

भूखंड से सम्बन्धित विवाद के न्यायनिर्णय के लिए वाद संस्थित। वाद की संघार्यता को अधिनियम की धारा 57 के तहत् चुनौती दी गई। अधिनियम की धारा 57 अधिनियम की धारा 48 के अधीन यथोपबन्धित निबंधित सोसाइटी के कारोबार से सम्बन्धित विवाद के सम्बन्ध में वाद की अधिकारिता वर्जित करती है। अधिनियम की धाराओं 48 और 57 को साथ–साथ पढ़ने से स्पष्ट है कि यदि सदस्यों के बीच निबंधितसोसाइटी के कामकाज के सम्बन्ध में कोई विवाद उठ खड़ा हो, तो उसे निबंधक द्वारा निबटायगा और उसके सम्बन्ध में किसी सिविल या राजस्व न्यायालय की कोई अधिकारिता नहीं होगी। निबंधित सोसाइटी के कारोबार से सम्बन्धित तथाकथित विवाद में केवल निबंधित सोसाइटी के कारोबार ही नहीं, बल्कि निबंधित सोसाइटी के कामकाज भी अंतर्विष्ट होंगे। प्रावधान का व्यापक अर्थ दिया गया है। भूखंड की पहचान और सदस्यों को उन्हें बेचे गए भूखण्ड पर कब्जा दिलाना निबंधित सोसाइटी के कारोबार का हिस्सा है और निबंधित सोसाइटी के कामकाज से सम्बन्ध रखता है। निबंधित सोसाइटी के कारोबार को इससे कोई लेना–देना नहीं है, ऐसा कहना उचित नहीं है। वाद अधिनियम की धारा 57 के तहत् वर्जित किया जाता है। **राधा कृष्ण जायसवाल बनाम शीला कंचन**, 2003 (1) पी०एल० जे०आर० 18।

प्रार्थी अपीलार्थी रिट याचिका के माध्यम से उत्तरवादियों को चुनाव में भाग लेने को चुनौती देता है। अतः धारा 48 के अनुसार रिट याचिका अपस्थापित और मिथ्याधारित है। प्रार्थी को निबंधक से ही अनुरोध करना है कि जिला न्यायाधीश से मामला के सम्बन्ध में मंतव्य दिलवा देते। प्रार्थी को 30 दिनों के भीतर धारा 48 (8) के तहत् उपचार के लिए कदम उठाने की छूट दी जाती है। विजय कुमार बनाम बिहार राज्य, 2003 (2) पी०एल० जे०आर० 647 द्य

शक्तिमत्ता–यदि प्रार्थी के विरुद्ध लोक ऋण की भरपाई के लिए कार्यवाही लम्बित हो और अपीली प्राधिकरण का आदेश हो जिसमें घोषणा की गई हो कि निदेशक मंडल को (संयुक्त या पृथक् पृथक् रूप में) राशि वसूल करना है। प्रार्थी इस कारण अपना मनोनयन पत्र स्वीकृत कराने में समर्थ नहीं हो सका। स्थिति ऐसी उत्पन्न हो सकती है, मात्र यह वजह उच्च न्यायालय के लिए आधार नहीं हो सकती, जिसपर वह इस पहलू पर विचार करे कि क्या अधिनियम अधिकारातीत है। यदि प्रार्थी चुनाव में प्रवेश के लिए पासपोर्ट के तौर पर भी राशि

जमा कर दे तो वह अपने लिए स्थिति से बचाव कर सकता है। यह पूर्णतः प्रार्थी पर निर्भर करता है कि वह जमा करे या नहीं। उच्च न्यायालय के लए यह अच्छा आधार नहीं है जिस पर वह अधिनियम के अधिकारातीत होने पर विचार करे। **नरेन्द्र कुमार बनाम बिहार राज्य**, 2003 (3) पी०एल० जे०आर० 410 ।

सेवा विवादों को धारा 48 के अन्तर्गत निर्णयार्थ निबन्धक के पास प्रासंगिक (तममिततमक) नहीं किया जा सकता है। ऐसे विवादों को धारा 48 (1) के अन्तर्गत प्रासंगिक सामान्य विवादों से अलग समझा जाना चाहिए। हल्के विवादों को धारा 48 के चतुर्दिक परिधि के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं समझा जाना चाहिए। **विद्या भूषण सिंह अभय बनाम बिहार राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ समिति**, 2005 (3) पी०एल० जे०आर० 386।

धारा 48 में निहित प्रावधानों के तहत् दिए गये उपायों (तमउमकल) के उपयोग किए बिना रीट याचिक दाखिल को गई। निर्वाचन कार्यवाही प्रारम्भ होने के बाद कोई सहायता नहीं दी जा सकती है। चूँकि निर्वाचन कार्यक्रम पहले ही निर्गत हो चुका है, कुछ हिस्सों में निर्वाचन सम्पन्न हो चुका है, अपीलार्थी के लिए, इसे चुनौती मात्र अधिनियम की धारा 48 के तहत् देने का उपाया शेष था, जिसे उपयोग नहीं किया गया। अब कोई सहाय्य प्रदान नहीं किया जा सकता है। **उमेश राय बनाम बिहार राज्य**, 2004 (2) पी०एल० जे०आर० 818 ।

सहपठित निबंधन अधिनियम, 1908–आवंटन का रद्द किया जाना प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों को अनदेखी। यद्यपि निबंधन अधिनियम में इस बात का कोई विशिष्ट उपाय या तरीका नहीं है, जिसके द्वारा दस्तावेज का निबंधक के समक्ष पूर्व में निबंधित अन्तरण का दस्तावेज किसी अनुवर्ती निष्प्रभावित विलेख के द्वारा रद्द किया जा सके। लेकिन इसके बावजूद यदि दस्तावेज के निबंधक को ऐसे निष्प्रभावी दस्तावेज को निबंधन के लिए स्वीकार करने का अधिकार था तो यह कार्य प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों की अपेक्षा के अनुसार किया जाना था तथा यह किसी ऐसे व्यक्ति को नुकसान पहुँचा कर नहीं किया जा सकता, जिस व्यक्ति के पक्ष में पूर्व पूर्व अन्तरित दस्तावेज निबंधित किया गया था। जब एक बार किसी निबंधित दस्तावेज के द्वारा एक सम्पत्ति का अन्तरण किया जाता है, तो अन्तरण करने वाले व्यक्ति में निहित सिविल अधिकार उसे सुपुर्द किया जाता है तथा ऐसे निहित अधिकार को समाप्त करने का अधिकार एक सक्षम क्षेत्राधिकार वाले सिविल कोर्ट को ही है एवं निबंधक को सिविल कोर्ट का ऐसा कोई अधिकार प्राप्त नहीं है जिससे कि वह अधिकार एवं पक्षकार के स्वामित्व का निर्णय कर सके। आक्षेपित आदेश खण्डित किया जाता है एवं मामले को निबंधक के पास पुनर्विचार हेतु भेजा जाता है। **स्वाति पाण्डे बनाम निबंधक**, सहकारी समिति, 2007 (2) पी०एल० जे०आर० 525 1,

49. निबंधक परिसमापक एवं मध्यस्थ को व्यवहार न्यायालय की कतिपय शक्तियाँ होगी–इस नियमावली के अध्यधीन निबन्धक धारा 35 के अधीन जाँच अथवा धारा 36 के अधीन निरीक्षणार्थ प्राधिकृत किसी व्यक्ति, किसी परिसमापक, निबंधक की शक्तियों का प्रयोजन करने वाला किसी व्यक्ति, अथवा धारा 48 के अधीन नियुक्त किसी मध्यस्थ अथवा मध्यस्थों, जहाँ तक इस अधिनियम के किसी भी प्रयोजन के अनुपालन के लिए शक्तियों की आवश्यकता है, उन्हीं साधनों से एवं यथा सम्भव, उसी रीति से साक्षियों और संबन्धित पक्षों के सम्मन करने तथा उन्हें उपस्थित होने को विवश करने, शपथ पर उनका परीक्षण करने तथा उन्हें वहियों, लेखाओं, लेख्यों अथवा सम्पत्ति को प्रस्तुत करने के लिए विवश करने की शक्ति होगी जिन साधनों तथा जिस रीति का प्रावधान व्यवहार प्रक्रिया संहिता, 1908 (5 सन् 1908) में व्यवहार न्यायालय के लिए किया गया है।

50. सम्पत्ति की जप्ती–(1) जहाँ परिसमापक अथवा सोसाइटी के आवेदन पर निबन्धक का समाधान हो जाने पर कोई भी व्यक्ति किसी वैसे आदेश के निष्पादन को विफल अथवा विलम्बित करने की नीयत से, जो धारा 44 या 48 के अधीन उसके विरुद्ध पारित किया जा सकेगा ।

(क) अपनी सम्पत्ति को पूर्णतः अथवा अंशतः व्ययन करने को है, अथवा

(ख) निबन्धक के क्षेत्रीय अधिकारिता से अपनी सम्पत्ति को पूर्णतः अथवा अंशतः हटाने को है,

वहाँ निबन्धक जबतक उसके समाधान पर्यन्त समुचित प्रतिभूति न दी जाए, उक्त सम्पत्ति को अथवा उसके वैसे भाग को, जिसे वह आवश्यक समझे, जप्त करने का निर्देश दे सकेगा और उस तरह की जप्ती का वही होगा जो सक्षम न्यायालय द्वारा जप्ती का होता है।

(2) उप–धारा (1) के अधीन पारित जप्ती का आदेश निबन्धक के आवेदन पर, उप समाहर्त्ता द्वारा जिसकी अधिकारिता में वह सम्पत्ति स्थित हो उसी रीति से निष्पादित किया जायगा जिस रीति से राजस्व न्यायालय का आदेश निष्पादित किया जाता है।

51. आदेशों का लागू होना–धारा 44, 48 एवं 50 के अधीन पारित आदेश, इस अधिनियम के अधीर उपवन्धित लागू होने की किसी अन्य रीतिके अतिरिक्त, आवेदन पर से निम्नांकित तरह से प्रवृत्त कराए जायेंगे–

(क) जब निबन्धक परिसमापक अथवा मध्यस्थ अथवा मध्यस्थों के द्वारा पारित होंगे तो क्षेत्रीय अधिकारिता रखनेवाले किसी व्यवहार न्यायालय के द्वारा उसी रीति से जिस रीति से वैसे न्यायालय की डिक्री लागू कराई जाती है।

(ख) जब जिला न्यायाधीश द्वारा पारित होंगे तो उसी रीति से जिस रीति से जिला न्यायाधीश के समक्ष लम्बित किसी वाद में पारित की गई डिक्री लागू कराई जाती है।

52. बकाया राशि की वसूली— किसी व्यक्ति अथवा किसी पंजीकृत सोसाइटी द्वारा संदेय राशि—

(क) जो धारा 33 के अधीन किया गया औडिट—शुल्क के रूप में हो,

(ख) जो निबन्धक के उस आदेश के अनुसार हो जिसे उसने धारा 39 के अधीन जाँच अथवा निरीक्षण व्यय को विभाजित करने के लिए दिया हो,

(ग) जो धारा 40 के अधीन पारित आदेश के अनुसार हो,

(घ) जो धारा 44 के अधीन निबन्धक अथवा परिसमापक द्वारा पारित आदेश के अनुसार हो, अथवा,

(ङ) जो धारा 48 के अधीन पारित अथवा दिया गया आदेश, निर्णय अथवा अधिनिर्णय के अनुसार हो, की वसूली उस क्षेत्र में, जिसमें बिहार एवं उड़ीसा लोक माँग वसूली अधिनियम, 1914 (बिहार एवं उड़ीसा अधिनियम, 4 सन् 1914 प्रवृत्त हो, लोक—माँग के रूप में अथवा राज्य भर में भू—राजस्व के बकाये के रूप में की जायेगी जिसे वह लोक—माँग संदेय हो अथवा जिसे भू—राजस्व का बकाया संदेय हो ।

[1][(च) किसी प्राथमिक सहकारी सोसाइटी के किसी सदस्य, भूतपूर्व सदस्य या उसके द्वारा मनोनीत व्यक्ति, उत्तराधिकारी या मृत सदस्य के वैधिक प्रतिनिधि का देय रकम के रूप में।,

टिप्पणी

[सहयोग समिति के सहायक निबन्धक द्वारा धारा 6 में दिया गया अधिनिर्णय, जो अपील में पुष्ट हो चुका हो, प्रमाण—पत्र न्यायालय द्वारा उल्लंधित नहीं किया जा सकता ।,

53. सरकार के संदेय राशियों की वसूली—पंजीकृत सोसाइटी अथवा उसके वर्तमान या भूतपूर्व अधिकारी अथवा सदस्य से, अथवा उसकी प्रतिभूतियों से अथवा मृत सदस्य की सम्पदा से अथवा उसकी प्रतियों से सरकार को अधिनिर्णय व्यय सहित संदेय सभी राशियों की वसूली भू—राजस्व के बकाये के समान की जायेगी ।

54. सम्पदा जिससे सोसाइटी के जिम्मे बाकी राशियाँ वसूल की जायेंगी—सरकार को निबन्धित सोसाइटी के जिम्मे बाकी सभी राशियाँ तथा धारा 33, 39, 44, अथवा 48 के अधीन निबन्धित सोसाइटी से वसूलीय सभी राशियाँ प्रथमतः सोसाइटी के सम्पत्ति से द्वितीयतः उस सोसाइटी की दश में जिसमें सदस्यों का दायित्व सीमित है, उसके दायित्व की सीमा के अध्यधीन सदस्यों, भूतपूर्व सदस्यों अथवा मृत सदस्यों की सम्पदाओं अथवा उसकी प्रतिभूतियों से एवं तृतीयतः, अन्य सोसाइटियों की परिस्थिति में निबन्धक द्वारा निर्धारित परिमाण अथवा अनुपात की सीमा तक सदस्यों, भूतपूर्व सदस्यों अथवा मृत सदस्यों की सम्पदाओं अथवा उसकी प्रतिभूतियों से वसूल की जा सकेगी।

55. भूतपूर्व सदस्यों का दायित्व—धारा 53 एवं 54 में किसी बात के होते हुए भी, हर हालत में भूतपूर्व सदस्यों तथा मृत सदस्यों की सम्पदाओं का दायित्व धारा 32 एवं 63 के प्रावधानों के अध्यधीन रहेगा।

[2][56. निबन्धक को पुनरीक्षण की शक्ति— रजिस्ट्रार आवेदन किये जाने पर अथवा स्वप्रेरणा से रजिस्ट्रार अथवा धारा 44 के अधीन नियुक्त परिसमापक की शक्तियों का प्रयोग करने वाले व्यक्ति द्वारा पारित किसी आदेश को पुनरीक्षित कर सकेगा परंतु ऐसा आदेश अधिकतम छह माह के भीतर पारित किया गया हो :

परन्तु रजिस्ट्रार को ऐसे किसी आदेश के पुनरीक्षण करने की शक्ति नहीं होगी जहाँ इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन अपील का प्रावधान हो ।

टिप्पणी

[निबन्धक द्वारा पुनरीक्षण की शक्ति के प्रयोग अथवा पुनरीक्षण के लिए आवेदन करने की समय—सीमा निर्धारित नहीं है।]

1. बिहार अधिनियम 5, 1989 द्वारा अन्तः स्थापित ।
2. बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा प्रतिस्थापित ।

5.7 न्यायालय की अधिकारिता पर रोक–[1](1) इस अधिनियम में स्पष्टतः उपबंधित बातों के सिवा, किसी व्यवहार अथवा राजस्व न्यायालय को इस अधिनियम के अधीन निबंधित सोसाइटी के परिसमापन अथवा विघटन अथवा किसी निबन्धित सोसाइटी की प्रबंध समिति के निलम्बन अथवा रजिस्ट्रार को धारा 48 के अपेक्षा अनुसार निर्देशित किया जाने वाला किसी विवाद अथवा अध्याय (टप्प्क) के अधीन किसी कार्यवाही के संबंध में अधिकारिता नहीं रहेगी।]

(2) जब कोई सोसाइटी परिसमापनाधीन रहे, तो परिसमापना विधि में निवन्धक की अनुमति के बिना तथा उसके द्वारा लगाये गए शत्तों के अध्यधीन सोसाइटी के कामकाज को स्पर्श करने वाली किसी बात के सम्बन्ध में परिसमापक अथवा सोसाइटी अथवा उसके किसी सदस्य के विरुद्ध कोई वाद अथवा अन्य वैधिक कार्यवाही नहीं होगी और न संस्थित की जायेगी।

(3) राज्य सरकार, जिला न्यायाधीश, निबन्धक, निबन्धक के सहायतार्थ नियुक्त व्यक्ति, परिसमापक, मध्यस्थ अथवा मध्यस्थों के किसी भी वैसे आदेश को, जो इस अधिनियम के किसी भी प्रावधान के अधीन अन्तिम किसी भी न्यायालय में मान्य घोषित किया गया हो अधिकारिता भाव को छोड़कर गुणागुण अथवा किसी भी आधार पर चुनौती, आपास्त, शोधित, पुनरीक्षित अथवा निरस्त नहीं किया जायेगा।

टिप्पणी

[धारा 57 के उद्देश्य यह है कि सोसाइटी के ब्योरे सम्बन्धी सभी बातों का निबटारा निबन्धक करेगा। परिसमापक को अपने निर्णय सम्बन्धी हेतु को समझाने के लिए न्यायालय में ले जाना अनुचित है।

भूखंड से सम्बन्धित विवाद के न्यायनिर्णय के लिए वाद संस्थित। वाद की संधार्यता को अधिनियम की धारा 57 के तहत् चुनौती दी गई। अधिनियम की धारा 57 अधिनियम की धारा 48 के अधीन यथोपवन्धित निबंधित सोसाइटी के कारोबार से सम्बन्धित विवाद के सम्बन्ध में वाद की अधिकारिता वर्जित करती है। अधिनियम की धाराओं 48 और 57 को साथ–साथ पढ़ने से स्पष्ट है कि यदि सदस्यों के बीच निबंधितसोसाइटी के कामकाज के सम्बन्ध में कोई विवाद उठ खड़ा हो, तो उसे निबंधक द्वारा निबटायगा और उसके सम्बन्ध में किसी सिविल या राजस्व न्यायालय की कोई अधिकारिता नहीं होगी। निबंधित सोसाइटी के कारोबार से सम्बन्धित तथाकथित विवाद में केवल निबंधित सोसाइटी के कारोबार ही नहीं, बल्कि निबंधित सोसाइटी के कामकाज भी अंतर्विष्ट होंगे। प्रावधान का व्यापक अर्थ दिया गया है। भूखंड की पहचान और सदस्यों को उन्हें बेचे गए भूखण्ड पर कब्जा दिलाना निबंधित सोसाइटी के कारोबार का हिस्सा है और निबंधित सोसाइटी के कामकाज से सम्बन्ध रखता है। निबंधित सोसाइटी के कारोवार को इससे कोई लेना–देना नहीं है, ऐसा कहना उचित नहीं है। वाद अधिनियम की धारा 57 के तहत् वर्जित किया जाता है। **राधा कृष्ण जायसवाल बनाम शीला कंचन**, 2003 (1) पी०एल० जे०आर० 18।

सैरात बन्दोबस्ती के मामले में 1935 अधिनियम के अन्तर्गत निबन्धित समितियों को, 1996 अधिनियम के अन्तर्गत निबन्धित समितियों की अपेक्षा अधिमान्यता (चतपवतपजल) दी जानी चाहिए। अधिनियम, 1996 के तहत् निबन्धित समितियों सरकारी हस्तक्षेप से बिल्कुल स्वतन्त्र है। **बाकरगंज मछुआ स्वावलम्बी सहकारी समिति सीमित बनाम बिहार सरकार**, 2005 (2) पी०एल० जे०आर० 172।]

[2][अध्याय 7–क

करस्थम्

57–क. मामले जिनमें करस्थम् के लिए आवेदन किया जा सकेगा–जहाँ किसी सदस्य, भूतपूर्व सदस्य अथवा मृत सदस्य की सम्पदा से निबन्धित सोसाइटी को अथवा वैसी निबन्धित सोसाइटी को जो इस अधिनियम की धारा 16 के उपधारा (1) के किसी भी प्रावधान के अधीन गैर–सदस्यों को ऋण स्वीकृत करने के लिए निबन्धक द्वारा सम्यकरूपेण प्राधिकृत हो, किसी व्यक्ति से जो निबन्धित सोसाइटी का सदस्य न हो अथवा यदि वैसे व्यक्ति की मृत्यु हो गई हो तो उसकी सम्पदा से कोई ऋण अथवा परादेय माँग संदेय रहे, वहाँ सोसाइटी, किसी अन्य उपचार के अतिरिक्त, जिसका वह विधानानुसार हकदार हो, निबन्धक के पास आवेदन पत्र दे सकेगी जिसमें वह व्यतिक्रमी के कब्जा में रहनेवाली निम्नांकित वस्तुओं को करस्थम् करके ऋण अथवा परादेय माँग की वसूली का अनुरोध करेगी–

1. बिहार अधिनियम 5, 1989 द्वारा प्रतिस्थापित ।
2. बिहार अधिनियम 16, 1948 द्वारा अन्तःस्थापित ।

(1) व्यतिक्रमी की धृति पर खड़ी अथवा असंगृहित खड़ी अथवा असंगृहित कोई फसल अथवा धरती की अन्य उपज ।

(2) कोई फसल अथवा धरती की अन्य उपज जो व्यतिक्रमी की धृति पर उगाई गई हो तथा काटी अथवा संग्रह की जा चुकी हो एवं खेत अथवा घर–आंगन में अन्न–दमाही के स्थान पर अथवा धृति अथवा खलिहान में जमा करके रखी हो।

57–ख. आवेदन का प्रपत्र–(1) पूर्वगामी धारा के अधीन प्रत्येक आवेदन पत्र में निम्नांकित बातों का उल्लेख रहेगा–

(क) व्यतिक्रमी की घृति तथा उसकी सीमायें, वैसा अन्य विवरण जो उसको पहचान के लिए यथेष्ट हो,

(ख) व्यतिक्रमी का नाम,

(ग) बकायों का विस्तृत हिसाब,

(घ) करस्थम् की जानेवाली उपज का प्रकार और अनुमानित मूल्य,

(ङ) स्थान जहाँ वह मिलेगी अथवा वैसा अन्य विवरण जो उसकी पहचान के लिये यथेष्ट हो, एवं

(च) यदि फसल खड़ी हो अथवा जमा नहीं की गई हो तो जब उसे काटे अथवा जमा किये जाने की संभावना हो, उस समय का उल्लेख ।

(2) व्यवहार प्रक्रिया संहिता, 1908 (5 सन् 1908) में वाद–पत्र हस्ताक्षरित तथा सत्यापित करने के लिये जो रीति विहित है उसी नियमानुसार आवेदन–पत्र को हस्ताक्षरित तथा सत्यापित किया जायेगा ।

57–ग. आवेदन–पत्र की प्राप्ति पर प्रक्रिया–(1) अग्रगामी धाराओं के अधीन आवेदन देने के समय आवेदक निबन्धक के पास वैसा लिखित साक्ष्य देगा जो वह आवेदन के प्रयोजनार्थ आवश्यक समझे ।

(2) निबन्धक, उस साक्ष्य को लेने के बाद यदि उचित समझेगा तो आवेदन को ग्रहण अथवा अस्वीकृत करेगा।

(3) जहाँ निबन्धक आवेदन को तत्क्षण ग्रहण अथवा अस्वीकृत नहीं कर सके वहाँ वह, यदि उचित समझे, आवेदन–पत्र में विनिर्दिष्ट उपज को करस्थम् हेतु आवेदन के कार्यान्वयन के लम्बित रहने तक अथवा आवेदन–पत्र की अस्वीकृति तक हटाये जाने से प्रतिषेधनार्थ आदेश दे सकेगा।

(4) जब उपज काटे जाने अथवा संग्रह किये जाने की संभावना के यथेष्ट समय से पहले किसी उपज को करस्थम् के लिए आदेश दिया जाये तो निबन्धक उतने समय तक के लिये आदेश के कार्यान्वयन को स्थापित कर सकेगा जितना समय तक वह उचित समझेगा, और यदि वह आवश्यक समझेगा तो करस्थम् के लिए आदेश के कार्यान्वयन के लम्बित रहने तक उपज को हटाये जाने से प्रतिषेधित करते हुए आदेश कर सकेगा।

(5) उपधारा (3) के अधीन अथवा उपधारा (4) के अधीन आदेश का तामीला तथा प्रकाशन उस रीति से किया जायगा जो राज्य सरकार नियमावली द्वारा निर्धारित करेगी ।

57–घ. करस्थमादेश का कार्यान्वयन–(1) यदि अन्तिम पूर्वगामी धारा के अधीन कोई आवेदन–पत्र ग्रहण किया जाये तथा किसी उपज के करस्थम् के लिए आदेश किया जाये तो निबंधक निर्धारित ब्योरे के साथ उस आदेश की एक प्रति समाहर्त्ता के पास कार्यान्वयन हेतु प्रेषित करेगा।

(2) उपधारा (1) में निर्दिष्ट आदेश की प्राप्ति के पश्चात् समाहर्त्ता उस आदेश में विनिर्दिष्ट उपज अथवा उस उपज के किसी वैसे अंश को जो वह उचित समझे, करस्थम् करने के लिए अधिकारी प्रतिनियुक्त करेगा और वह अधिकारी वहाँ जायगा जहाँ वह उपज है तथा वह उस उपज को स्वयं अपने प्रभार में लेकर अथवा अपनी ओर से किसी अन्य व्यक्ति को उसका प्रभारी बनाकर एवं राज्य सरकार द्वारा उस आश्रय की बनायी गई नियमावली के अनुसार करस्थम् की अधिसूचना प्रकाशित करके करस्थम् करेगा :

परन्तु, वैसी उपज जिसकी प्रकृति संग्रह के योग्य नहीं होगी, काटे अथवा संग्रह किये जाने के योग्य होने के समय से कम–से–कम बीस दिन से पूर्व किसी समय इस धारा के अधीन करस्थम् नहीं की जायेगी ।

57–ङ. माँग तथा हिसाब की तामीली–(1) करस्थम् करने के समय करस्थम् करने वाली अधिकारी व्यतिक्रमी पर करस्थम् करने के आधारों को प्रदर्शित करते हुए हिसाब के साथ बाकी राशि के लिए लिखित माँग तथा करस्थम् में उपगत व्यय तामील करेगा ।

.(2) जहाँ करस्थम् करनेवाले अधिकारी को ऐसा विश्वास करने का कारण हो कि करस्थम् की गई सम्पत्ति का स्वामी व्यतिक्रमी के अलावा कोई अन्य व्यक्ति है वहाँ वह उस व्यक्ति पर उसी तरह माँग तथा हिसाब की प्रतियाँ तामील करेगा।

(3) यथासाध्य माँग और हिसाब व्यक्तिगत रूप से तामील किये जायेंगे, किन्तु यदि वह व्यक्ति जिस पर वे तामील किये जाने है, पलायन कर रहा हो अथवा अन्यथा उपलब्ध न रहा हो तो अधिकारी मॉग और हिसाब की प्रतियाँ उस मकान के बाहर सहजदृश्य भाग में चिपका देगा जिसमें वह सामान्यतः निवास करता है।

57–च. उपज काटने आदि का अधिकार–(1) इस अध्याय के अधीन करस्थम् किसी व्यक्ति को कोई उपज काटने, संग्रह अथवा जमा करने अथवा उसे सम्यरूपेण संरक्षणार्थ अन्य आवश्यक काम करने से प्रतिषेधित नहीं करेगा।

(2) यदि हकदार व्यक्ति उचित समय पर वैसा करने से चूक जाए तो करस्थम् करनेवाला अधिकारी करस्थम्–गत खड़ी फसल अथवा असंगृहीत उपज को पक जाने पर कटवा लेगा अथवा संग्रह करवा लेगा तथा उस तरह की कोटियों में अथवा अन्य स्थानों, पर जिस तरह की कोटियाँ अथवा स्थान उस प्रयोजन के लिए सामान्यतः प्रयुक्त किये जाते हैं, अथवा पड़ोस में किसी अन्य सुविधाजनक स्थान पर जमा करवा देगा अथवा उसके सम्यक् तरह से संरक्षण के लिए अन्य आवश्यक काम करेगा।

(3) हर हालत में करस्थमगत सम्पत्ति करस्थम् करनेवाले अधिकारी के अथवा उसके द्वारा एतर्थ नियुक्त किसी अन्य व्यक्ति के प्रभार में रहेगी।

57–छ. जब तक माँग का समाधान न हो, विक्रय की उद्घोषणा निर्गत होगी–(1) जब तक करस्थम् के पूरे व्यय के साथ माँग का तुरन्त समाधान हो जाए, करस्थम् करनेवाला अधिकार करस्थम्गत सम्पत्ति के ब्योरे को तथा जिस माँग के लिए करस्थम् किया गया हो उसको विनिर्दिष्ट करते हुए एक घोषणा जारी करके अधिसूचित करेगा कि वह अमुक स्थान पर तथा अमुक दिन को, जो करस्थम् किये जाने के समय से कम–से–कम तीन दिन अथवा अधिक–से–अधिक सात दिन बाद होगा, करस्थम् सम्पत्ति को लोक नीलाम द्वारा बेच देगा :

परन्तु, यदि फसल अथवा उपज इस प्रकार की हो कि उसका भंडारण किया जा सके किन्तु उसका भंडारण उस समय तक नहीं हुआ हो तो विक्रय का ऐसा दिन निश्चित किया जायगा जिस दिन के आने के पहले फसल या उपज भंडारण के लिए तैयार हो जाये ।

(2) जिस गाँव में व्यतिक्रमी की भूमि स्थित हो उस गाँव में किसी सहज दृश्य स्थान पर उद्घोषणा–पत्र चिपका दिया जायगा ।

57–ज. विक्रय–स्थान–विक्रय उस स्थान पर किया जायगा जहाँ करस्थम्गत सम्पत्ति स्थित हो, अथवा लोक निवास के निकटतम स्थान पर करस्थम् करनेवाले अधिकारी की राय में विक्रय करना अधिक लाभप्रद हो।

57–झ. खड़ी फसल कब बेची जायगी–(1) उस फसल अथवा उपज को काटने अथवा जमा करने तथा भंडारण हेतु तैयार होने से पहले नहीं बेचा जायेगा जो भंडारण किये जाने योग्य होगी।

(3) उस फसल अथवा उपज को काटने अथवा जमा करने से पहले बेचा जा सकता है जो भंडारण किये जाने योग्य न हो, एवं क्रेता स्वयं अथवा एतर्थ नियुक्त किसी व्यक्ति द्वारा उस भूमि पर प्रवेश तथा फसल या उपज को सहेजने, काटने अथवा जमा करने के प्रयोजनार्थ सभी आवश्यक कार्य करने का हकदार होगा।

57–ज. विक्रय की रीति–विक्रय करनेवाले अधिकारी के विचारानुसार सम्पत्ति की लोक–नीलाम से बिक्री, एक अथवा अधिक लौट में, की जायगी और यदि सम्पत्ति के अंश की बिक्री से करस्थम् विक्रय के परिव्यय सहित माँग का समाधान हो जाए तो शेष के सम्बन्ध में करस्थमादेश को कार्यान्वित नहीं किया जायगा।

57–ट. विक्रय का स्थगन–यदि, सम्पत्ति के विक्रयार्थ रखे जाने पर (विक्रय करनेवाले अधिकारी के अनुमान में) उचित कीमत न पेश आये, और यदि संपत्ति का स्वामी अथवा उसके द्वारा एतद्ध प्राधिकृत व्यक्ति सम्पत्ति की बिक्री को दूसरे दिन तक, अथवा (यदि विक्रय स्थान पर हाट लगता हो) दूसरे हाट के दिन तक स्थगित करने के लिए आवेदन करे तो उस दिन तक बिक्री स्थगित कर दी जायेगी, और उस दिन बिक्री पूरी कर ली जायेगी चाहे जो भी उस सम्पत्ति की कीमत मिले ।

57–ठ. विक्रय धन की अदायगी–प्रत्येक लौट की कीमत विक्री के समय, अथवा बिक्री करनेवाले अधिकारी के निदेशानुसार बिक्री के तुरन्त बाद, भुगतान कर दी जायगी, और वैसी आदायगी के व्यतिक्रम होने पर सम्पत्ति की पुनः बिक्री की जायगी।

57–ड. क्रेता को प्रमाण–पत्र दिया जायगा–जब विक्रय धन की पूरी भुगतान हो जायगी तब विक्रय करनेवाला अधिकारी क्रेता को उसके द्वारा क्रीत सम्पत्ति तथा भुगतान की गई कीमत का वर्णनयुक्त प्रमाण–पत्र देगा।

57–ढ. विक्रय की आमदनी का उपयोग किस प्रकार होगा–(1) इस अध्याय के अधीन करस्थम्गत सम्पत्ति का प्रत्येक विक्रय की आय से विक्रय करनेवाला अधिकारी राज्य सरकार द्वारा करस्थम् तथा विक्रय के परिव्यय की गणना के लिए निर्धारित फीस की दर के सम्बन्ध में समय–समय पर बनाई जानेवाली नियमावली के अनुसार करस्थम् तथा विक्रय का परिव्यय भुगतान करेगा।

(2) शेप का उपयोग उस बाको रकम तथा विक्रय के दिन तक उस पर सूद के संधान पर किया जायगा जिसके लिए करस्थम् किया गया हो तथा बची रकम (यदि बचे) उस व्यक्ति को दे दिया जायगा जिसकी सम्पत्ति बेची गई हो।

57–ण. कुछ व्यक्ति क्रय नहीं कर सकते हैं–इस अध्याय के अधीन सम्पत्ति विक्री करनेवाले अधिकारी तथा उन अधिकारियों द्वारा नियुक्त अथवा उनके अधीनस्थ सभी व्यक्ति एवं निबन्धित सोसाइटियों के सभी अधिकारी और कर्मचारी वर्ग के सदस्य अधिकारियों द्वारा विक्रीत किसी सम्पत्ति को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से खरीदने से प्रतिपेधित किये जाते हैं।

57–त. विक्रय के पहले माँग की अदायगी हो जाने पर प्रक्रिया–(1) यदि इस अध्याय के अधीन करस्थम् किये जाने के बाद और करस्थम्गत सम्पत्ति की बिक्री के पहले किसी समय व्यतिक्रमी अथवा करस्थम् सम्पत्ति के स्वामी के रूप में यथार्थ दावा करनेवाला कोई व्यक्ति, यदि वह व्यतिक्रमी न हो, करस्थमादेश कार्यान्वित करनेवाले समाहर्त्ता के पास, अथवा करस्थम् करनेवाले अधिकारी के हाथ में धारा 57–ड. के अधीन तामील की गई माँग में विनिर्दिष्ट रकमों को, माँग की तामीली के बाद उपगत सभी खर्च के साथ, जमा कर देगा, तो यथास्थिति समाहर्त्ता अथवा अधिकारी उसके लिए रसीद स्वीकृत कर देगा एवं करस्थमादेश कार्यान्वित नहीं किया जायगा।

(2) जब करस्थम् करनेवाला अधिकारी जमा रकम प्राप्त कर लेगा तब वह उस रकम को तत्क्षण समाहर्त्ता को दे देगा।

(3) इस धारा के अधीन जमा किये जाने की तिथि से एक मास की समाप्ति के बाद समाहर्त्ता उस जमा रकम में से करस्थमार्थ आवेदक को उसकी बाकी राशि अदाय, करेगा, किन्तु वह तब ऐसा नहीं कर सकेगा जब इस बीच करस्थम्गत सम्पत्ति के स्वामी के रूप में यथार्थ दावा करनेवाला व्यक्ति करस्थम् की वैधता को चुनौती देते हुए तथा उस सम्बन्ध में प्रतिकार का दावा करते हुए आवेदक के विरुद्ध वाद संस्थित कर देगा।

57–थ. जप्ती के अधीन सम्पत्ति का करस्थम्– जब इस अध्याय के अधीन निर्गत करस्थमादेश और करस्थम् के अध्यधीन सम्पत्ति के सम्बन्ध में व्यवहार न्यायालय द्वारा निर्गत जप्ती अथवा विक्रय के आदेश में कोई विरोध उत्पन्न हो जाए तो करस्थमादेश अभिभावी होगाय किन्तु यदि उस आदेश के अधीन सम्पत्ति बेच दी जाती है तो बिक्री की अतिरिक्त आय धारा 57–ढ के अधीन सम्पत्ति के स्वामी को उस न्यायालय की मंजूरी के बिना नहीं दीं जायगी जिसने जप्ती अथवा बिक्री का आदेश निर्गत किया है।

57–द. गलत करस्थम् के प्रतिमार के लिए वाद एवं अपील–इस अध्याय के अधीन निवन्धक या समाहर्त्ता द्वारा पारित किसी आदेश के विरुद्ध कोई अपील नहीं होगी, किन्तु यदि कोई भी व्यक्ति जिसकी सम्पत्ति धारा 57–क के अधीन किये गये आवेदन पर वैसे मामले में करस्थम् की गई है, जिस तरह के मामले में उस धारा ने वैसा आवेदन करने की अनुमति न दी हो, तो वह प्रतिकर की वसूली के लिए उस आवेदक के विरुद्ध वाद संस्थित कर सकेगा :

परन्तु, यदि निबन्धक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सहायक निबन्धक अथवा उपनिबन्धक वैसा आदेश पारित करे तो करे तो निबन्धक के पास अपील होगी और उस अपील पर दिया गया उसका निर्णय अन्तिम होगा।

57–ध, नियमावली बनाने की शक्ति–इस अध्याय के पूर्ववगामी प्रावधानों के अधीन सभी मामलों में प्रक्रिया को विनियमित करने के लिए राज्य सरकार समय–समय पर नियमावली बना सकेगी।

57–न. निर्वाचन–इस अध्याय में, जबतक कोई बात विषय अथवा संदर्भ के विरुद्ध न हो–

(क) ''समाहर्त्ता'' में वह अधिकारी शामिल होगा जिसे राज्य सरकार इस अध्याय के अधीन समाहर्त्ता के किसी भी कार्य सम्पादन के लिए नियुक्त करेगी।

(ख) '' अतिक्रमी'' से अभिप्रेत है (मृत व्यक्ति के प्रतिनिधि रूपत) वह व्यक्ति जिसे कोई ऋण अथवा परादेय माँग वसूलनीय हो जैसा धारा 57–क में निर्दिष्ट है,

(ग) ''धृति'' से अभिप्रेत है कृषि अथवा उद्यान के प्रयोजन के लिए प्रयुक्त कोई भूमि।]

अध्याय 8

प्रकीर्ण

58. निबन्धक एवं अन्य अधिकारी लोक सेवक हैं–निबन्धक, निबन्धक की शक्तियों का प्रयोग करनेवाला व्यक्ति, धारा 34 अथवा 36 के अधीन निरीक्षण अथवा धारा 35 के अधीन जाँच के लिए प्राधिकृत व्यक्ति, परिसमापक तथा मध्यस्थ अथवा मध्यस्थगण जिन्हें धारा 48 के अधीन कोई विवाद निर्दिष्ट किया जायगा, भारतीय दंड संहिता (45 सन् 1860) की धारा 21 के अन्तर्गत लोक सेवक माने जायेंगे।

59. सोसाइटी की पंजियों से प्रविष्टियों का प्रमाण–(1) कामकाज के दौरान नियमित रूप से रखी गई निबन्धित सोसाइटी की बही, पंजी अथवा सूची में किसी प्रविष्टि की प्रतिलिपि, यदि नियमानुसार निर्धारित रीति से प्रमाणित रहे, तो वह उस प्रविष्टि की विद्यमानता के साक्ष्य में ग्राह्य होगी तथा प्रत्येक मामला में जहाँ और जिस परिमाण तक वह बातों, संव्यवहारों तथा लेखाओं को प्रमाणित करने के लिए मौलिक प्रविष्टि प्रस्तुत किये जाने पर ग्राह्य हुई होती वहाँ और उस परिमाण तक वह बाते, संव्यवहारों तथा लेखाओं के साक्ष्य के रूप में ग्राह्य होगी।

(2) वैसी सोसाइटियों के मामले में, जिनके विषय में राज्य सरकार सामान्य अथवा विशेष निदेश करे, सोसाइटी के किसी अधिकारी को किसी वैसी वैधिक कार्यवाही में, जिसमें सोसाइटी पक्ष न हो, सोसाइटी की कोई भी वैसी बही प्रस्तुत करने, जिसकी विषयवस्तु को उपधारा (1) के अधीन प्रमाणित किया जा सके, अथवा उसमें अभिलिखित, बातें, संव्यवहारों तथा लेखाओं को प्रमाणित करने के लिए साक्षी के रूप में उपस्थित होने को विवश नहीं किया जा सकता जबतक न्यायालय अथवा न्यायाधीश विशेष हेतुक से ऐसा आदेश न दें।

60. अपील सुनने की शक्ति का प्रत्यायोजन– राज्य सरकार[1] [XXXX] इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन अपील की सुनवाई की अपनी शक्ति को सामान्य अथवा विशेष आदेश द्वारा अपने आदेश में विनिर्दिष्ट किसी प्राधिकारी को प्रत्यायोजित कर सकेगी।

61. पंजीकृत सोसाइटियों का सहकारी परिसंघ में अनिवार्य सम्बंधन–2[(1) इस अधिनियम के अधीन बनाई गई नियमावली के प्रावधानों के अनुसार राज्य की रजिस्ट्रीकृत सोसाइटियाँ वैसी रीति से तथा उन शर्त्तों पर बिहार को–ऑपरेटिव फेडरेशन से सम्बद्ध होगी जो रीति तथा जो शर्त्त इस प्रयोजनार्थ नियमावली द्वारा निदेशित की गयी हो।

(2) इस अधिनियम के अधीन बनाई गई नियमावली के प्रावधानों के अधीन बिहार को–आपरेटिव फेडरेशन के संगठन तथा कार्यों को विनियमित किया जायेगा जिसके सम्बन्ध में उपधारा (1) के अधीन अनिवार्य सम्बन्धन का प्रावधान है।

62. पंजीयन की अध्यापेक्षाओं से विमुक्ति–(1) इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, राज्य सरकार के प्रत्येक मामलों में विशेष आदेश के द्वारा तथा वैसे शर्त्तों के अध्यधीन, जैसे शर्त्त यह अधिरोपित करेगी, किसी सोसाइटी को इस अधिनियम की पंजीयन सम्बन्धी किसी अध्यापेक्षा से विमुक्त कर सकेगी।

(2) राज्य सरकार सामान्य अथवा विशेष आदेश के द्वारा किसी निबन्धित सोसाइटी को इस अधिनियम के किसी भी प्रावधान से विमुक्त कर सकेगी, अथवा निदेश दे सकेगी कि अमुक प्रावधान अमुक सोसाइटी के प्रति वैसे उपांतरणों के साथ लागू होगा जैसे आदेश में विनिर्दिष्ट रहेंगे।

63. परिसीमन– भारतीय परिसीमन अधिनियम, 1908 (9 सन् 1908) में किसी प्रावधान के होते हुए भी निबन्धित सोसाइटी के किसी सदस्य से बाकी ब्याज सहित ऋण के लिए परिसीमा की अवधि की गणना उस तिथि से की जायगी जिस तिथि को उस सदस्य की मृत्यु हुआ हो अथवा सोसाइटी की सदस्यता समाप्त हो गई हों।

64. आयकर, मुद्रांकन शुल्क तथा पंजीयन शुल्क से विमुक्त करने की शक्ति–(1) शासकीय राजपत्र में अधिसूचना जारी करके केन्द्र सरकार किसी निबन्धित सोसाइटी एवं निबन्धित सोसाइटियों के वर्ग के मामले में सोसाइटी के मुनाफा अथवा मुनाफा के कारण सोसाइटी के सदस्यों द्वारा प्राप्त लाभांश अथवा अन्य अदायगियों के सम्बन्ध में संदेय आयकर को माफ कर सकती है।

1. शब्द ''धारा 26, 40 एवं 41 में अपील की सुनवाई की शक्ति को छोड़कर'' बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा विलोपित ।
2. प्रतिस्थापित तत्रैव ।

(2) अधिसूचना जारी करके संग्राहक सरकारकिसी निबन्धित सोसाइटी एवं निबन्धित सोसाइटियों के वर्ग के मामले में निम्नांकित को माफ कर सकती है–

(क) पंजीकृत सोसाइटी या उसके किसी अधिकार एवं सदस्य के द्वारा अथवा उसकी ओर से निष्पादित लिखत और ऐसी सोसाइटी के कारबार अथवा ऐसे लिखतों के किसी वर्ग, अथवा रजिस्ट्रार अथवा किसी परिसमापक अथवा परिसमापकगण के इस अधिनियम के अधीन निर्णयों, अधिनिर्णयों अथवा आदेशों से सम्बन्धित तत्समय प्रभार्य मुद्रांक शुल्कय तथा

(ख) तत्समय प्रवृत्त निबन्धन विधि के अधीन संदेय कोई शुल्क ।

इस उपधारा में '' संग्राहक सरकार'' से वही अभिप्रेत है जो भारतीय मुद्रांक अधिनियम, 1899 (2 सन् 1899) में अभिप्रेत है।

टिप्पणी

[सहकारी समिति अधिनियम के अधीन पंजीकृत सोसाइटी किसी तरह के दस्तावेज के लिए मुद्रांक शुल्क देने से मुक्त है। पाटलीपुत्र को–ऑपरेटिव सोसाइटी हाउस कन्स्ट्रक्शन सोसाइटी लि० बनाम बिहार राज्य, 1977 बी०बी०सी० जे० 78]

65. पंजीकृत सोसाइटी के शेयर एवं डिबेन्चर से सम्बन्धित लिखतों की अनिवार्य निबंधन से विमुक्ति–भारतीय निबन्धन अधिनियम, 1908 की धारा 17 की उपधारा (1) की कंडिका (ख) और (ग) की कोई बात निम्नांकित पर लागू नहीं होगी–

(1) किसी पंजीकृत सोसाइटी की आस्तियाँ सम्पूर्णतः अथवा अंशतः अचल सम्पत्ति के रूप में होने पर भी इस सोसाइटी में शेयरों से सम्बन्धित किसी लिखत, या

(2) जहाँ तक किसी डिबेंचर के धारक के लाभ के लिए न्यास पर न्यासियों को सोसाइटी द्वारा उसकी पूरी या थोड़ी अचल सम्पत्ति के बंधकित, हस्तांतरित या अन्यथा अन्तरित करनेवाले किसी निबन्धित लिखित के जरिए प्रदत्त प्रतिभूति का धारक हकदार हो, वहाँ तक छोड़कर अचल सम्पत्ति पर अथवा में किसी अधिकार, हक या हित को परिसीमित अथवा समाप्त करते हुए असृजित, अघोषित करनेवाले सोसाइटी द्वारा निर्गत कोई डिबेंचर, अथवा

(3) किसी ऐसी सोसाइटी द्वारा निर्गत किसी डबेंचर का अन्तरण अथवा उस पर पृष्ठांकन ।

टिप्पणी

[निबंधक को जिस प्रकार निर्वाचन सम्बन्धी किसी मुकदमे को अन्तरित करने का अधिकार है ठीक उसी तरह राज्य सरकार को निर्वाचन सम्बन्धी मुकदमे निबंधक से ले लेने का अधिकार है। राज्य सरकार में सहकारी विभाग का मंत्री शामिल है।]

65–क.[1] [XXXX]

[2][**65–ख. कठिनाई दूर करना**–यदि इस अधिनियम के उपबन्धों को प्रभावी बनाने में कोई कठिनाई उत्पन्न हो, तो राज्य सरकार परिस्थिति के अनुसार, राजपत्र में प्रकाशित आदेश के जरिये, कठिनाई दूर करने के प्रयोजन से ऐसा कुछ भी कर सकेगी जो इस अधिनियम के उपबन्धों से असंगत न हो।]

66. नियम बनाने की शक्ति– राज्य सरकार इस अधिनियम के सभी अथवा किसी प्रयोजन के सम्पादनार्थ सम्पूर्ण राज्य अथवा उसे किसी भाग के लिए एवं किसी पंजीकृत सोसाइटी अथवा पंजीकृत सोसाइटियों के वर्ग के लिए नियम बनाना।

(2) पूर्वगामी शक्ति की सर्वसाधारणतः पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ये नियम विशेषकर–

(i) सोसाइटी के पंजीयन के लिए आवेदन के प्रपत्र या पालनीय शर्त्त और वैसे आवेदन के विषय में प्रक्रिया विहित करनाय

(ii) प्रवेशार्थ आवेदन करनेवाले या सदस्य रुप में प्रविष्ट व्यक्तियों द्वारा पालनीय शर्त विहित कर सकेंगे एवं सदस्यों के प्रवेश तथा निर्वाचन, तथा सदस्यता के अधिकारों के प्रयोग के पहले की जानेवाली अदायगी तथा अर्जित किये जानेवाले हितों का प्रावधान करना,

1. ''धारा 65 क'' बिहार अधिनियम 10, 2002 द्वारा विलोपित ।
2. बिहार अधिनियम 31, 1976 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(iii) किसी सोसाइटी के सदस्यों की अधिकतम संख्या विहित करनातथा धारा 29 के प्रावधानों के अध्यधीन किसी सदस्य द्वारा सोसाइटी में धारित शेयरों की अधिकतम संख्या अथवा पूँजी का भाग विहित करना,

(iv) सदस्यों के पदत्याग की स्वीकृति के शर्त विहित कर सकेंगे, तथा सदस्यों के निष्कासन एवं सदस्यता त्यागने वाले अथवा निष्कासित किये जानेवाले सदस्यों की अदायगी विहित कर सकेंगे,

(v) सदस्यों की साधारण बैठक तथा वैसी बैठक में प्रक्रिया एवं वैसी बैठक में प्राप्त शक्तियों का प्रावधान करना,

(vi) सोसाइटी जिन विषयों के सम्बन्ध में उपविधियाँ बनायेगी अथवा बना सकेगी उन विषयों तथा उपविधियों के निर्माण, परिवर्तन तथा निराकरण में अनुसरित प्रक्रिया, एवं वैसा निर्माण, परिवर्तन अथवा निराकरण से पहले पूरे किये जानेवाले शत्तों को विहित करना,

(vii) उस रीति को विहित करेंगे जिस रीति से प्रबन्ध समितियाँ अथवा उनकी उपसमितियाँ ख'' धारा 14 'क' उप–धारा (1) के अधीन अथवा अन्यथा गठित प्राधिकार द्वारा निर्वाचन संचालित होगा'',, तथा प्रबन्ध समितियों के सदस्यों एवं अन्य अधिकारियों की नियुक्ति, निलम्बन और निष्कासन के लिए, या प्रबन्ध समितियों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा प्रयोग की जानेवाली शक्तियों तथा सम्पादित किये जानेवाले कार्यों के लिए प्रक्रिया का प्रावधान करना,

(viii) उन शत्तों को विहित कर सकेंगे जिनके अधीन किसी सोसाइटी के व्यतिक्रमी सदस्य को उसकी प्रबन्ध समिति में नियुक्त करने से किसी सोसाइटी को प्रतिषेधित किया जायगा एवं उस सोसाइटी में सदस्यता के अधिकारों का प्रयोग करने की उसे स्वीकृति अथवा अन्य सोसाइटी में प्रतिनिधित्व करने के अधिकार विहित करना,

(ix) जब सोसाइटी अपना दायित्व का स्वरुप अथवा परिणाम बदले तो उसके लिए प्रक्रिया विहित कर सकेंगे, तथा सोसाइटियों के एकीकरण और विभाजन के लिए प्रावधान कर सकेंगे एवं वैसे एकीकरण और विभाजन के शत्तों को विहित करना,

(x) उन शर्तों एवं बन्धेजों को विहित कर सकेंगे जिन पर तथा उस रीति को विनियमित कर सकेंगे जिसके अधीन शेयर, जमा अथवा डिबेंचर से अथवा अन्यथा निधियाँ अर्जित करना,

(xi) ऋण हेतु आवेदन करनेवाले सदस्यों द्वारा पूरा किये जानेवाले शर्त, जिस अवधि के लिए ऋण दिया जा सकेगा वह अवधि, दी जा सकनेवाली ऋण राशि तथा ऋण लौटाने की रीति विहित करना।

(xii) सोसाइटी की नियंत्रणाधीन किसी निधि का निक्षेपण अथवा निवेशन के लिये प्रावधान करना,

(xiii) उन शत्तों, प्रतिषेधों एवं प्रतिबन्धों को विहित कर सकेंगे जिनके अध्यधीन सोसाइटी–

(क) गैर–सदस्यों से कारबार करना, अथवा

(ख) चल सम्पत्ति के प्रति अग्रिम देना,

(xiv) काम–काज पूँजी तथा शुद्ध लाभ की गणना का तरीका, उस लाभ के वितरणार्थ शर्तें, तथा किसी सोसाइटी अथवा सोसाइटियों के वर्ग द्वारा संदेय लाभांश को अधिकतम दर विहित करना,

(xv) आरक्षित निधियों का निर्माण एवं अनुरक्षण तथा उन निधियों को जिन वस्तुओं पर लगाया जाए उन वस्तुओं के लिए एवं डूबंत ऋणों के अपलेखन के लिए प्रावधान कर सकेंगे,

(xvi) शेयर–धन की वापसी एवं शेयरों के अन्तरण के लिए शर्त्त विहित करना,

(xvii) उस तरीका का प्रावधान कर सकेंगे जिसके अनुसार मृत सदस्य के हित का मूल्य निर्धारण तथा उस व्यक्ति का मनोनयन होगा जिसे वैसा हित दिया अथवा अन्तरित करना,

(xviii) सदस्यों की पंजी तथा, जहाँ सदस्यों का दायित्व शेयरों के जरिए सीमित हो वहाँ शेयर तथा शेयरधारकों की पूँजी के निर्माण एवं अनुकरण के लिए प्रावधान करना,

(ix) सोसाइटी द्वारा प्रयोग किये जानेवाले प्रपत्रों, रखी जाने वाली लेखाओं और पंजियों एवं समर्पित किये जाने वाले प्रतिवेदन और विवरण समर्पित किये जायेंगे उनका एवं वैसे किसी प्रतिवेदन अथवा विवरण को समर्पित करने से चूकने की दशा में उन सबकी तैयारी पर व्यय के उद्ग्रहण का प्रावधान करना,

(xx) धारा 33 के अधीन अंकेक्षण एवं सोसाइटी की आस्तियों और दायित्वों को प्रदर्शित करते हुए तुलन–पत्रों के आवधिक प्रकाशन से लिए नियम विहित कर सकेंगे,

1. बिहार अधिनियम 18, 2008 द्वारा अन्तः स्थापित ।

(xxi) जिन व्यक्तियों के द्वारा एवं जिन प्रपत्रों में सोसाइटी के अभिलेखों और पंजियों की प्रविष्टियों की प्रतिलिपियों को प्रमाणित किया जायगा उनका एवं वैसी प्रतिलिपियों की आपूर्ति के लिए उद्‌गृहीत किये जाने वाले शुल्कों का प्रावधान करना,

(xxii) अभिलेखों एवं पजियों को अभिरक्षित करने तथा नष्ट करने का प्रावधान करना,

(xxiii) परिसमापक की नियुक्ति अथवा निष्कासन, तथा उसके पारिश्रमिक के भुगतान में अपनाई जानेवाली प्रक्रिया का प्रावधान करना,

(xxiv) परिसमापक द्वारा अपनाई जानेवाली प्रक्रिया विहित कर सकेंगे तथा सोसाइटी के किसी अधिशेष के निस्तार की रीति का उपाय करना,

(xxv) इस अधिनियम के अधीन अपील करने तथा उसके निस्तार के लिए अपनाई जानेवाली प्रक्रिया विहित करना,

(xxvi) मध्यस्थ अथवा मध्यस्थों की नियुक्ति में, रजिस्ट्रार (अथवा निबन्धक की शक्तियों का प्रयोग करता हुआ किसी व्यक्ति) तथा मध्यस्थ अथवा मध्यस्थगण के समक्ष कार्यवाही में, साथ–साथ मामलों के अन्तरण, निर्देशन एवं प्रत्याहरण में, अपनाई जानेवाली प्रक्रिया विहित करना,

(xxvii) धारा 49 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगार्थ प्रक्रिया एवं शत्त विहित कर सकेंगे,

(xxviii) घारा 24–क के अधीन उत्तमणों की बैठक बुलाने, करने तथा संचालन के लिए प्रक्रिया विहित करना, एवं

(xxix) इस अधिनियम में नियमावली से विहित किये जानेवाले स्पष्टतः अध्यापेक्षित अथवा अनुमत सभी विषयों का प्रावधान करना,

[1][“(xxx) सदस्यता शुल्क की रीति विहित कर सकेगी एवं सदस्यता शुल्क हेतु अंशदान के लिए वित्तीय सहायता के साथ–साथ महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति एवं पिछड़े वर्ग सदस्यों जो किसी रजिस्ट्रीकृत सोसाइटियों के खास वर्ग अथवा वर्गों से सम्बन्ध रखता हो, के न्यूनतम हिस्सा–पूँजी का प्रावधान कर सकेंगे।”

(3) इस धारा में प्रदत्त नियम बनाने की शक्ति प्रकाशन के पश्चात् बनायी गई नियमावली के शर्त्ते के अध्यधीन रहेगी।

(4) इस धारा के अधीन बनायी गई सभी नियमों का शासकीय राजपत्र में प्रकाशन किया जायगा एवं इस प्रकाशन के बाद वे ऐसे प्रभावी होंगे मानो इस अधिनियम में अधिनियमित हुये हों।

[2][**66–क. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, लघु कृषक, सीमांत कृषक और समाज के अन्य कमजोर वर्गों के लिए सहकारी ऋण के अनुपात का निर्धारण**–ऐसे निदेशों के अधीन जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किये जायें, प्राथमिक कृषक सहकारी सोसाइटी सहकारिता वर्ष के दौरान अनुसूचित जातियोंध्अनुसूचित जन जातियों, लघु और सीमांत कृषकों और समाज के अन्य कमजोर वर्गों के बीच कुल उधार का ऐसा अनुपात सवितरित करेगी, जो रजिस्ट्रार, सहकारी सोसाइटी द्वारा, सोसाइटी के वर्ग और उपर्युक्त वर्गों के व्यक्तियों की सदस्य संख्या को ध्यान में रखते हुए समय–समय पर अधिकथित किया जाय ।

उक्त सोसाइटी उपर्युक्त वर्गों को उधार देने के सम्बन्ध में पृथक लेखा रजिस्ट्रार द्वारा विहित रीति से रखेगी।

[3][**66.ख. सहकारी समितियों की कार्मिक नीति**–(1) सहकारी समितियों को, अपनी उपविधियों में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार, समिति के कार्मिकों के पदों के स्वरूप और संख्या तथा कार्मिकों की भर्ती की रीति अवधारित करने की स्वायत्तता होगी। इस प्रयोजनार्थ सहकारी समिति अपनी कार्मिक नीति बना सकेगी। सहकारी समितियाँ अपनी उपविधियों के प्रावधानों एवं कार्मिक नीति के अधीन रहते हुए अन्य के बीच निम्नलिखित के लिए उपबंध कर सकेंगीः–

(1) पात्रता, आयु और अनुभव,

(2) वेतनमान और अन्य उपलब्धियाँ,

(3) भर्ती की रीति,

(4) सेवा की शत्ते, और

(5) अपनाई जानेवाली अनुशासनिक प्रक्रिया।

1. बिहार अधिनियम 18, 2008 द्वारा अन्तःस्थापित ।
2. विहार अधिनियम 39, 1982 द्वारा अन्तःस्थापित ।
2. बिहार अधिनियम सं० 6, 2013 दिनांक 22–05–2013 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(2) उपविधियों के प्रावधानों एवं कार्मिक नीति का अतिलघन में की गई नियुक्ति शून्य समझी जायेगी माना ऐसी नियुक्ति कभी विद्यमान नहीं थी एवं वेतन तथा अन्य भत्तों के रूप में किये गये भुगतान की राशि यदि कोई हो, धारा 40 के अधीन वसूलनीय होगी।''

टिप्पणी

[संकल्प दिनांक 9—2—1989 द्वारा गठित समिति के लिए यह सम्भव नहीं है कि वह राज्य भर में जाकर विभिन राज्य स्तरीय सहकारी समितियों में नियुक्तिध्प्रोन्नति करे। निगम नियुक्ति या एवं नियमितिकरण और प्रोन्नति के लिए की पहचान करे और फिर समिति के पदाधिकारियों के पास आवश्यक नियुक्ति नियमि भेजे। प्राथी के नियमितिकरण और प्रोन्नति साफ तौर से धारा 66 वी के प्रतिकूल था, अतः वापस लिए गए। प्रशासक को चाहिए कि वह संकल्प दिनांक 6—2—1989, जो सवैधानिक रूप से वैध है, के अलोक में निगम के आवश्यकता आधारित पदों की पहचान करे और उपयुक्त और विधिमान्य नियुक्तियाँ करे। **राम कुमार सिंह बनाम बी०एस०एस०सी०कॉप० डेव० कारपोरेशन कारपोरेशन लि०**, 2002 (2) पी०एल० जे० भार० 744।

धारा 66 बी और अधिसूचना दिनांक 9—2—1989 संविधान सम्मत हैं। बिहार राज्य सहकारिता बैंक में किसी पद पर नियुक्ति विभागीय अधिसूचना व अधिसूचना दिनांक 9—2—1989 के प्रावधानों के अनुसार ही की जा सकती है। प्रतिनियुक्तियों का बैंक की सेवा में अंतर्विलयनधनियमितिकरण अधिसूचना के प्रावधानों का उल्लंघन होगा। **प्रिय रंजन सिन्हा बनाम बिहार राज्य**, 2002 (3) पी०एल० जे०आर० 33।

राज्य सरकार ने नियुक्ति की पद्धति निर्धारित करते हुए दिनांक 9—2—1989 को अधिसूचना के माध्यम से एक नियुक्ति—समिति गठित की है। पूर्व में न्यायालय ने धारा 66 बी की शक्ति और अधिसूचना की वैधता की पुष्टि की। प्रार्थी के पूर्व में किये गये नियमितिकरण और प्रोन्नति को अधिसूचना का सर्वथा उल्लंघन माना गया और प्रार्थी की पूर्व रिट—याचिका भी खारिज कर दी गई। पुनः प्रार्थी की उसी पद पर तदनन्तर की प्रोन्नति और नियमितिकरण को वैध नहीं धारित किया जा सकता, क्योंकि समिति द्वारा वैसा नहीं किया गया था। नियुक्ति समिति के अलावा किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा 9—2—1989 के बाद की गई कोई भी नियुक्तिध्प्रोन्नतिधनियमितिकरण अधिसूचना का उल्लंघन है। तथापि प्रशासक को निर्देशित किया जाता है कि वह आवश्यकता आधारित पदों को पहचान करें और अधिसूचना दिनांक 9—2—1989 के अनुसार सीधी भर्ती या पूर्व के पदधारकों के नियमितिकरण या प्रोन्नति के द्वारा उपयुक्त और विधिसम्मत नियुक्ति के लिए कार्रवाई करें। **राम कुमार सिंह बनाम बी०एस०सी०सी०डी० कारपोरेशन लि०**, 2002 (3) पी०एल० जे०आर० 202 ।

केन्द्रीय सहकारिता बैंक जिनमें लोक लेखा समितियाँ सम्बद्ध हैय विनिर्दिष्ट लेखा खोलकर लोक लेखा समियितों के प्रबन्धकों को वेतन अदायगी की पद्धति में परिवर्तन लोक लेखा समितियों के कामकाज में सुधार की कड़ी है और इससे सेवा—शर्त्तें में कोई फेरबदल नहीं होता है। **बिहार राज्य सहकारिता प्रबंधक संघ बनाम बिहार राज्य**, 2003 (3) पी०एल० जे०आर० 322 ।

सहकारी समितियों पर विस्तृत नियंत्रण रखता है और इस तरह से सहकारी समितियाँ वास्तव में राज्य की प्रशासनिक अंग का काम करती हैं। अतः राज्य सरकार वास्तव में लोक लेखा समितियों के प्रबन्धकों की सेवा—शर्त्तों को नियंत्रित करती है और उनके वेतनमान भी निर्धारित करती है। अतः उनका वेतन राज्य सरकार निर्धारित करती है जो जीवन—यापन स्तर पर होता है। अतः महँगाई भत्ता देकर मूल्यवृद्धि के विरुद्ध सुरक्षा देने से इन्कार करना संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन है। **बिहार राज्य सहकारिता प्रबन्धक संघ बनाम बिहार राज्य**, 1999 (3) पी०एल० जे०आर० 110 ।

यद्यपि लोक लेखा समितियों के प्रबंधक राज्य सरकार के कर्मचारी नहीं हैं, फिर भी भारत के नागरिक होने के नाते न्यायोचित और उपयुक्त वेतन दिया जाना लाजिमी है। अतः उनका वेतन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है न कि वेतन आयोग जैसा विशेषज्ञ निकाय द्वारा। अतः उन्हें महँगाई भत्ता आदि के लिए राज्य सरकार के सेवकों के समान सुविधा मिलनी चाहिए। इससे इनकार करना उचित नहीं है। सामाजिक न्याय के सिद्धांत से जुड़े कल्याणकारी राज्य को ऐसा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि ऐसा करना अनुचित, गलत और असंवैधानिक है। लोक लेखा समितियों के प्रबन्धक राज्य सरकार के कर्मियों के समान महंगाई भत्ता के हकदार हैं। **तत्रैव** ।

सहकारी समिति के उपाध्यक्ष द्वारा वर्ग 3 और 4 पदों पर कर्मियों की नियुक्ति। राज्य सरकार के परिपत्र द्वारा निबंधित समितियों के लिए विनिश्चित प्रक्रिया का उल्लंघन करके की गई प्रतयेक नियुक्ति अवैध होगी। **अंजनी कुमार सिंह बनाम प्रबंधक, जमुई केन्द्रीय सहकारिता बैंक लि०**, 1994 (2) पी०एल० जे०आर० 761।

बिना विभागीय कार्यवाही शुरू किए प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के शाखा प्रबंधकों के वित्तीय वर्ष के लिए ऋणों की वसूली के लिए निरूपित मानकों को प्राप्त करने में विफलता के कारण सेवा की समाप्ति। मात्र कारण पृच्छा नोटिस का तामीला नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का सम्पूर्णतः अनुपालन नहीं है। **कपिलेश्वर शर्मा बनाम बिहार राज्य**, 1993 (2) पी०एल० जे०आर० 552 ।

बिहार सरकार राज्य भर में सभी सहकारी समितियों पर अधिकारिता लागू करने को सक्षम है। अतः इसे निश्चय ही नियुक्ति के लिए मापदंड और भर्ती की पद्धति निरूपित करने का कानूनी अधिकार है और ऐसे मामले धारा 66 के परिक्षेत्र के अन्तर्गत हैं। **राँची जिलाध्कैडर सहकारी समिति लि० बनाम पी०ओ०**, 1998 पी०एल० जे०आर० 591

राज्य सरकार को सहकारिता बैंक द्वारा दी गई नियुक्तियों को रद्द करने में सक्षम नहीं है। धारा 66 बी राज्य सरकार को भर्त्ती आदि के सम्बन्ध में आम नीति निर्धारित करने का अधिकार है। सहकारिता बैंक के विशेष पदाधिकारी (राज्य सरकार के कार्यकारी) द्वारा राज्य सरकार के निदेश के अनुपालन करते हुए बैंक के अस्थायी कर्मचारियों की सेवा–समाप्ति के आदेश को विशेष पदाधिकारी का आदेश नहीं कहा जा सकता। **शिवशंकर प्रसाद सिन्हा बनाम बिहार राज्य**, 1987 पी०एल० जे०आर० 270 ।

चयन प्राधिकरण की संरचना और चयन प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई तालिका से भिन्न किसी सूत्र से की गई नियुक्ति के विरुद्ध रोक लगाने सम्बन्धी अधिसूचना की वैधता निःसन्देह वैध है। **तेजा प्रसाद बनाम बिहार राज्य**, 1992 (2) पी०एल० जे०आर० 568 ।

प्रार्थी उस नियुक्ति आदेश के तहत् अपने अधिकारों का दावा करते हैं जो अधिनियम की शर्त्तों के तहत् पहले से शिथिल है। ऐसी नियुक्ति का कोई अस्तित्व आरंभ से ही नहीं है। तत्रैव ।

प्रार्थीगण पहले दैनिक वेतनभोगी के और बाद में उनकी नियुक्ति नियमित आधार पर, आपेक्षित आदेश से इस आधार पर रद्द कर दी गई कि ये नियुक्तियाँ पूर्व में अधिसूचित शासकीय आदेश के विपरीत थीं। अधिनियम में उपबन्धित स्पष्ट वर्जना के होते हुए यह धारित करना कठिन है कि चयन की निर्धारित पद्धति और प्रक्रिया या मापदण्डों के अनुपालन किये बिना और किसी अन्य सूत्र से नियमित नियुक्तियाँ की जा सकती हैं। मात्र इस वजह से कि चयन प्राधिकरण का पूर्णतः गठन नहीं हुआ था । **तत्रैव**।

इस धारा की शक्तिमत्ता को इन आधारों पर चुनौती दी गई है कि विधायिका द्वारा बिना किसी संकेत के कि अधिनियम का उल्लंघन किन–किन बातों से होगा, अथवा इसका विस्तार क्या हैय यह धारा राज्य सरकार को व्यापक शक्तियाँ प्रदान करती है और नैसर्गिक न्याय के नियम को दरकिनार करती है। जब किसी न्याय–निर्णयन की आवश्यकता हो और प्राधिकरण के पास विवेकाधिकार के लिए कोई अवयव हो। यदि स्वयं विधायिका कतिपय कोटियों की नियुक्तियाँ रद्द और घोषित करती हो, तो न्याय निर्णय सर्वथा अनावश्यक हो जाता है। नैसर्गिक न्याय के नियम कानूनी नियम नहीं है, जिसका प्रयोग वर्जित नहीं हो सकता यदि इसकी वर्जना आवश्यक निहितार्थ से भी अनुमतेय हो । प्रावधान को मनमानी और संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन नहीं कहा जा सकता। **तत्रैव** ।

कर्मचारी की अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति, बाद में धारा 66 बी की अवहेलना के आधार पर बरखास्तगी। अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति के लिए कोई कानूनी प्रावधान यह अधिकार सरकारी परिपत्रों से निष्पादित होती हैं। सरकारी परिपत्र कानूनी आदेश को अभिभूत नहीं कर सकता। धारा की कसौटी पर ऐसी नियुक्ति को सामान्य नियुक्ति से अन्तर करना कठिन है। वह सिर्फ इस बात का हकदार है कि उसके मामले पर एक भिन्न वर्ग के रूप में विचार किया जाए, क्योंकि इस जैसी नियुक्ति अनुच्छेद 14 और 16 में अंतर्विष्ट सामान्य नियमों का अपवाद–स्वरूप है। **तत्रैव** ।

कर्मचारी की सेवा समाप्त कर दी गई (वेतन या भत्तों के रूप में प्राप्त) धन को वापस नहीं लिया जा सकता । नियोजक प्रत्येक विधिक, गैर–निःशुल्क काम या सेवा के लिए प्रतिकर देने को बाध्य है। यदि किसी व्यक्ति ने वस्तुतः कार्य किया हो, तो उसे उसके द्वारा वास्तविक रूप में प्राप्त या प्राप्य परिलब्धियों से वंचित नहीं किया जा सकता । **तत्रैव** ।

वेतन भुगतान स्थगित किया गया। धारा 66 बी के अन्तर्गत विधिवत् नियुक्त सरकारी कर्मचारियों को वेतन नकारा नहीं जा सकता है। राज्य सरकार केवल पदों की प्रकृति एवं सृजित संख्या का निर्धारण करने के लिए तथा पैक्स के के मैनेजर के वेतन भुगतान का तरीका जो केन्द्रीय सहकारी अधिकोष शाखा में विशेष खाता खोलकर किया जा सकता है, देखने के लिए अधिकृत है। यह बिलकुल ही नहीं अवधारित करता है कि विधितः नियुक्त एवं उचित तरीका से कार्यरत् कर्मचारी को बिना वेतन भुगतान के इतनी लम्बी अवधि तक रहना पड़े। **योगेन्द्र प्रसाद सिंह बनाम बिहार राज्य**, 2004 (4) पी०एल० जे०आर० 448 (पटना)।

निबंधक अथवा सचिव, सहकारिता विभाग के द्वारा कार्य करने वाली सरकार को निर्देश निर्गत करने का वैध एवं मान्य अधिकार है। ऐसे निर्देशों की वैधानिक स्थिति है तथा इस हद तक यह राज्य में निबंधित अनेक प्रकार को समितियों पर बाध्यकारी है। **श्याम किशोर सिन्हा बनाम बिहार सरकार**, 2007 (3) पी०एल० जे०आर० 830।

धारा 66–बी–सहकारी समिति के कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति की आयु 58 से बढ़ाकर 60 की जाती है, इस शर्त के अध्यधीन कि वैसे कर्मचारी जिन्हें गबन, भ्रष्टाचार, अनुशासनहीनता, अयोग्यता अथवा धोखाधड़ी के आरोप में सजा हो चुकी हो, उन्हें इस बड़ी हुई आयु सीमा के लाभ से बाहर रखा जाएगा। यह सुस्थापित है कि एक ही आरोप में एक व्यक्ति को दो बार सजा नहीं दी सकती। आवेदनकर्ताओं को 58 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त किया जा रहा है, क्योंकि उनकी सेवा पुस्तिका में यह उल्लिखित है कि उन्हें पूर्व में दण्डित किया जा चुका है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 20 (2) के अधीन विहित गारण्टी एवं संरक्षण का उल्लंघन किया गया है। पुनः ऐसी सजा से युक्त सेवा नियमावली में संशोधन के अभाव में इस क्षेत्र में आदेश को व्यापक नहीं बनाया जा सकता है। और यह भी कि, जब अनिवार्य सेवानिवृत्ति का प्रावधान है, तो सजा के एक–दूसरे भाग का सृजन करते हुए कर्मचारी को 58 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त करने का कोई अवसर नहीं है। वह भी केवल इस आधार पर कि बहुत पहले उसे कोई सजा दी गई थी। आगे यह भी कि, कर्मचारियों की वार्धक्य सेवानिवृत्ति के मामले में सेवानिवृत्ति की दो आयु सीमा नहीं हो सकती। आक्षेपित खण्ड को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 20 (2) का उल्लंघन माना गया तथा इसे अधिकार का अतिशय (अतिक्रमण के हद तक) प्रयोग माना गया। अतः इसे खारिज किया जाता है। आवेदकों को सभी लाभों के साथ सेवा में पुनर्स्थापित करने का निर्देश दिया जाता है तथा वे सेवा में 60 वर्ष की आयु पूरी करने तक बने रहेंगे। **श्याम किशोर सिन्हा बनाम बिहार सरकार**, 2007 (3) पी०एल० जे०आर० 8301

धारा 66–बी–दुग्ध सहकारी समिति (कोमफेड) के कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति की आयु में वृद्धि। राज्य सरकार के निर्देशों की अवहेलना करते हुए सेवानिवृत्ति की आयु में वृद्धि करने से इंकार करना। धारा 66–बी को एक वैध विधायन माना गया है। नियुक्ति एवं सेवानिवृत्ति के मामले में विभिन्न सहकारी समितियों को निर्देश निर्गत करने का अधिकार राज्य सरकार को है तथा समिति के अधीन काम करने वाले कर्मचारी इन निर्देशों से प्रशासित होंगे। ये निर्देश ''कोमफेड'' सहित सभी सहकारी समितियों पर लागू होंगे। ''कोमफेड'' के निदेशक पर्षद् द्वारा सेवानिवृत्ति की आयु को 60 वर्ष तक नहीं बढ़ाने का निर्णय मनमाना एवं अवैध है तथा इसे खंडित किया जाता है। निर्देश दिया जाता है कि उनकी सेवा में फिर से बहाली की जाए तथा वे 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक उसमें बने रहेंगे। कोमफेड को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने की स्वतन्त्रता दी जाती है, यदि बाद में वे यह पाएँ कि आवेदकों ने सचिव द्वारा विहित शर्त्तों को पूरा नहीं किया हो। **राम नारायण सिंह बनाम बिहार सरकार**, 2007 (3) पी०एल० जे०आर० 214 ।

धारा 66–बी–पी०ए०सी०एस० के पेड मैनेजर (संदत्त प्रबंधक) को वेतन। ऐसी समितियों का पी०ए०सी०एस० के रूप में काम करने के संबंध में राज्य सरकार पर कोई जवाबदेही नहीं लादी जा सकती। ऐसी समितियों को अपना कोष सृजित करना है तथा प्रबंधकों को वसूली एवं जमा प्राप्त करना है। **शैल देवी बनाम बिहार सरकार**, 2007 (1) पी०एल० जे०आर० 533।]

67. **निरसन**–इस अनुसूची में विनिर्दिष्ट अधिनियम एतद् द्वारा, जहाँ तक वे राज्य पर लागू हैं, उक्त अनुसूची के चौथे स्तम्भ में विनिर्दिष्ट परिमाण तक निरसित किया जाता हैं।

अनुसूची

निरसित अधिनियम

(धारा 67 देखें)

वर्ष	संख्या	संक्षिप्त शीर्षक	निरसन का परिणाम
1	2	3	4
1912	II	सरकारी सोसाइटी अधिनियम, 1912	
1920	XXXVIII	नयागमत्ता अधिनियम 1920	जहाँ तक उसका संबंध 1912 के अधिनियम ।। से है ।

The Bihar
Co-operative Societies Act, 1935

[Act VI of 1935]

[29th May, 1935]

An Acts to consolidate and amend the law relating to Co-operative Societies in the State of Bihar[2]*[(x* xx)

Preamble.--Whereas it is expedient to facilitate the formation, working and consolidation of co-operative societies for the promotion of thrift, self help and mutual aid among agriculturists and other persons with common needs and for that purpose to consolidate and amend the law relating to co-operative societies in the State of Bihar [2][(xxx)

And whereas previous sanction of the Governor-General under sub-section (3) of section 80-A of the Government of India Act has been obtained to the passing of this Act;

It is hereby enacted as follows :

CHAPTER! *Preliminary*

1. Short title and extent.--(1) This Act may be called the Bihar Co-operative Societies Act, 1935.

(2) It extends to the whole of the State of Bihar.

Comments & case-law

{The whole gamut of this Act and the Rules framed thereunder as also the model Byelaws for the co-operative societies would show in the ultimate analysis, that they rested on the larger principles of co-operation which are sought to be codified and given a legalistic form by the statutory provisions. The golden web that runs through the fabric of the co-operation movements is that of self-help and mutual help through democratic management and a conscious eschewing of the profit motive. Every member, regardless of number of shares he owns, has only one vote to further this concept. *Harender Narain Banker vs. State of Bihar,* 1985 PLJR 1078.

The preamble, the scheme and other available material must be examined to see if there are any discernible guidelines. Power granted to State Government to exempt a Co-operative society from application of provisions of the Act or application **of** its provisions with modification will not make that provision void on the ground of excessive delegation. *Registrar of Co-operative Societies v. K. Kunjabmu,* AIR 1980 **SC** 350: (1980) 1 SCC 340.

The Act virtually provides a complete Code for both election to the Board of Directors of the Co-operative movement; and the resolving of election disputes in appellate forum. The object is to promote self help, non-profit motive and democratic

legislative papers-For Statement of Objects and Reasons, See the B & 0. Gazette **1934,** Pt. V. p. 106; for report of the Select Committee, see ibid, 1935 Pt. V, p. 65; and for proceeding in Council, see B & 0, Legislative Council Debates, Vol. XXXI, p. 225 and Vol. **XXXII,** pp 603 and 665.

local Extent-See sl. (2).

2. Omitted by Act 5 of 1989.

working thereof evidenced by electoral process. *Chandeshwar Prasad vs. State of Bihar,* 1987 PLJR 159 (FB.) :1987 BRLJ 55 :AIR 1987 Pat 208.

Co-operative Societies Act cannot be challenged on the ground that the protection afforded by Article 31 A (1)(c) was not available to co-operative societies. Protection of Article 31 (1) (c) cannot be said to be not available on the ground that interest of co-operative,society may not necessarily be in public interest. *Daman .Singh vs. State of Punjab,* AIR 1985 SC 973.

Power to order amalgamation of a co-operative society of which an individual is a member, with another society cannot Be remotely held to offend the dignity of a human being so as to offend the basic structure of the Constitution within the meaning of Article *20ibid.*'.. "

An exemption granted in favour of all buildings belonging to Co-operative societies from the provisions of Rent Control Laws cannot be said to be discriminatory and violative of Article 140 of Constitution of India. *S.M. Mahendra vs. State ofTamil Nadu,* AIR 1985 SC 270 : (1985) 1 SCC 395.

In a field where both Central and State legislation is envisaged under the constitution, the fact of legislation by Parliament does not necessarily mean that the field has become occupied, thereby ousting the State Legislature's competence to pass any law in respect of the matter. Both Central and State Acts can operate in the same field if they are. not found to be repugnant or inconsistent with each other. *Mohan Mishra vs. State of Bihar,* 1996 (2) PLJR 171. ,

